R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -267 | ग्वालियर, बुधवार, 8 मई 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

# आपके वोट ने भारत को पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत बनाया, दुनिया में बढ़ाया भारत का दबदबा : मोदी

## प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के खरगोन और धार में आयोजित विशाल जनसभाओं को किया संबोधित



भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के खरगोन और धार में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे आज जनता से विकसित भारत के संकल्प के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं। सदियों से ये क्रम चल रहा है कि नर्मदा तट पर रहने वाला कभी भी मांगने वाले को निराश नहीं करता है। मैंने लाल किले से कहा था सबका प्रयास, देश सबके प्रयास और परिश्रम से ही आगे बढ़ेगा और आज देश जनता के समग्र प्रयासों से आगे बढ़ रहा है। जनता की दिन रात की मेहनत ही देश की ऊर्जा को बढ़ाती है और जब इस ऊर्जा को जनता के एक वोट की ताकत मिलती है तो देश का कायाकल्प होने लगता है।

प्रधानमंत्री मादी ने कहा, जनता के वोट ने भारत को पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत बनाया, दुनिया में भारत का दबदबा बढ़ाया, 70 वर्ष बाद अनुच्छेद 370 हटाया, एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया, महिलाओं को आरक्षण का हक दिलवाया, भ्रष्टाचारियों को जेल भिजवाया, मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज की गारंटी दी, युवाओं के भविष्य को संवारा, अपार अवसर खड़े कर दिए और 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाल दिया। जनता के एक वोट की ताकत ने 500 वर्षों की प्रतीक्षा खत्म कर भगवान राम का भव्य मंदिर बना दिया और ये तो सिर्फ ट्रेलर है अभी तो बहुत कुछ करना बाती है।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वाले सिर्फ अपनी विरासत बचाने के लिए और अपने बच्चों को अपनी पार्टी सौंप कर जाने के लिए ही चुनाव लड़ रहे हैं। इन्हें जनता के सुख-दुःख से कोई फर्क नहीं पड़ता। गठबंधन के नेता ÷अपना काम बनता और भाड़ में जाए जनता÷ के सिद्धांत पर चलते हैं। आज भारत इतिहास के एक अहम मोड़ पर खड़ा है और जनता को ये तय करना है कि भारत में वोट जिहाद चलेगा या राम राज्य। पाकिस्तान में आतंकी भारत के खिलाफ जिहाद की धमकी दे रहे हैं और भारत के कांग्रेस के नेताओं ने भी मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करने की घोषणा कर दी है अर्थात एक खास धर्म के लोगों को एकजुट होकर मोदी के खिलाफ वोट करने को कहा जा रहा है। हताशा और निराशा ने कांग्रेस को उसके निम्नतम स्तर पर ले जाकर पटक दिया है। जनता को वोट जिहाद मंजूर नहीं है और भारत का संविधान भी इस जिहाद के लिए अनुमति नहीं देता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की बातें सुनकर समझा जा सकता है कि कांग्रेस की साजिश अत्यंत खतरनाक है। कांग्रेस नेताओं ने राम मंदिर जाने वाली एक कांग्रेस नेत्री को इतना प्रताड़ित किया कि उन्हें कांग्रेस ही छोड़नी पड़ गई। इसके अलावा कांग्रेस छोड़ने वाले अन्य नेताओं ने बताया है कि कांग्रेस पर माओवादियों ने कब्जा कर लिया है, राहुल गांधी का इरादा शाहबानो केस के निर्णय की तरह राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का है और पिछले दो वर्षों से कांग्रेस मोदी पर झूठे आरोप लगाने की बड़ी साजिश में जुटी है इसीलिए आज कल संविधान को लेकर झूठ फैलाया जा रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन को न देश की आस्था की परवाह है और न ही देश हित की, ये लोग सिर्फ राष्ट्रविरोधी बातें करते हैं। मतदान के चरण जैसे- जैसे गुजर रहे हैं, वैसे-वैसे कांग्रेस का पाकिस्तान प्यार परवान चढ़ रहा है। पंजाब के पूर्व कांग्रेसी मुख्यगमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा है कि भारतीय सेना ही आतंकी हमले करती है और पाकिस्तान निर्दोष है। देश का कोई भी नागरिक देश की सेना का ये अपमान नहीं सह सकता। कांग्रेस के एक अन्य बड़े नेता ने तो मुंबई आतंकी हमले में भी पाकिस्तान को निर्दोष ठहरा दिया। इस बात को तो भारत क्या पूरे विश्व का कोई व्यक्ति नहीं मान सकता।

नरेंद्र मोदी का कहना रहा, कांग्रेस के सहयोगी दल के नेता फारुख अब्दुल्ला तो भारत को धमकी दे रहे हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं। राहुल गांधी को इसका उत्तर देना होगा और बताना होगा कि पाकिस्तान से इतनी मोहब्बत और सेना से इतनी नफरत के पीछे की मंशा क्या है। इसीलिए जनता कहती है कि कांग्रेस का हाथ-पाकिस्तान जिंदाबाद। कांग्रेस को लगता है कि पाकिस्तान प्रेम दिखाकर अपनी वोटबैंक की राजनीति मजबूत कर लेगी लेकिन इनकी जमानत तक बचना मुश्किल है।

उन्होंने कहा कि हार की हताशा में कांग्रेस एक नई अफवाह उड़ा रही है कि मोदी को 400 सीटें मिल गईं तो वो संविधान बदल देगा। ऐसा लगता है जैसे कांग्रेस वालों की बुद्धि पर वोट बैंक का ताला पड़ गया है। 2014 से 2019 और 2019 से 2024 तक मोदी के पास एनडीए के रूप में 400 सीटों का समर्थन रहा ही है। मोदी ने 400 सीटों का इस्तेमाल 370 हटाने, एससी एसटी के आरक्षण को 10 वर्ष आगे बढ़ाने, एक आदिवासी बेटी को पहली बार देश का राष्ट्रपति बनाने और महिला आरक्षण के लिए किया। मोदी को 400 सीटें चाहिए जिससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हर साजिश को रोक लग सके, कश्मीर में 370 फिर से न लागू कर सके, अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला न लगा दे, देश की खाली जमीन और द्वीप दूसरे देशों को सौंप न दे और अनुसूचित जाति-जनजाति और ओबीसी के आरक्षण डाका न डाल पाए।

# जिले में शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से मतदान सम्पन्न



### प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ग्वालियर जिले में सायंकाल 6 बजे तक लगभग 60.97 प्रतिशत मतदान का अनुमान

ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में सायंकाल 6 बजे तक लगभग 61.93 प्रतिशत मतदान

ग्वालियर / लोकसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिले में मंगलवार 7 मई को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। 03-ग्वालियर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ग्वालियर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र और शिवपुरी जिले के करैरा (अजा) व पोहरी विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। मतदान समाप्ति के बाद मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ग्वालियर जिले में सायंकाल 6 बजे तक मतदान का प्रतिशत लगभग 60.97 रहा है, जबकि ग्वालियर संसदीय क्षेत्र का मतदान प्रतिशत सायंकाल 6 बजे तक लगभग 61.93 अनुमानित है। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में डाले गए वोटों की वास्तविक जानकारी मतदान दलों से प्राप्त होने के बाद मतदान का सही-सही प्रतिशत सामने आयेगा।

सायंकाल 6 बजे तक ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में शामिल ग्वालियर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण में 64.79 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ग्वालियर का मतदान प्रतिशत 58.68, ग्वालियर पूर्व का मतदान प्रतिशत 55.09, ग्वालियर दक्षिण का मतदान प्रतिशत 60.64, भितरवार का मतदान प्रतिशत 62.54 एवं डबरा (अजा) में लगभग 66.46 प्रतिशत मतदान अनुमानित है। इसी प्रकार शिवपुरी जिले के करैरा विधानसभा क्षेत्र में सायंकाल 6 बजे तक 66.23 एवं पोहरी में 63.67 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान है।

ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में सायंकाल 6 बजे विधानसभा क्षेत्र वार मतदान का प्रतिशत

### विधानसभा क्षेत्र का मतदान का प्रतिशत पुरूष महिला कुल

14-ग्वालियर ग्रामीण 67.53 61.64 64.79

15-ग्वालियर 60.31 56.87 58.68

16-ग्वालियर पूर्व 56.83 53.14 55.09

17-ग्वालियर दक्षिण 63.47 57.62 60.64

18-भितरवार 65.37 59.42 62.54

19-डबरा (अजा.) 69.84 62.72 66.46

कुल योग ग्वालियर जिला 63.43 58.24 60.97

23-करैरा (अजा.) 68.97 63.12 66.23

24-पोहरी 65.65 61.42 63.67

कुल योग 03 ग्वालियर संसदीय क्षेत्र 64.38 59.20 61.93



# मतदान केदो पर मुस्तैद रही लहार पुलिस शांती पुर्ण हुआ मतदान संपन्न

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान मो,8889486368

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय ड्रॉ असित यादव जी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव पाठक जी तथा एसडीओपी महोदय लहार श्री प्रवीण त्रिपाठी जी के नेतृत्व में थाना प्रभारी लहार रविंद्र शर्मा, ह्यद्ध ध्यानेंद्र यादव सीआरपीएफ की चार्ली कंपनी के बल के साथ लहार के सभी 84 मतदान केदो पर पुलिस पार्टियों द्वारा लगातार भ्रमण कर दुरुस्त व्यवस्था बनाए रखी है जहां शांति से चला मतदान निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रशासन और पुलिस की समय समय पर जारी होती रही अपील पुलिस और प्रशासन की सजगता और सक्रियता से लहार के 84 मतदान केन्द्रों पर शांती पूर्ण रूप से हुआ मतदान संपन्न।

## कलेक्टर-एसपी ने चैनपुरा में डाला वोट

श्योपुर ब्यूरो कमल अग्रवाल

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लोकेश कुमार जांगिड तथा पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद द्वारा श्योपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्र. 97 शासकीय माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा बगवाज पहुंचकर अपने वोट डाले।



कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड कलेक्ट्रेट कार्यालय से सुबह 7 बजे मतदान करने के लिए मतदान केन्द्र पहुंचे तथा मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपना वोट डाला। पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद भी दोपहर के समय मतदान केन्द्र पर मतदान करने पहुंचे तथा बूथ क्रमांक 97 पर वोट डाला। कलेक्टर एवं एसपी ने वोट डालकर अपने बाए हाथ की अंगुली में लगे अमिट स्याही के निशान को दिखाकर जिलेवासियों से रिकार्ड तोड मतदान की अपील की गई। इस अवसर पर मतदान केन्द्र के बीएलओ श्री वीरेन्द्र शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## लहार नगर में 9 मई को धुमधाम से मनाई जाएगी महाराणा प्रताप की जयंती*

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

लहार नगर में 9 मई को बडे हर्षोल्लास के साथ धुमधाम से मनाई जाएगी वीर शिरोमणि महाराजा श्री महाराणा प्रताप की जयंती के इस कार्यक्रम में मिहोना के जमुवाय माता मंन्दिर से विशाल रैली निकाली जायेगी एवं अन्य प्रोग्राम भी रखे जायेंगे क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की विधीवत अनुमति लहार प्रशासन से ले ली गई है क्षत्रिय समाज के यूवा एवं वरिष्ठ जन कार्यक्रम की तैयारी में एकजुट होकर जुट गए हैं इस आयोजन को लेकर उत्तर प्रदेश के जालोन में भी क्षत्रिय मां भवानी राजपुताना संघ की वैठक आयोजित हुई जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने की रुपरेखा सुनिश्चित की गई क्षत्रिय मां भबानी राजपुताना संघ के जिला प्रभारी अनुपम सिंह राजावत ने सर्व समाज से करबद्ध अनुरोध करते हुए कहा की आपसी मतभेद भुलाकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर वीर शिरोमणि महाराजा श्री महाराणा प्रताप की जयंती मनाकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करें

# जन ने किया अपने मत का प्रयोग

मुंगावली/ तीसरे चरण के मतदान में लोगो ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मत का प्रयोग लोकतंत्र को मजबूत करने में दिया।

चिलचिलाती धूप होने के बाद भी लोगो में उत्साह भरपूर देखने को मिला, हालाकि ग्रामीण स्तर की बात की जाए तो अधिकांश लोगो ने सुबह मतदान किया इसके बाद सारे घर के कार्य किए।

### मुंगावली आदर्श मतदान केंद्र और पिंक बूथ बनाए गए

मुंगावली में नगरपरिषद ग्राउंड में मतदान के लिए आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था जिसमे उत्तम साज सज्जा बैठने की पर्याप्त व्यवस्था , शुद्ध पानी, सेल्फी प्वाइंट, और शरबत की व्यवस्था स्टैट बैंक मुंगावली की ओर से गई थी, इसके अलावा दिव्यांग बिकलांगो के लिए पोलिंग बूथ तक आने के लिए सारे प्रबंध रखे गए थे।

पिंक बूथ शासकीय कन्या शाला चंदेरी रोड पर बनाए गए थे जिसमे मातृ शक्ति अपनी ड्यूटी को बखूबी करती दिखाई दी।नगर परिषद की अध्यक्ष नीतू नरेश ग्वाल ने भी अपने मत का प्रयोग किया और नगरबबासियो से अधिक से अधिक मत प्रयोग करने का आग्रह किया गया।

### ड्यूटी पर तैनात जवान को आया अटैक, सिविल अस्पताल में कराया भर्ती



जबलपुर से आए एक जवान को अपनी ड्यूटी के समय सीने में दर्द की शिकायत आई और देखते ही देखते उसकी हालत खराब होती चली गई, परंतु मलहरगढ चौकी प्रभारी अमर सिंह धाकड़ और मुंगावली थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर ने अपनी मुस्तैदी दिखाई और जवान को सिविल हॉस्पिटल में समय रहते भर्ती कराया, उक्त जवान का इलाज बहा पर मौजूद डॉक्टर ने अपनी मुस्तैदी से किया, उक्त जबान की ड्यूटी ग्राम टांडा जो मुंगावली से करीब बीस किलोमीटर की दूरी पर है उसी ग्राम में थी और जैसे ही ड्यूटी पर तैनात जवान की तबियत बिगड़ी उसकी जानकारी जिले में आला अधिकारियों को दी गई, स्थानीय अधिकारियों और डॉक्टर की सूझबूझ से एक जवान को उपचार समय से उपलब्ध हुआ, हालाकि शाम तक जबान की स्थिति में काफी सुधार देखने को मिला।

### मुंगावली विधानसभा के ग्राम ढिमरौली के आदिवासी समुदाय ने मतदान की किया था बहिष्कार

मुंगावली विधानसभा के ढिमरोली ग्राम के आदिवासी और अन्य परिवारों ने मतदान का बहिष्कार किया, मतदाताओं ने मतदान वाले दिन सुबह से कहा रोड नही तो वोट नही।

प्रशासनिक अधिकारियों की भारी मशक्कत के बाद आदिवासी समुदाय माना और दोपहर दो बजे वोट किया, हालाकि वोट डालने आए मतदाताओं ने राशन न मिलने की बात कही और आज तक उज्बला योजना का लाभ उन्हें नही मिला यह बताया। ग्रामीणों ने कहा कि कुटी और मूलभूत सुविधा से हम सभी को आज तक वंचित किया गया , इस बीच एस डी एम मुंगावली बरुण अवस्थी ने समझाया और तब जाकर कही ग्रामीण अपने मत का प्रयोग करने गए।

# जो माँ- बाप अपने बच्चों को सत्य और असत्य का ज्ञान नहीं देते है वो अपने बच्चों के सबसे बड़े शत्रु होते है

## नंद घर आनन्द बहो जय कन्हैया लाल की आबाज से गूंज उठा पंडाल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र

दौलतगंज स्थित राजा बाक्षर की गोठ श्री राजा बाक्षर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने बताया कि जो मनुष्य अपने जीवन में जिस प्रकार को कर्म करता है उसे वैसा ही फल प्राप्त होता हैं. सत्संग में जाने से मनुष्य को इस बात का ज्ञान होता है कि उसे कौन से कार्य करना चाहिए । बिना सत्संग का श्रवण किए मनुष्य का विवेक जागृत नहीं हो सकता है। मनुष्य को कभी भी दूसरों को नुकसान पहुंचा कर अपना भला नहीं करना चाहिए

जो भी माँ- बाप अपने बच्चों को सत्य और असत्य का ज्ञान नहीं देते है वो अपने बच्चों के सबसे बड़े शत्रु होते है। मनुष्य को अपने जीवन में कभी भी अनैतिक कार्य जैसे कि जीव हत्या, मद्धपान, जुआ, बड़ो का अनादर नहीं करना चाहिए। मनुष्य को जीवन में कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए





### कथा में बड़े धूम धाम से भगवान कृष्ण का जन्म हुआ

आगे महाराज जी ने बताया जो भी मनुष्य सिहांसन के लिए अपने धर्म का अपमान करता है वो किसी का भी भला नहीं कर सकता है। जो भी मनुष्य कृष्ण का नाम अपने मुख से लेता रहता है और सच्चे मन से उनकी पूजा करता है उसके सारे पापों का नाश हो जाता है इस अवसर पर महंत चरण सूर्यवंशी तथा कथा परीक्षित अनीता सुरेश बंसल एवं उनके परिवार ने श्रीमद् भागवत पुराण की महा आरती की

केसरिया हिन्दुस्तान

# चाचौड़ा के 159 नं पोलिंग बूथ पर ज्योति नामदेव (स्वाति) पत्नि शिवम नामदेव ने 23 वर्ष की उम्र मे पहली बार मतदान कर अपने मत का किया प्रयोग

*चाचौड़ा से शिवम नामदेव की रिपोर्ट*




लोकसभा चुनाव को लेकर संपूर्ण भारतवर्ष मे तीसरे चरण का मतदान हो रहा है भारत देश के मध्यप्रदेश मे राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के चांचौड़ा के 159 पोलिंग बूथ पर ज्योति नामदेव (स्वाति) पत्नि शिवम नामदेव ने 23 वर्ष की उम्र मे पहली बार मतदान कर अपने मत का प्रयोग किया और जब उनसे पूछा गया कि आपने अभी तक इसके पहले मतदान क्यो नही किया तो उन्होंने बताया कि अभी तक मतदान करने के लिए उनको कभी भी किसी ने प्रेरित नही किया इस बार उन्होंने अपने ससुर श्री सत्यनारायण नामदेव की बात मानी और 159 नं पोलिंग बूथ पर मतदान करने पहुँची एवं उन्होंने सरकार बनाने के लिए राष्ट्र हित मे पहली बार अपने मत का उपयोग कर मतदान किया और इसके साथ ही उन्होंने सभी माताओ बहनो से भी अधिक से अधिक मतदान करने की भी अपील की इसके साथ ही हम आपको बता दे राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी रोडमल नागर है तो वही कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी दिग्विजय सिंह है जिसको लेकर दोनों उम्मीदवारों में कांटे की टक्कर बताई जा रही है और अभी तक वोटिंग भी दोनों की बराबर हुई है वही समस्त मतदाताओं में भी मतदान करने के प्रति काफी जागरुकता दिखाई दे रही है इस भीषण गर्मी में भी सभी मतदाता अपने घरों से निकाल कर मतदान करने मतदान केंद्र पहुंच रहे हैं और अपने मत का भरपूर उपयोग कर रहे है वही हम आपको बता दें कि इस बार काफी सारे नए मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग कर मतदान केंद्र पर पहुंचकर मत दिया है वहीं दोनो पार्टी के कार्यकर्ता भी अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में मत कराने के लिए जमकर मेहनत कर रहे है वहीं कुछ नए मतदाताओं से जब हमारे संवाददाता नहीं चर्चा की तो पता चला कि दोनों ही प्रत्याशी काफी मजबूत स्थिति में है और काफी जिम्मेदार एवं अनुभवी है इसलिए किसी के बारे में भी कुछ भी बोलना सही नहीं है लेकिन कुछ युवा मतदाताओं का कहना है कि ÷हम उनको लेंगे जो राम को लाए हैं÷ वहीं कुछ और भी मतदाताओं से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि हम उनको लेंगे जो हमारे बारे में हमारे बच्चों के बारे में एवं हमारे परिवार के बारे में सोचेगा और जो बेरोजगारों को रोजगार देगा हम उनको लेकर आएंगे जब मतदाताओं से जानना चाहा कि आपने किसको अपना मत दिया है तो उन्होंने बताया कि हमने अपना मत अपने भविष्य के लिए दिया है और हमको विश्वास है कि हमारा मत हमारे भविष्य के लिए अच्छा होगा वहीं सभी पोलिंग बूथो पर प्रशासन की काफी अच्छी व्यवस्था रही और शांतिपूर्वक तरीके से सभी पोलिंग भूतों पर मतदान हुए

# विनाश काले विपरीत बुद्धि

***महाराणा प्रताप जी के अपमान ने बदला लोकसभा चुनाव का रुख।***

***क्या इंडिया गठबंधन पर भारी पड़ेगा महाराणा प्रताप जी का अपमान?***

*(यूपी हैड देवेंद्र शर्मा देवू की कलम से)*



घास की रोटी खाकर अंग्रेजों से मेवाड़ की रक्षा के लिए लड़ने वाले वीर प्रतापी महाराणा प्रताप जी की मैनपुरी में स्थापित प्रतिमा पर चढ़ कर कुछ सपा के शरारती तत्वों द्वारा जो घृणित कार्य किया गया,उससे पूरे भारत में उनके अपमान से देश जनता को बहुत ही बड़ा आघात लगा है।बताते चले मैनपुरी में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी श्रीमती डिम्पल यादव जो कि सपा के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी हैं,के चुनाव प्रचार के लिए अखिलेश यादव की उपस्थिति में एक रोड शो निकाला गया था।रोड शो पूरे लावलश्कर के साथ डिम्पल यादव के समर्थन में नारेबाजी करते हुए चल रहा था।इसी बीच कुछ शरारती सपा समर्थक युवा चौराहे पर लगी वीर प्रतापी महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर सपा का झंडा लेकर चढ़ गए और उन्होंने उनकी प्रतिमा को क्षति पहुंचाने के साथ साथ उनकी प्रतिमा पर सपा का झण्डा लगा दिया। इस घटना की खबर आग की तरह फैल गई।समाजवादी पार्टी के ये युवक शायद यह भूल गए कि जिन्होंने अपने वतन की रक्षा हेतु अंग्रेजों से युद्व कर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी,शायद वे ये भी भूल गए गए कि इन्हीं जैसे देशभक्तों के द्वारा दिए गए बलिदान की बजह से आज हम सभी आजादी के नशे में चूर हैं, ऐसे बलिदानी सपूतों के अपमान पर पूरे देश में महाराणा प्रताप जी के अपमान के संदेश ने सभी भारतीयों को झकझोर कर रख दिया। *कहावत है कि विनाश काले विपरीत बुद्धि* यही इंडिया गठबंधन के साथ होता प्रतीत हो रहा है।वीर प्रतापी महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा का मैनपुरी मे हुए अपमान से देश की जनता बहुत क्षुब्ध है।ऐसा प्रतीत होता है, कि सपा के शरारती तत्वों द्वारा महाराणा प्रताप जी के साथ किए गए अपमान का बदला लोकसभा चुनाव में जनता अवश्य देगी।जिसको इंडिया गठबंधन को भुगतना पड़ेगा।



## खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग ने तेंदूखेड़ा नगर की किराना दुकानों,दूध डेयरी एवं मिष्ठान भंडार का किया औचक निरीक्षण

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत एस.डी.एम. तेंदूखेड़ा अविनाश रावत एवं डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने निरीक्षण कार्यवाही करते हुए तेंदूखेड़ा नगर की विभिन्न किराना दुकानों, दूध डेयरी एवं मिष्ठान भंडार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण किए गए खाद्य प्रतिष्ठानों में भाग्यश्री किराना, महावीर किराना, पारस किराना, आशीष किराना, खुराना दूध डेयरी, राजा मिष्ठान भंडार सहित आधा दर्जन से अधिक दुकानें शामिल हैं। बस स्टैंड स्थित राजा मिष्ठान भंडार से गुजराती नमकीन एवं खुराना डेयरी से दही एवं मट्ठा छाछ के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सभी दुकानों में एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री की जांच की गई। सभी दुकानदारों को किसी भी प्रकार की एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री का विक्रय एवं भंडारण नहीं करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान परिसर में फ़ूड लाइसेंस की प्रति लगी हुई पाई गई। फूड सेफ्टी डिस्प्ले

## आज होगा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

दमोह (केसरिया हिंदुस्तान प्रतिनिधि) आज विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया इस अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा द्वारा जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा । वृद्ध आश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 11 से दोपहर 2 तक किया जाएगा

## चाचौड़ा के 159 नं पोलिंग बूथ पर ज्योति नामदेव (स्वाति) पत्नि शिवम नामदेव ने 23 वर्ष की उम्र मे पहली बार मतदान कर अपने मत का किया प्रयोग

*चाचौड़ा से शिवम नामदेव की रिपोर्ट*

लोकसभा चुनाव को लेकर संपूर्ण भारतवर्ष मे तीसरे चरण का मतदान हो रहा है भारत देश के मध्यप्रदेश मे राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के चांचौड़ा के 159 पोलिंग बूथ पर ज्योति नामदेव (स्वाति) पत्नि शिवम नामदेव ने 23 वर्ष की उम्र मे पहली बार मतदान कर अपने मत का प्रयोग किया और जब उनसे पूछा गया कि आपने अभी तक इसके पहले मतदान क्यो नही किया तो उन्होंने बताया कि अभी तक मतदान करने के लिए उनको कभी भी किसी ने प्रेरित नही किया इस बार उन्होंने अपने ससुर श्री सत्यनारायण नामदेव की बात मानी और 159 नं पोलिंग बूथ पर मतदान करने पहुँची एवं उन्होंने सरकार बनाने के लिए राष्ट्र हित मे पहली बार अपने मत का उपयोग कर मतदान किया और इसके साथ ही उन्होंने सभी माताओ बहनो से भी अधिक से अधिक मतदान करने की भी अपील की इसके साथ ही हम आपको बता दे राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी रोडमल नागर है तो वही कांग्रेस पार्टी से प्रत्याशी दिग्विजय सिंह है जिसको लेकर दोनों उम्मीदवारों में कांटे की टक्कर बताई जा रही है और अभी तक वोटिंग भी दोनों की बराबर हुई है वही समस्त मतदाताओं में भी मतदान करने के प्रति काफी जागरुकता दिखाई दे रही है इस भीषण गर्मी में भी सभी मतदाता अपने घरों से निकाल कर मतदान करने मतदान केंद्र पहुंच रहे हैं और अपने मत का भरपूर उपयोग कर रहे है वही हम आपको बता दें कि इस बार काफी सारे नए मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग कर मतदान केंद्र पर पहुंचकर मत दिया है वहीं दोनो पार्टी के कार्यकर्ता भी अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में मत कराने के लिए जमकर मेहनत कर रहे है वहीं कुछ नए मतदाताओं से जब हमारे संवाददाता नहीं चर्चा की तो पता चला कि दोनों ही प्रत्याशी काफी मजबूत स्थिति में है और काफी जिम्मेदार एवं अनुभवी है इसलिए किसी के बारे में भी कुछ भी बोलना सही नहीं है लेकिन कुछ युवा मतदाताओं का कहना है कि ÷हम उनको लेंगे जो राम को लाए हैं÷ वहीं कुछ और भी मतदाताओं से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि हम उनको लेंगे जो हमारे बारे में हमारे बच्चों के बारे में एवं हमारे परिवार के बारे में सोचेगा और जो बेरोजगारों को रोजगार देगा हम उनको लेकर आएंगे जब मतदाताओं से जानना चाहा कि आपने किसको अपना मत दिया है तो उन्होंने बताया कि हमने अपना मत अपने भविष्य के लिए दिया है और हमको विश्वास है कि हमारा मत हमारे भविष्य के लिए अच्छा होगा वहीं सभी पोलिंग बूथो पर प्रशासन की काफी अच्छी व्यवस्था रही और शांतिपूर्वक तरीके से सभी पोलिंग भूतों पर मतदान हुए

# प्रयागराज 52 से कांग्रेस प्रत्याशी कुँवर उज्ज्वल रमण सिंह के लिए महिलाओं ने झोंकी ताकत : सत्यभामा मिश्रा

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को गांव गांव में मिल रहा भरपूर समर्थन : पूनम सिंह पटेल

शंकरगढ़(प्रयागराज) प्रयागराज 52 संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन (कांग्रेस) पार्टी प्रत्याशी कुँवर उज्ज्वल रमण सिंह का जनसंपर्क जोरों पर है । महिलाओं ने भी ताकत झोंक दी हैं । समाजवादी पार्टी महिला सभा जिला अध्यक्ष प्रयागराज सत्यभामा मिश्रा व समाजवादी पार्टी महिला सभा बारा विधानसभा अध्यक्ष पूनम सिंह पटेल की अगुवाई में महिलाओं की टोली गांव - गांव जाकर इंडिया गठबंधन सरकार की नीतियों को बता कर इस बार इंडिया गठबंधन (कांग्रेस) की सरकार बनाने की अपील कर रही है । प्रयागराज 52 संसदीय क्षेत्र में 25 मई को मतदान है । ऐसे में प्रचार के लिए पन्द्रह दिन ही शेष बचे हैं । सभी प्रत्याशी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं । प्रयागराज 52 संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन (कांग्रेस) प्रत्याशी कुँवर उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में महिलाओं की टोली प्रचार अभियान में जुट गई है । प्रयागराज 52 संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव - गांव में पहुंचकर महिलाएं लोगों से



इंडिया गठबंधन (कांग्रेस) प्रत्याशी कुँवर उज्ज्वल रमण सिंह के लिए वोट मांग रही हैं । कांग्रेस शासनकाल में कानून व्यवस्था ,महिला सुरक्षा , युवा रोजगार ,क्षेत्र का विकास आदि की बेहतरीन सुविधा का हवाला देकर जन सहयोग मांगा जा रहा है । प्रयागराज 52 संसदीय क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान हो, इसके लिए भी महिलाएं जनता से अपील कर रही हैं । वहीं देश में दस साल तक रही भाजपा शासन काल को याद दिलाते हुए जमकर बरसी । कहा की दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को भाजपा सिर्फ वोट बैंक मजबूत करने के लिए याद करती है । बाकी भाजपा शासनकाल में दलितों और पिछड़ों का कितना भला किया है शायद यह हर मतदाता जान रहा है । ऐसे में मतदाताओं को चाहिए कि वह मतदान के दिन अपने बूथों में पहुंचकर मतदान करें । जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ सके । इस दौरान समाजवादी पार्टी महिला सभा जिला अध्यक्ष प्रयागराज सत्यभामा मिश्रा , समाजवादी पार्टी महिला सभा बारा विधानसभा अध्यक्ष पूनम सिंह पटेल , समाजवादी पार्टी महिला सभा चाका ब्लाक अध्यक्ष सुधा यादव , सरिता यादव , संतरा देवी आदि दर्जनों महिला कार्यकर्ता मजूद रही ।

# पत्नी को मौत के घाट उतारने वाले पति को उम्रकैद

***सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सुनाया फैसला***

*ब्यूरो रिपोर्ट - पवन पाण्डेय*

चित्रकूट - घर में सो रही पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने के बाद गांव के विरोधियों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही ?10000 अर्थदंड से दंडित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाना क्षेत्र के खजुरिहा कला गांव के निवासी रामराज कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार 29 नवंबर 2020 की रात उसके घर में घुसकर गांव के कुछ लोगों ने उसकी पत्नी संगीता देवी की हत्या कर दिया। उसने बचाने की गुहार लगाते हुए शोरगुल किया तो हमलावर उसे भी घसीट कर ले जाने लगे। इस दौरान पत्नी की लाश देख कर वह बेहोश हो गया। वादी ने इस मामले में अपनी भाभी गायत्री देवी व संतोष कुशवाहा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आए थे कि वादी रामराज कुशवाहा ने ही अपनी पत्नी की हत्या की है। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद से अब तक हत्यारोपी रामराज जेल में बंद है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी रामराज को आजीवन कारावास की सजा के साथ 10हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# गुलदार ने अलग -अलग 2 स्थानों पर हमला कर 1 गोवंश व 1 बकरे को अपना निवाला बना लिया



नगीना । क्षेत्रीय रेंजर पर हमले के बाद वन विभाग द्वारा ग्राम ज्ञानपुर में गुलदार को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा अभी तक खाली पड़ा है कोई भी अधिकारी पिंजरे को देखने तक नहीं पहुचा है इसी बीच गुलदार ने रविवार को ग्राम ज्ञानपुर में ही घनी आबादी में घुसकर शिवकुमार की गौशाला में बंधी गाय की बछिया पर हमला कर उसे मार डाला और उसे खा गया, दूसरी घटना मे रविवार की रात को ही नगर को मौहल्ला कलालान में.हनीफ के घर में घुसकर गुलदार ने वहां बंधे बकरे को निवाला बनाते हुये उसे मार डाला हनीफ के परिजनों का कहना था कि बकरे को गुलदार ने ही मार दिया सूचना मिलने पर वन दारोगा धर्मेंद्र कुमार वन कर्मी लाल सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# अस्थमा व दमा लाईलाज नहीं : डा. नरेश ग्रोवर

## रोटरी क्लब अमृतसर वैस्ट द्वारा वर्ल्ड अस्थमा डे मनाया गया

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, कुलदीप कुमार ब्यूरो अमृतसर पंजाब*

एलर्जी एवं बच्चों के माहिर रोटेरियन का नरेश ग्रोवर की अध्यक्षता में रोटरी क्लब अमृतसर वैस्ट द्वारा आयोजित एक सैमिनार मे डा0 ग्रोवर ने बताया की (ड्ड॥ह्र) विश्व स्वास्थय संगठन द्वारा वर्ष 1993 से अस्थमा के प्रति जागरूकता की मुहीम शुरू की गई, इसलिए हर वर्ष मई माह के पहले हफ्ते अस्थमा के मनाया जाता है।

डा नरेश ग्रोवर जो कि बच्चों की एलर्जी एवं दूमा के असंख्य मरीज ठीक कर चुके हैं, उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि बच्चों में दमा व अस्थमा के कैसों में दिन-प्रतिदिन हो रही वृद्धि चिन्ता का विषय है। डस्ट माईट के कण, सीलन में पैदा होने वाले फफूंदी के कण, पालतू जानवरों के बाल व सिकरी, फूलों व वृक्षों के पराग आदि अस्थमा के कारण बन जाते हैं। सिगरेट व अगरबत्ती का धुंआ, कटाई के समय होने वाली धूल व नाड को




जलाने से बढ़ने वाला प्रदूशण, ड्रीजन गाडीओं से निकलने वाला धुआ इत्यादि ऐलर्जी व दमा को बढ़ाने में व उसका अटैक पैदा कसे में मुख्य कारण बनते हैं।

डा संदीप अग्रवाल ने बताया कि इनहेलर व पम्प छाती की एलर्जी व दमा कंट्रोल करने का अच्छा विकल्प है। क्योंकि इनहेलर की दवाई बहुत कम मात्रा में सीधे फेफड़ों में जाती है। इसलिए एक तो इसका असर जल्दी होता है और दूसरा दवाई कम मात्रा में होने से इसका कोई साईड इफैक्ट नहीं होता। डा. ग्रोवर ने बताया कि एनट्रेलर के लगातार उपयोग से बच्चा खेल-कूद में भाग लेता है जो माता-पिता लम्बे समय तक इनहेलर नहीं देना चाहते वे एर्जी विशेषज्ञ से चैकअप व टैस्ट करवा कर एलर्जी के कारण का पता लगा सकते हैं। क्योंकि 80 ए से 90त्न बच्चे आधुनिक विधि इम्यूनोथैरेपी से नियंत्रण पा चुके है। इस विधि में ड्राप्स या इंजेक्शन लगा कर एलर्जी का सफल इलाज किया जा रहा है।

# रेलवे लगातार विन्ध्य की उपेक्षा कर रहा है : अजय सिंह

सीधी।

चुरहट विधायक अजय सिंह ने कहा है कि रेलवे लगातार विंध्य क्षेत्र की उपेक्षा कर रहा है। वह रीवा से होकर भोपाल सहित अन्यत्र जाने वाली रेल गाड़ियों में लगातार स्लीपर कोचों की संख्या धीरे.धीरे कम कर रहा है और एसी कोच की संख्या बढ़ा रहा है। इससे कम आय वर्ग वाले लोगों, विद्यार्थियों, मरीजों और गरीब यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। यहाँ के सांसद दिल्ली में रेलवे बोर्ड अथवा रेल मंत्री से मिलकर आम जनता की परेशानियों को दूर करने के लिये कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। उन्हें इसमें कोई रुचि नहीं है।



अजय सिंह ने कहा कि हजारों गरीब विद्यार्थी, उनके माता पिता और इलाज के लिये भोपाल आने. जाने वाले लोग रेवांचल से ही यात्रा करते हैं। आश्चर्य की बात है कि इतनी अधिक संख्या में लोगों के आवागमन को देखते हुए रेलवे बोर्ड स्लीपर कोच की संख्या बढाने की जगह उसे लगातार कम करता जा रहा है। यात्रियों को मजबूरन एसी का टिकट लेना पडता है। इसका किराया स्लीपर कोच से दो गुना से अधिक है, इस समय रेवांचल में स्लीपर का किराया 355 और सबसे सस्ते एसी इकानामी का 860 रूपये है। यात्री हलाकान होकर लगातार शिकायत कर रहे हैं।

श्री सिंह ने कहा कि पहले रेवांचल एक्सप्रेस में स्लीपर क्लास के 12 और जनरल के चार डिब्बे लगते थे। अब पिछले साल से स्लीपर के डिब्बे घटाकर छह कर दिए गए हैं वहीं एसी थ्री के आठ, एसी टू के दो और एसी वन का एक डिब्बा लगता है। गर्मी की छुट्टी और शादी के सीजन में यात्रियों की फ्जीहत हो रही है। स्लीपर की हालत सामान्य बोगी जैसी हो गयी है। शिक्षा और चिकित्सा का केन्द्र भोपाल होने के कारण हजारों विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाएं देने और पढ़ाई के लिये तथा बीमारों को इलाज के लिये भोपाल आना पडता है। उन्होंने कहा कि रेलवे को एक अन्य नियमित गाडी रीवा भोपाल रीवा के लिए जबलपुर के रास्ते चलाना चाहिये। यात्रियों की परेशानियों को दूर करने के लिए यही एकमात्र विकल्प है। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों को एक साथ मिलकर रेल मंत्रालय पर दबाव बनाना चाहिए।

# ग्रंथ विमोचन समारोह सम्पन्न

सीधी।

जिला मुख्यालय में दो-दो ग्रंथो का विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. ज्ञानवती अवस्थी प्राचार्य उच्च शिक्षा की उपस्थिती में सम्पन्न हुआ। इस भव्य समारोह की अध्यक्षता संस्कृत साहित्य के विद्वान आचार्य डॉ. प्रदीप कुमार पति त्रिपाठी ने की। विपुल संख्या में उपस्थित सुधी साहित्य प्रेमी अतिथियों के समक्ष हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. लहरी सिंह द्वारा विरचित चौदहवीं कृति शब्द ब्रम्ह श्रीमद् भागवत कथामृत उत्तरार्ध का लोकार्पण यादगार बन गया। इसी क्रम में डॉ शास्त्री प्रसाद मिश्र द्वारा रचित ओपन्यासिक कृति धरती की एक बेटी समीक्षा फ्लक पर का विमोचन अतिथियों ने किया।

डॉ. अनिल कुमार सिंह प्रोफेसर अंग्रेजी साहित्य ने कहा कि आज के समय में हो रहे जीवन मूल्यों के अधःपतन पर चिंता का विषय है। सब्द ब्रम्ह श्रीमद् भागवत कथामृत की सार्थकता पर गहन चिंतन प्रस्तुत किया। डॉ. शास्त्री प्रसाद मिश्र द्वारा लिखित समीक्षा ग्रंथ में निहित प्रजात्रांत्रिक मूल्यों का विवेचन किया। मधुसूदन पैलेस के संचालक जगत प्रताप सिंह




चौहान के सराहनीय सहयोग से आयोजन को परिपूर्ण बनाने में सफ्लता प्राप्त हुई। सचिव मटुकधारी सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष देवी चरण शर्मा, उपाध्यक्ष उमापति सिंह गहरवार ने सुनियोजित व्यवस्था की। प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार सिंह चौहान के सफ्ल संचालन की सराहना मंच से की गई। इस विमोचन सभा में नगर के लब्ध, प्रतिष्ठ, विद्वानों, प्राचार्यों, आचार्यों, वरिष्ठ शिक्षकों, नागरिकों, शोध छात्रों और चिन्मयी सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। ललन सिंह, संतोष सिंह गहरवार, देवेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेश कुशवाहा की भूमिका सराहनीय रही।

## विश्व रेडक्रास दिवस पर आज ले संकल्प, विवाह के पूर्व कुंडली के साथ हो रक्त परीक्षण -डॉ. बी.एल. मिश्रा

सीधी।

डॉ. बी.एल. मिश्रा एमडी मेडिसिन से.नि.क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें ने बताया कि थैलेसीमिया बीमारी बच्चों में होने वाली रक्त की विरली बीमारी है। जो उन्हें पैतृक रूप से माता.पिता से विरासत में प्राप्त होती है। इस बीमारी में आक्सीजन वाहक प्रोटीन हीमोग्लोबिन सामान्य से कम मात्रा मे हो जाता है। सामान्यतया जब बच्चे चिकित्सक के पास खून की कमी के इलाज हेतु आते हैं तो उनके रक्त परीक्षण में लाल रंग कोशिकाओं की संख्या, आकार या रंग में विसंगति से थैलेसीमिया बीमारी पकड़ में आ जाती है। इन बच्चों के रक्त में सीबीसी जांच व हीमोग्लोबिन इलेक्ट्रोफेरेसिस किया जाता है। इन मरीजों के शरीर में रक्त की कमी का कारण रक्त में उपस्थित लाल रक्त कोशिकाओं का जीवन काल सामान्यतया 120 दिवस होता है जो घटकर 20 से 25 दिन हो जाता है। विश्व थैलेसीमिया दिवस 2024 की थीम है. जीवन को सशक्त बनाना है, प्रगति को अपनाना। सभी को मिले न्याय संगत और सुलभ थैलेसीमिया उपचार। डॉ.मिश्रा द्वारा समाचार माध्यम से आमजनो से विनम्र अपील की गई है कि विवाह के पूर्व कुंडली जैसे मिलाई जाती है उसी ठंग से स्वस्थ्य समाज व परिवार निर्माण हेतु वर एंव वधु का रक्त परीक्षण भी अवश्य करायें। जिससे बीमारी का सही समय पर उपचार हो सके एवं आने वाली पीढ़ी को रोग मुक्त करने की दिशा में सार्थक पहल हो सके।



## निर्माण कार्यों में समय-सीमा तथा गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान -कलेक्टर

सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा विभिन्न निर्माण विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले की प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि सभी निर्माण कार्य अपने निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हो तथा कार्य उच्च गुणवत्ता के हो। निर्माण कार्यों में अंतर्विभागीय समन्वय से जुड़े विषयों को समय से प्रस्तुत करें जिससे कार्य किसी भी प्रकार से बाधित नहीं हो। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यों के पूर्ण होने की तिथि का स्पष्ट उल्लेख करें तथा चरणवार कार्यों के पूर्ण होने की तिथियों से उसकी निगरानी करें। कलेक्टर ने कहा कि जिन कार्यों में संविदाकारों की उदासीनता के कारण कार्य प्रभावित हो रहें हैं उनके विरूद्ध नियमानुसार जुर्माने एवं ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने बरसात के पूर्व सभी सड़कों के मरम्मतीकरण के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उनकी सीसी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर राजेश शाही, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एम के परते, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा हिमांशु तिवारी, जीएम एमपी आरडीसी अनूप मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीआईयू कौशल सिंह परते सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिवक्ता संघ के साथ की गई बैठक

सीधी । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 11 मई 2024 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। दिनांक 11 मई 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु दिनांक 07.05.2024 दिन मंगलवार को प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बीमा कंपनी के अधिवक्तागण तथा आवेदक अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

# कलेक्टर ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

## विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिला गौरवान्वित हुआ है - कलेक्टर श्री सोमवंशी

सीधी

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल की हाईस्कूल वर्ष 2024 की प्रदेश मैरिट में सीधी जिले के तीन विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। लली तिवारी पिता विनय कुमार तिवारी शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी, नीलेश कुमार शाहू पिता उमेश कुमार शाहू काशी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमिलिया और वरूण साकेत पिता वंशधारी साकेत श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमहा तीनों विद्यार्थियों को कुल 500 अंक में 486 अंक प्राप्त हुये और प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 9वॉ स्थान प्राप्त हुआ।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने तीनों मेधावी विद्यार्थियों को उनके माता-पिता और शिक्षकों को आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरा जिला गौरवान्वित हुआ है। इन्होंने अन्य विद्यार्थियों के लिए



अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। कलेक्टर ने विश्वास व्यक्त किया है कि आगामी वर्ष में सीधी जिले के कई विद्यार्थी प्रदेश की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाएंगे।

मेधावी छात्र वरूण साकेत भविष्य में आई.ए.एस. बनना चाहते है, नीलेश कुमार शाहू भी सिविल सर्विसेस में जाने की तैयारी अभी से कर रहे है। लली तिवारी डाक्टर बनना चाहती हैं।

सम्मान समारोह में अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल.मिश्रा, डी.पी.सी. राजेश तिवारी, ए.डी.पी.सी. प्रवीण शुक्ला, एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र, इन्द्रसेन त्रिपाठी, रामकृष्ण तिवारी मेधावी विद्यार्थियों के माता-पिता तथा तीनों विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



# पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु रात्रि में भी हैण्डपम्पों का किया जा रहा सुधार कार्य

### 2243 हैण्डपम्पों में डाली गई राइजर पाइप, 118 में लगाए गए सिंगल फेस पम्प – त्रिलोक सिंह

सीधी

सीधी जिले में हुई अल्प वर्षा व ग्रीष्म काल को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार त्रिलोक सिंह वरकड़े कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यान्त्रिकी विभाग सीधी के मार्गदर्शन में हैंडपम्प संधारण का कार्य सतत रूप से चल रहा है। दिन में अत्यधिक गर्मी होने के कारण आवश्यकता पड़ने पर रात्रि में भी सुधार कार्य किया जा रहा है। हैण्डपम्पों ने सुधार कार्य के साथ ही आवश्यकतानुसार राइजर पाइप भी हैण्डपम्पों में लगाए जा रहे हैं। जहां जल स्तर अधिक नीचे चला गया है वहाँ सिंगल फेस पम्प डाल कर ग्रामीणों को जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जिले के 5 विकासखंड में अब तक 21486 हैंडपम्प स्थापित हैं जिनमें से 20918 हैण्डपम्पों से जल उपलब्ध हो रहा है, 568 हैंडपम्प बंद हैं। एक मार्च से अभी तक 3719 हैंडपम्प में सुधार कार्य करवाया गया जा चुका है, 2243 ऐसे हैंडपम्प जिनका जल स्तर नीचे चला गया था इनमें 8178 मीटर राइजर पाइप डाली गयी। साथ ही साथ जहाँ जलस्तर ज्यादा नीचे होने की वजह से जल उपलब्ध नहीं हो रहा था ऐसे 118 हैंडपम्प में सिंगल फेस मोटर डाल कर जल उपलब्ध करवाया जा रहा है।




विकासखंड सीधी के 41, सिहावल के 31, रामपुर नैकिन के 18, मझौली के 19 तथा कुसमी के 9 हैण्डपम्पों में सिंगल फेस मोटर लगाए गए हैं। इसी प्रकार विकासखंड सीधी के 790, सिहावल के 386, रामपुर नैकिन के 468, मझौली के 316 तथा कुसमी के 283 हैण्डपम्पों में राइजर पाइप डाली गयी है। मार्च से अब तक विकासखंड सीधी के 1171, सिहावल के 766, रामपुर नैकिन के 734, मझौली के 586 तथा कुसमी के 462 हैण्डपम्पों का सुधार कार्य कराया गया है।

कार्यपालन यंत्री ने बताया कि पंचायतों के सतत संपर्क में रहकर पेयजल की स्थिति की निगरानी रखी जा रही है। साथ ही कंट्रोल रूम के माध्यम से भी खराब हैण्डपम्पों की जानकारी प्राप्त कर सुधार कार्य कराया जा रहा है।

# आरसेटी में बी पी दास ने किया निरीक्षण

सीधी

यूनियन बैंक के प्रशिक्षण केंद्र ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सीधी में अंचल प्रमुख भोपाल बी. पी दास, क्षेत्र प्रमुख रीवा अजय खरे, उपक्षेत्र प्रमुख-रीवा सौरभ पहड़िया, उपक्षेत्र प्रमुख-रीवा अमित कुमार सिन्हा द्वारा प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण सोमवार 06 मई को किया गया। उनके स्वागत कार्यक्रम मे सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख बी. पी दास एवं क्षेत्र प्रमुख अजय खरे एवं सभी अतिथियों द्वारा पौधरोपण किया गया।

अंचल प्रमुख भोपाल बी. पी दास छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करके स्वरोजगार स्थापित करें, उस दौरान वित्तीय सहायता के लिए अग्रणी जिला प्रबंधक, निदेशक एवं फैकल्टी से संपर्क करके बैंक लोन प्राप्त कर सकते हैं। क्षेत्र प्रमुख रीवा अजय खरे ने कहा कि आरसेटी के प्रशिक्षण स्वरोजगार के लिए संचालित होते है। यूनियन बैंक जिले का अग्रणी बैंक है एवं बैंक के व्योम ऐप से आनलाइन खाता खोलकर लोन आवेदन करने की आसान व्यवस्था से इसका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण की छात्राओं से चर्चा के साथ ही व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली एवं निदेशक शिवेन्द्र कुमार चौधरी द्वारा स्वागत करते हुए आरसेटी की कार्य प्रणाली की जानकारी अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत की गई। उक्त निरीक्षण में अग्रणी जिला प्रबंधक जगमोहन, पुष्पराज सिंह शाखा प्रबंधक कलेक्ट्रेट सीधी, विष्णु तिवारी शाखा प्रबंधक सीधी, अरविन्द पटेल शाखा प्रबंधक हड़बड़ों एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।






# कलेक्टर की अध्यक्षता में नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस कार्यक्रम की हुई बैठक

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम स्थानीय संपादक जितेंद्र व्यास**

नर्मदापुरम -- स्वास्थ्य विभाग नर्मदापुरम् के अंतर्गत दिनांक 7 मई को कलेक्टर की अध्यक्षता में रेवा सभा कक्ष में नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस (एन.क्यू.ए.एस) के संबंध में वैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ.दिनेश देहलवार सीएमएचओ,डॉ आर सी प्रजापति सिविल सर्जन , डॉ आलिया रूकसार, जिला क्वालिटी मैनेजर,अस्पताल प्रबंधक, डॉश.मिलन सोनी, क्वालिटी नोडल आफीसर एवं डॉ आर माहेश्वरी उपस्थित थे,

सीएमएचओ द्वारा अवगत कराया गया कि में 03 एंव 04 मई 2024 को भारत सरकार से आये दल द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया, जिसमें एन,.क्यू ए.एस. सर्टिफिकेशन के लिए मुख्य विभागों का मूल्यांकन किया गया, मूल्यांकन के दौरान भारत सरकार के दल के साथ, श्रीमति बबीता राठौर डिप्टी कलेक्टर, डॉ.दिनेश देहलवार, सीएमएचओ,डॉश्आर0सीश्प्रजापति, सिविल सर्जन, डॉ.आलिया रूकसार जिला क्वालिटी मैनेजर, एंव डॉ संजय



पुरोहित आरएमओ उपस्थित थे, जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण दल द्वारा किया गया, निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से प्रसव कक्ष,पेथौलॉजी, एक्सरे कक्ष, मेटरनिटी ओटी, एस.एन.सी. यू., हीमोडायलिसिस यूनिट, किचिन एवं लॉड्री में बेहतर सुविधायें एवं उचित दस्तावेज रखरखाव होने के कारण भारत सरकार के दलद्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। साथ ही शीघ्र ही जिला अस्पताल का ईटीपी प्लांन,पुराने जिला अस्पताल के भवन में मरम्मत कार्य, चिकित्सालय में विंकलॉग व्यक्तियों के लिए शौचालय का निर्माण, कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश भारत सरकार से आये दल द्वारा दिये गयें।

कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला अस्पताल के भवन में मरम्मत एवं अन्य कार्यों हेतु कार्ययोजना से अवगत कराया गया। कलेक्टर द्वारा सभी कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु सीएमएचओ एवं अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देश दिये गये। साथ ही बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में संचालित 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 01 सिविल अस्पताल, हेल्थ एंड बेलनेंस सेंटर को पूर्ण रूप सें निर्घारित गाईड लाईन अनुसार तैयार कर वर्षसमाप्ति के पूर्व एन.क्यू. ए.एस. में सटिफिकेशन कार्य समय -सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये, ताकि सभी संस्थाओं को राज्य स्तर से पुरुस्कृत किया जा सके ।

# लोकतंत्र के महापर्व में मतदान सम्पन्न कराकर लौटे मतदान दल

### जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने एमएलबी कॉलेज में पुष्पाहारों से किया आत्मीय स्वागत



ग्वालियर 0/ लोकसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिले में मंगलवार 7 मई को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। जिले के सभी 1680 मतदान केन्द्रों पर मतदान सम्पन्न कराने के बाद मंगलवार की देर शाम एमएलबी कॉलेज में मतदान दलों का आगमन शुरू हुआ। एमएलबी कॉलेज में मतदान दलों के पहुँचने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने पुष्पाहारों से आत्मीय स्वागत किया। साथ ही सभी दलों के प्रति आभार जताया।

अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव जैन, अपर आयुक्त नगर निगम श्री विजयराज तथा सभी विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ ने भी मतदान दलों का स्वागत किया।

एमएलबी कॉलेज में मतदान दलों से ईवीएम सहित अन्य मतदान सामग्री वापस लेने का काम समाचार लिखे जाने तक जारी था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान की मौजूदगी में 123 सेक्टर के माध्यम से मतदान सामग्री जमा करने का काम किया जा रहा है।

### दिव्यांगजनों के मतदान दल के वाहन पर पहुँचकर किया स्वागत

जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक ड्ड एक मतदान दल का संचालन दिव्यांग अधिकारियों के मतदान दल ने किया। ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्र.-191 पागनबीसी पर मतदान कराकर लौटे दिव्यांग मतदान दल के वाहन के समीप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान पहुँचीं और सभी का पुष्पाहारों से स्वागत किया।

# पिता की पुण्यतिथि पर कराया वृद्ध जनों को भोजन



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम स्थानीय संपादक जितेंद्र व्यास

नर्मदापुरम /सिवनी मालवा-- मध्य प्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राममोहन रघुवंशी के पिता रमेश चंद्र रघुवंशी का 3 वर्ष पहले कोरोना महामारी की दूसरी लहर में नर्मदा पुरम के निजी अस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया था। पिता की तीसरी पुण्यतिथि पर अभ्युदय सेवा संस्थान वृद्ध आश्रम सिवनी मालवा में उनकी याद में भोजन कराया प्रतिवर्ष 7 मई को वृद्ध आश्रम में जाकर सपरिवार भोजन कराया जाता है तथा उनसे आशीर्वाद लिया जाता है इस अवसर पर श्रीमती सुनीता रघुवंशी, नीलेश रघुवंशी, सोनम रघुवंशी, राम रघुवंशी, अभ्युदय सेवा संस्थान के संचालक श्याम बनकर, राहुल बाथव , दीपक यादव उपस्थित थे।

# मुंगावली सिविल हॉस्पिटल में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर ने किया बीच रोड पर अज्ञात व्यक्ति का उपचार।





**राजीव राय दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मुंगावली / सात मई यहां एक तरफ मतदान का दिवस और दूसरी तरफ गर्मी का प्रचंड प्रहार देखने को मिला, मुंगावली में करीब एक बजे बीच बस स्टैण्ड पर एक अज्ञात ग्रामीण अत्यधिक गर्मी के प्रकोप को सहन नही कर पाया और बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा,तब ही बहा गाड़ी से निकल रहे डॉक्टर अमित आर्य की निगाह उस व्यक्ति पर पड़ी और बह तुरंत उसके प्राथमिक उपचार के लिए जमीन पर पड़े व्यक्ति को होश में लाने के लिए जुट गए, ठीक इसी समय पुलिस वाहन में बैठकर मुंगावली थाने में पदस्थ थाना प्रभारी भी गुजरे और उन्होंने अपनी गाड़ी से उतरकर उक्त व्यक्ति के उपचार में डॉक्टर आर्य की मदद की।

डॉक्टर आर्य के बीच सड़क पर उपचार के कार्य को देखकर अन्य लोग भी बहा एक जुट हो गए और यथा संभव प्रयास करने लगे, डॉक्टर आर्य ने बताया कि मिर्गी का दौरे के लक्षण भी दिखाई दे रहे है।

किसी अंजान गरीब व्यक्ति की सहायता के लिए ये कार्य सामाजिक दृष्टिकोण से सराहनीय है और मानवता का परिचायक भी कहा जा सकता है।

उक्त व्यक्ति को होश आने पर वाहन के द्वारा शासकीय अस्पताल भेजा गया, जिसका उपचार भी किया गया।

# राजमाता की तबियत हुई क्रिटीकल

### डॉक्टर का सिंधिया जी के पास आया फ़ोन ,

### चुनावी केम्पेन छोड़ दिल्ली एम्स पहुँच रहा सिंधिया परिवार

### दो दिन पहले हुई थी दिल्ली एम्स में गम्भीर सर्जरी

### पिछले पचास दिन से एम्स में है भर्ती चल रहा है उपचार

केंद्रीय मंत्री गुना लोकसभा उम्मीदवार महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया जी व उनका पूरा परिवार चुनावी केम्पेन में पिछले एक माह से गुना - अशोकनगर व शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र में थे । इसी बीच लगातार केंद्रीयमंत्री जी की माता जी राजमाता माधवी राजे सिंधिया जी की तबियत में उतार चढ़ाव की सूचना आ रही थी । दो दिन पूर्व रात में एक बड़ी सर्जरी हुई थी । स्थिति को गम्भीर देखते हुए महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की धर्म पत्नी 1 मई को दिल्ली रवाना हो गई थी । आज डॉक्टर द्वारा गम्भीर स्तिथि व अत्यधिक क्रिटीकल की सूचना दी है । इस स्थिति को देखकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सुबह मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ मूँगावली की सभा के बाद, भोपाल से दिल्ली रवाना हो रहे है। वहीं उनके बेटे महानआर्यमन सिंधिया आज के सारे कार्यक्रम रद्द कर गुना से भोपाल एयरपोर्ट के लिए रवाना हो चुके है ।

आज शाम तक सभी पारिवारिक सदस्यों की दिल्ली पहुँचने की कोशिश है ।

# मानव सेवी श्री राधेश्याम भगत जी दिवंगत समाज में शोक की लहर

**शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर**

केसरिया हिंदुस्तान बाड़ी, स्वर्गीय श्री राधेश्याम भगत जी कुटनासिर स्वभावगत सेवा भावी व्यक्ति रहे आप का जन्म 1998 मैं तथा 5 मई 2024 को परलोक वासी हो गए आप बारना सिंचाई विभाग बाड़ी में कार्यरत थे तथा 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन यह परमपिता परमात्मा को स्वीकार नहीं था आप गृहस्त के रहते हुए तप त्याग व सेवा की प्रति मूर्ति सत्चरित्र ईमानदार सहज सरल स्वभाव संत स्वभाव के व्यक्ति थे आप वृद्ध पिता पुत्र पुत्रियों व धर्मपत्नी को आज असमय बिलखते हुए छोड़ गए आप पतंजलि योग समिति के



देव लोक वासी मंहत राधे भगत जी

कर्मठ कार्यकर्ता थे आप राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी शिक्षक श्री मनीराम चौहान के सहयोगी व अनुयायी रहे आपने श्री चौहान को किरार भवन बकतरा तथा सरदार नगर हथनौरा नर्मदा के पावन तट पर ऐतिहासिक भगवान सूर्य नारायण मंदिर व सत्संग भवन के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दिया प्रभात फेरी निर्धन असहायों की सेवा नर्मदा तट व सार्वजनिक स्थान की साफ सफाई आदि आपके स्मरणीय व अनुकरणीय कार्य रहे आप अपने इष्ट मित्रों व स्वजनों को व्याकुल छोड़ गये परमपिता परमात्मा आपको सदगति प्रदान करें ? शांति ? शांति ? शांति

# अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट में चयनित बीएमएस यूनियन की प्रबंध कार्यकारिणी का सम्मिलन सम्पन्न





**सीधी ब्यूरो प्रमुख**

बघवार अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इकाई सीधी सीमेंट वर्क्स में भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध तथा व्यवसायिक संघ मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा पंजीकृत अल्ट्राटेक सीमेंट कर्मचारी एवं खदान श्रमिक संघ मझिगवां जिला सीधी मध्यप्रदेश ट्रेड यूनियन की सम्पन्न साधारण सभा दिनांक 10/04/2024, में चयनित हुई त्रैवार्षिक प्रबंध कार्यकारिणी का सम्मिलिन बीएमएस प्रादेशिक प्रतिनिधि पदेन यूनियन अध्यक्ष वीरभानु सिंह जी की अध्यक्षता में गत सात मई को सैकड़ों संघीय सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। तत्संबंधी जानकारी से अवगत कराते हुए यूनियन महामंत्री तथा पदेन प्रादेशिक संयुक्त महासचिव उमानिवास मिश्रा ने बताया कि अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट प्लांट में वर्ष 2017-2018, से कार्यान्वित बीएमएस ट्रेड यूनियन के तीसरे त्रैवार्षिक कार्यकाल की प्रबंध कार्यकारिणी का चयन भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति तथा व्यवसायिक संघ द्वारा अनुमोदित विधान के अनुसार बीएमएस की जिला इकाई सीधी के मंत्री दीपनारायण द्विवेदी जी की उपस्थिति में प्राप्त पैनल के अनुसार साधारण सभा में किया गया था। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीमेंट मजदूर महासंघ से अनुमोदित प्रतिलिपियों का प्रेषण व्यवसायिक संघ कार्यालय व ठेंगड़ी भवन संघ कार्यालय भोपाल में किए जाने पश्चात पूर्व सूचना अनुसार सम्मिलन सम्पन्न हुआ । महामंत्री ने बताया कि सीधी सीमेंट प्लांट में कार्यरत सीमेंट वेज बोर्ड,इ एण्ड पी,सीएच सप्लाई आदि सभी श्रमिक/कर्मचारी बंधुओं की समुचित सदस्य संख्या को दृष्टिगत रखा जाकर सीमेंट प्लांट, माइंस, एडमिन विभाग को मुख्य रूप से विभक्त कर विधान में पदीय विस्तार के संबंध में प्रस्तावित कार्यवाही अनुसार अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, संरक्षक, संयोजक, उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त महामंत्री, मंत्री, मीडिया प्रभारी,विधि सलाहकार, संघीय सलाहकार,संगठन मंत्री, कार्यालय मंत्री, कोषाध्यक्ष, संघीय, मार्गदर्शक आदि पदों का सृजन किया जाकर इक्यावन सदस्यीय प्रबंध कार्यकारिणी चयनित घोषित की गई है।

# लोकतंत्र व संविधान बरकरार रखने को करें मतदान- पूर्व सीएम अखिलेश यादव

### अग्निवीर योजना खत्म करने का युवाओं से किया वादा

### मंहगाई को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

### पूर्व राज्य मंत्री रामजी शुक्ला व लालजी शुक्ला सपा में शामिल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 7 मई। चौथे चरण के मतदान को लेकर पूर्व सीएम अखिलेश यादव मंगलवार को औरैया पहुँचे। जहां पर उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के समर्थन में वोटों की अपील की।वहीं भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार पर जमकर हल्ला बोला। अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर जैसे ही सभा स्थल पर पहुँचा वैसे ही मुलायम सिंह यादव अमर रहे,नेता जी अमर रहे, अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारों से पांडाल गूंज उठा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने औरैया पहुँचकर मोदी व योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने भाजपा को इलेक्ट्रोल बांड पर घेरते हुए मंहगाई का मुद्दा उठाया। उन्होंने युवाओं से अग्निपथ योजना खत्म करने का वादा किया।




साथ ही प्रदेश में 30 लाख रिक्त पड़े पदों को भरने का आश्वासन भी दिया। पूर्व सीएम ने किसानों के मुद्दों पर बोलते हुए कर्जमाफी व खाद मूल्य बृद्धि कम करने की बात कही। वहीं महिलाओं के खाते में सालाना एक लाख रुपये भेजकर लखपति बनाकर आत्मनिर्भर बनाने की बात कही। अखिलेश ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के पक्ष में वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि ये लोकतंत्र व संविधान बचाने के चुनाव है। यह देश के भविष्य का चुनाव है। अखिलेश ने मोदी सरकार पर उंगली उठाते हुए कहा कि चुनाव से पहले राशन में सब मिलता है उसके बाद अचानक सब गायब हो जाता है। गठबंधन की सरकार आने पर राशन दुगना मिलेगा एवं उसके साथ पौष्टिक पैक्ड आटा भी दिया जायेगा। आगे कहा कि पहले डाटा फ्री था अब महंगा कर दिया। हमारी सरकार आने पर डाटा भी मुक्त दिया जाएगा। आगे उन्होंने यूपी सरकार को घेरते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में एक इंजन गायब हो चुका है। पेपर लीक कराए जा रहे है, युवा परेशान हो रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस चुनाव में संविधान बचाने को एक ओर रक्षक इंडिया गठबंधन है तो दूसरी ओर भक्षक भाजपा खड़ी है। संविधान लोकतंत्र को बचाने के लिए जितेंद्र दोहरे को वोट करें।

जनसभा के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष इरशाद कुरेशी, दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, इटावा लोकसभा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे, औरैया पालिका चेयरमैन अनूप गुप्ता,अशोक यादव,अमित यादव, मीडिया प्रभारी शोभित यादव हीरू सहित सैकड़ों सपा-कॉंग्रेस-आप पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में पूर्व राज्यमंत्री रामजी शुक्ला व उनके छोटे भाई समाज सेवी लालजी शुक्ला ने अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। राम जी व लालजी ने पूर्व सीएम को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। पूर्व विधायक रामजी शुक्ला ने गठबंधन के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे को जिताने के लिए सर्व समाज लोकसभा इटावा की जनता से अपील की। पूर्व विधायक ने कहा कि संविधान बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट जरूर करें।

# नगर पंचायत चुनाव में भाजपा से निष्कासित हुए राजेंद्र पोरवाल पप्पू की भाजपा में हुई घर वापिसी



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो

विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 7 मई। सोमवार को दिबियापुर के एक निजी कार्यक्रम में इटावा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रो डा रामशंकर कठेरिया, कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह ,पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत,भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता की उपस्थिति में रिटायर्ड बैंककर्मी और समाजसेवक राजेंद्र पोरवाल पप्पू भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर भाजपा में शामिल हो गए है। शामिल होने के बाद उन्होंने कहा की नरेंद्र मोदी जी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बने इसके लिए घर-घर पहुंच भारतीय जनता पार्टी का प्रचार करूंगा । उनके साथ कई अन्य लोग भी शामिल हुए।मालूम हो कि नगर पंचायत दिबियापुर के चुनाव में भाजपा से अध्यक्ष पद हेतु टिकट न मिलने से निर्दलीय चुनाव लडने पर दिबियापुर के रिटायर्ड बैंककर्मी राजेंद्र उर्फ पप्पू पोरवाल को निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष ने निष्कासित कर दिया था । निर्दलीय चुनाव लड़कर वह चुनाव हार गए थे पर भाजपा से निष्ठा नही छोड़ी थी।



## नगर पालिका परिषद द्वारा पालिका के कर्मचारियों के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से ब्यूरो विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया 7 मई । जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा पालिका के कर्मचारियों के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली पालिका कार्यालय से मुख्य बाजार होते हुए गौशाला रोड,फूलमती मंदिर,तहसील तिराहा, शहीद पार्क, सुभाष चौक होकर पालिका कार्यालय पर समाप्त हुई साथ ही सभी कर्मचारियों को मतदान शपथ दिलाई गई और आमजन को दिनांक 13 मई 2024 को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

# मंडलायुक्त व डीआईजी ने चार जनपदों के बॉर्डर का निरीक्षण कर दिए सख्त चौकसी के निर्देश

जगम्मनपुर, जालौन। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मंडलायुक्त एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी ने रामपुरा थाना क्षेत्र के पंचनद का दौरा करके इटावा,औरैया,जालौन के वार्डर पर जिला प्रशासन द्वारा किए गए इंतजामों का निरीक्षण किया ।

लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान के लिए सुरक्षा के दृष्टिगत मंडलायुक्त झांसी विमल कुमार दुबे एवं उपनिरीक्षक कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे व पुलिस अधीक्षक जालौन डॉक्टर ईरज राजा ने जिले के अनेक सम्बन्धित अधिकारियों को साथ लेकर माधौगढ़ तहसील अंतर्गत पांच नदियों के संगम एवं तीन जनपदों जालौन इटावा औरैया के बॉर्डर पंचनद पर व बंगरा भिंड मार्ग पर गोपालपुरा के पास मध्यप्रदेश वार्डर पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया । इस दौरान पंचनद पर बने



पुल के पास इटावा बैरियर पर तैनात पुलिस जवानों से सुरक्षा बंदोबस्त के संबंध में पूछताछ की । पंचनद की भौगोलिक स्थिति को देखकर जनपद जालौन के सभी वार्डर पर चुनाव तक चौकसी बरतने के निर्देश दिए । मंडलायुक्त एवं डीआईजी झांसी ने जालौन जिला के उसे मार्गो का भी निरीक्षण किया जहां से भिंड इटावा औरैया के लोगों का जालौन जिला की सीमा में व्यवहारिक आना-जाना होता है । इस दौरान कोई असमाजिक तत्व अथवा कोई अवांछनीय वास्तु बॉर्डर पार करके जालौन की सीमा में न आ सके जिससे लोकसभा चुनाव प्रभावित न हो इसके पुख्ता इंतजामों पर चर्चा की । इस अवसर पर मंडलायुक्त झांसी श्री दुबे व डीआईजी श्री नैथानी ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन का संकल्प है कि लोकसभा चुनाव निर्विघ्न संपन्न कराए जाएंगे किसी को भी गड़बड़ी फैलाने का अवसर नहीं दिया जाएगा । इसके लिए सड़क मार्ग पर निरीक्षण के साथ-साथ जल मार्ग की भी निगेहवानी की जाएगी । पंचनद बॉर्डर निरीक्षण के उपरांत उक्त सभी अधिकारी माधौगढ़ थाना अंतर्गत गोपालपुर के पास मध्य प्रदेश बॉर्डर का भी निरीक्षण किया । इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित विश्वेश्वर सिंह उप जिलाधिकारी माधौगढ़ , क्षेत्राधिकार माधौगढ़ शैलेन्द कुमार बाजपेई एवं थाना अध्यक्ष रामपुरा सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# शेमफोर्ड स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों की बड़ी प्रतिभा का प्रदर्शन




दैनिक केसरिया हिंदुस्तान औरैया से

ब्यूरो विपिन मित्तल की रिपोर्ट

औरैया7मई।जिले के भगौतीपुर स्थित शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के- 12 स्कूल में मंगलवार को आयोजित भव्य समारोह में नन्हे विद्यार्थियों की बड़ी प्रतिभा ने अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर 'शेमलिटिल स्टार्स का बिग लीप' के साथ पुरस्कार वितरण समारोह एवं श्रमिक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शेमलिटिल स्टार्स ने गणेश वंदना की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी। विद्यालय द्वारा शेमलिटिल स्टार्स के अभिभावकों का स्वागत तिलक लगाकर एवं बैज पहनाकर किया गया ताकि इस मौके को यादगार बनाया जा सके। समारोह में अतिथियों का स्वागत अतिथि देवो भव से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के- 12 स्कूल के चेयरमैन डा. अनिल हाडा, संस्थापक एवं प्रबंधक देवेंद्र गुप्ता, प्रिंसिपल डा. मीनाक्षी नरुला के साथ कार्यकारिणी सदस्य अनंगपाल सिंह तोमर, मनीष गुप्ता, श्रीमती बबिता गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत 'कुछ भी हो जाए मम्मी स्कूल न जाना मैं' एवं 'तू कितनी अच्छी है' पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए और बच्चों का मनोबल तालियों की गड़गड़ाहट से बढ़ाया। बच्चों ने अभिभावकों के साथ विभिन्न खेल खेले और नृत्य प्रस्तुत किया। समारोह में शेमलिटिल स्टार्स को पुरस्कार प्रदान किए गए। एक मई को संपन्न हुए श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में कार्य करने वाले सहायक कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डा. अनिल हाडा ने बच्चों के अप्रतिम प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभेच्छा दी। प्रबंधक देवेंद्र गुप्ता ने शेमलिटिल स्टार्स के मेहनत, जज्बे और जुनून की सराहना करते हुए अभिभावकों को बताया कि कैसे स्कूल में छोटी क्लास से ही बच्चों की प्रतिभा निखारने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। एरोलैब हो या थ्रीडी लैब, या फिर विभिन्न एक्टिविटी क्लब, हमारा प्रयास बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य क्षेत्रों में भी अव्वल बनाना है। प्रिंसिपल डा. मीनाक्षी नरुला ने कहा कि प्रत्येक बच्चा अद्भुत होता है। हमें उनकी प्रतिभा निखारने के लिए उचित वातावरण देने की आवश्यकता होती है।

# बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों को सक्रिय कर प्रचार में लाएं तेजी:संतराज यादव

ुगेंश्वर सोनी केसरिया हिन्दुस्तान

ब्यूरो चीफ देवरिया



भाटपार रानी,देवरिया।मंगलवार को भाटपार रानी विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल की अध्यक्षता में नगर के मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संत राज यादव ने कहा कि बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों को सक्रिय करके चुनावी प्रचार को तेज करने की जरूरत है। पन्ना प्रमुख अपने पन्ना के मतदाताओं से निरंतर संपर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट करने का आग्रह करें। क्षेत्रीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा ने कहा कि भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं के परिश्रम की पराकाष्ठा के बदौलत भाजपा प्रत्याशी सांसद रवींद्र कुशवाहा रिकॉर्ड वोट से जीत करके तीसरी बार संसद में पहुंचेंगे। जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। विधानसभा प्रभारी अजय उपाध्याय ने कहा कि चुनाव संचालन समिति के दायित्व धारी कार्यकर्ता अपने जिम्मेवारी का सक्रियता के साथ निर्वहन करें। विधानसभा संयोजक कुंज बिहारी सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया है। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा नेता राजकुमार शाही, राघवेंद्र वीर विक्रम, सिंह डॉक्टर भानु प्रताप सिंह, त्रिपुनायक विश्वकर्मा, सुरेश तिवारी, सुरेन्द्र सिंह टुनटुन, शशि रंजन तिवारी, अनिल शाही, संजय पटेल, संजय सिंह, इंद्रभूषण कुशवाहा, राजन कुशवाहा, गुड्डू गोस्वामी, मनोज वर्मा, जितेंद्र कुशवाहा, मंटू पटेल, अमित शाही, जितेंद्र जायसवाल, संजय जयसवाल, देवा मौर्य, आनंद पियूष उपाध्याय, हृदय लाल शर्मा, गौतम प्रसाद उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए गांव में निकाली जागरूकता रैली




रामपुरा–विकास खंड रामपुरा की ग्राम पंचायत महटौली में ग्राम प्रधान शिववरन सिंह की मौजूदगी में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मंगलवार को स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैलो का आयोजन किया गया।रैलो में ग्रामीणों को मतदान में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया।ग्राम प्रधान शिववरन सिंह द्वारा ग्राम वासियों से आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इसके बाद गांव में रैली निकालकर बुजुर्ग महिला एवं दिव्यांगजन मतदाताओं को मतदान करने एवं मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूषों ने गांव में रैली निकालकर मतदान के माध्यम से लोकतंत्र मजबूत करने का संदेश दिया।

# नौहझील कस्बे में पनीर प्लांट पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने मारा छापा, जांच को भेजे सैम्पल

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट खोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत सहायक आयुक्त डॉक्टर गौरी शंकर के निर्देशन में नौहझील क्षेत्र में पनीर प्लांट पर छापा मार करवाई कर घी का नमूना संग्रहित किया गया तथा पनीर प्लांट के संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि पनीर का निर्माण करते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें तथा कोई भी अप मिश्रक पदार्थ पनीर प्लांट परिसर में ना रखें।

नौहझील क्षेत्र में संचालित केला पकाने वाले प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संचालक लाइसेंस प्रस्तुत न कर सका, जिसके लिए उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है साथ ही केला पकाने में किसी भी हानिकारक रसायन का उपयोग न करने की निर्देश दिए गए। मथुरा कृष्ण नगर स्थित चौपाटी में संचालित खाद्य पदार्थों की स्टालो की जांच कर पनीर, ग्रेवी, तथा भाजी के नमूने संग्रहित किए गए। सभी स्ट्रीट वेंडर्स को निर्देश दिए गए हैं कि खाद्य पदार्थ को बनाते तथा विक्रय करते समय हेड कैप ,अप्रैन तथा ग्लव्स का उपयोग करें तथा खाद्य पदार्थों में हानिकारक कृत्रिम रंगों का उपयोग न करें सभी खाद्य पदार्थों को ढक कर रखें। यदि उनके विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है तो उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्रवाई के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी तिवारी तथा धर्मेंद्र सिंह ,देवराज सिंह ,अरुण कुमार दलबीर सिंह ,खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सहायक आयुक्त डा. गौरी शंकर ने बताया कि सभी जूस कॉर्न र तथा मैंगोसेक, लस्सी आदि विक्रय करने वाले खाद्य कारोबारी से अपील है कि वह सड़े गले फलों तथा हानिकारक रंगों एवं घाटिया किस्म की बर्फ का प्रयोग कतई ना करें।



राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान खबरें बेबाक, बेखौफ, बिन्दास

# हाईवोल्टेज IPL क्रिकेट मैच का सट्टा संचालित करने वाले आरोपीगण क्राईम ब्राँच एवं थाना बाणगंगा की संयुक्त कार्यवाही में धाराएं

***?सट्टा संचालित करने वाले 08 आरोपीगण मौके पर हुए गिरफतार।***

***?आरोपियों के कब्जे से 34 मोबाइल, 03 लैपटॉप, 01 एलईडी टीवी, 01 टैबलेट,01 कैलकुलेटर 90 हजार नगदी एवं 48 सट्टा पर्ची लीड पेन एवं सट्टे के हिसाब किताब का लेखा जोखा जप्त।***

***?आरोपीयो के द्वारा बाणगंगा क्षेत्र के प्रीमियम पैरेडाइज कॉलोनी में लैपटॉप एवं मोबाइल के माध्यम से संचालित किया जा रहा था क्रिकेट का सट्टा।***

***?आरोपियों के विरुद्ध गैंबलिंग एक्ट की धाराओं में भी किया गया है अपराध पंजीबद्ध।***

इंदौर संभाग ब्यूरो-



इंदौर शहर में ऑनलाइन जुआ, सट्टा एवं अवैधानिक गतिविधियां संचालित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राइम ब्रांच एवं पुलिस थानों की टीमों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी अनुक्रम मे *क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि बाणगंगा क्षेत्र के प्रीमियम पैराडाइज कॉलोनी के एक घर में आईपीएल क्रिकेट मैच का ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है।* मुखबिर की सूचना पर *क्राइम ब्रांच टीम एवं थाना बाणगंगा के द्वारा संयुक्त कार्यवाही* करते हुए मुखबिर के द्वारा बताए स्थान पर दबिश देते उक्त स्थान में कुछ व्यक्तियो जो की लैपटॉप एवं मोबाईल के माध्यम से आईपीएल का मैच ऑनलाइन का सट्टा संचालित कर रहे थे, पुलिस टीम द्वारा पकड़ा जिन्होंने पूछताछ पर अपना नाम *(1).रितेश निवासी इंदौर, (2).धीरज निवासी इंदौर, (3). परवेज निवासी जिला बड़वानी ,(4). मनीष मेहता निवासी जिला बड़वानी,(5).पंकज निवासी इंदौर,(6). उदयचंद्र निवासी बिहार,(7).पवन निवासी जिला बड़वानी,(8). मनीष मेहता निवासी जिला बड़वानी* होना बताया।

आरोपीयो से पूछताछ करते उक्त स्थान से आईपीएल क्रिकेट के मैच में सट्टा लैपटॉप एवं मोबाइल के माध्यम से खिलवाना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से 34 मोबाइल, 03 लैपटॉप, 01 एलईडी टीवी, 01 टैबलेट,01 कैलकुलेटर 90 हजार नगदी एवं 48 सट्टा पर्ची लीड पेन एवं सट्टे के हिसाब किताब का लेखा जोखा जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध गैंबलिंग एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर थाना बाणगंगा में आरोपीयो के विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।*

# बिना बताये दो बालक घर से गये अभी तक नही लौटे, चंबल नदी पर देखे गये है

कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो मंदसौर.

*सीतामऊ थाना क्षेत्र के तितरोद निवासी मनीष पूरी-पिता अमरपुरी गोस्वामी (भेरू पूरी) उम्र 26 वर्ष के लगभग निवासी तितरोद यह दोनों व्यक्ति कल से ही घर से बिना बताए कहीं चले गए थे जिनके कपड़े चंबल नदी के किनारे पर देखे गए तो आसपास के लोगों के द्वारा सुवासरा पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्ति के परिजनों को सूचना दी गई और परिजनों के आने के बाद रेस्क्यू टीम को बुलाई गई जिसमें एक व्यक्ति की लाश मिली है। और पुलिस के द्वारा इस मामले की गहराई से जांच चल रही है।

**जिले के नागरिकों से विशेष निवेदन है। कि आप अपने बच्चों का ध्यान रखें क्योंकि स्कूलों की छुट्टियां पड़ गई है। और बच्चे इधर-उधर भटकते रहते हैं।**

*मंदसौर हमारे संवाददाता को मिली जानकारी के अनुसार मंदसौर जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के तितरोद निवासी मनीष पूरी-पिता अमरपुरी गोस्वामी (भेरू पूरी) उम्र 26 वर्ष के लगभग निवासी तितरोद यह दोनों व्यक्ति कल से ही घर से बिना बताए कहीं चले गए थे जिनके कपड़े चंबल नदी के किनारे पर देखे गए तो आसपास के लोगों के द्वारा सुवासरा पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस





के द्वारा मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्ति के परिजनों को सूचना दी गई और परिजनों के आने के बाद बसई की रेस्क्यू टीम को बुलाई गई जिसमें एक व्यक्ति की लाश मिली है। और खबर की सूचना मिलते ही सुवासरा विधायक श्री हरदीप सिंह डंग भी मौके पर पहुंचे और पुलिस के द्वारा एक व्यक्ति की लाश निकाल कर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया देखो खबर के साथ और पुलिस के द्वारा इस मामले की गहराई से जांच चल रही है। और भी जानकारी आने वाली है।



## रुढ़ीप्रथा को बंद करवाने का बीड़ा आदिवासी समाज ने उठाया

टंट्या भील जनकल्याण संगठन की सभी ने इस पहल की प्रशंसा की

इंदौर संभाग ब्यूरो - सभी समुदाय मे शादी-ब्याह का कार्यक्रम संपन्न हो रहा है!जहा सभी अपनी रीति-रिवाज और प्रथा अनुसार विवाह-संस्कार संपन्न कर रहे है!बाग क्षेत्र मे भी आदिवासी समाज की अति पिछड़ी जाति भील समुदाय बहुल मात्रा मे निवास करता है!भील समुदाय की रूढ़िगत प्रथा के कारण पिछड़ेपन मे आता है!जिसमे एक कारण विवाह-संस्कार मे मद्यपान(देशी-विदेशी शराब)शामिल है!इस रूढ़िगत प्रथा को बंद करवाने के लिए टंट्या भील जनकल्याण संगठन ने बिडा उठाया है!इस संगठन मे शामिल भुवानसिंह वसुनिया(कुड्डू),गंभीर भंवर(देवधा)व ईडा अनारे(महाकालपुरा)तीनो की सुपुत्री का विवाह संपन्न हुआ!अपने संगठन के प्रति समर्पित भाव के होने कारण देहज संगठन के द्वारा तय किय गई राशी तक रखा गया!साथ ही अतिथि गण के द्वारा सप्रेम राशी देने पर मद्यपान की जगह शीतल पेय पदार्थ दिया!टंट्या भील जनकल्याण संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा इनकी तीनो पुत्रियों को आर्शीवाद देकर परिजन मे शामिल दर्शनाभिलाषी को रूढ़िगत प्रथा का त्यागने करने पर व भील समाज के सुधार लाने के लिए रामसिंह बघेल,जगदीश अलावा,सलाम अनारे,राजू मण्डलोई,चन्दु रिसावला ने धन्यवाद व आभार व्यक्त किया! भील समाज की विवाह-संस्कार कि रूढ़ी प्रथा की मुहिम बदलते हुए स्वरूप प्रत्यक्षदर्शी के रूप मे बाग ब्लॉक के स्वतंत्र पत्रकार के नाम से मशहूर विनय उजाला एवं बीबीसी एक्सप्रेस न्युज के संवाददाता शहजाद खान भारती अपने साथी के साथ साक्षी बने!तथा नवविवाहित युगल जोड़ो को अपना आर्शीवाद के साथ शुभकामनाए प्रदान करी!

**समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस पहल में आगे आना होगा - अजनारिया**

लगातार आदिवासी समाज की आवाज बनकर उभरने ओर उनको सही दिशा तथा हैसियत से विपरित कार्यों को रोकने रुढ़ीगत प्रथा को बंद करवाने को लेकर सोशल मिडिया पर समाज के कार्यक्रमो में जाकर उन्हें जागरुक करने वाले चन्द्रपालसिह चन्दु रिसावला ने बताया की टंट्या भील संगठन के जागरुक समाज कै वरिष्ठों ने रुढीगत प्रथा को बंद करवाने की जो पहल की है वह बहुत ही सराहनीय पहल है।ओर इस पहल में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा ताकी हम लोग अपने समाज का विकास करने में सफल हो और ये प्रथा जो वर्षों से चली आ रही है वो पुरी तरह बंद हो सके !समाज के हीत में जो काम हो उससे पीछे नहीं हटना चाहिए तथा निरंतर लक्ष्य बनाकर कार्य करेंगे तो निश्चित ही यह प्रथा एक दिन भील समाज में बंद होगी!

## कलेक्टर ने तीस व्यक्तियों को संबंधित थाने में उपस?थिति देने का किया ओदश जारी

कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो मंदसौर.

मंदसौर- कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 03(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तीस व्यक्तियों कन्हैयाला उर्फ कान्हा पिता भगवानजी जटिया निवासी झिरकन, जारफ पिता रफीक डन्डु निवासी बोतलगंज, शहनवाज पिता जाफर मुसलमान निवासी तारवाली मजिस्द के पास पुराना बसस्टैण्ड भानपुरा, नीरज पिता बालाराम सेठिया निवासी मेलखेड़ा, शेरु पिता फारूख झुपडी निवासी मुल?तानपुरा, किशोर पिता मोहनलाल निवासी लसुडिया कदमाला, महेन्?द्रसिंह उर्फ मनोज पिता मोतीसिंह निवासी चन्दवासा का डेरा, दीपक पिता नाथुलाल ग?वाला निवासी बालागंज मंदसौर, मेहरबानसिंह पिता करणसिंह निवासी सपानिया, फारूख उर्फ नड्डा पिता एहमद मथारिया निवासी मुल्तानपुरा, अरबाज पिता हुसैन खां मेवाती निवासी चुन्ना भट्टा दलौदा, दीपक पिता श्यामलाल बागरी निवासी मेलखेडा, उस्मान गनी पिता मोहम्मद सलीम भिस्ती मुलसमान निवासी अशोक नगर खानपुरा मंदसौर, लाला उर्फ लालचंद पिता मांगीलाल गुर्जर निवासी पालड़ी, रूस्तम पिता हमीद खां मंसूरी मुसलमान निवासी कयामपुर, शांतिलाल पिता कारूलाल गुर्जर निवासी मुण?डला, अन्नु उर्फ अनवर पिता कालुखां मुसलमान निवासी भानपुरा, आरिफ पिता शकुर सोडा निवासी मुल्लानपुरा, गुमानसिंह पिता रामसिंह गुर्जर निवासी भगोरी, संजु उर्फ संजय पिता बापुलाल बागरी निवासी कचनारा, दिलीप पिता जरेसिंह राजपूत निवासी सेदरामाता, जसवन्तसिंह पिता नवलसिंह सौ. राजपूत निवासी बांसखेड़ी, सलीम उर्फ डामा पिता वजीर मोहम्मद मुसलमान निवासी नाहरगढ़, इरफान उर्फ अरफान पिता रशीद घोंचा निवासी मुल्तानपुरा, दीपक पिता रमेश सिकलीगर निवासी अरगडा बस?ती सीतामऊ, प्रदीप उर्फ प्रवीण उर्फ बांगडू पिता राजु राठौर निवासी इन्द्रा कालोनी मंदसौर, लालदास पिता देवीदास बैरागी निवासी जवासिया, अर्जुन पिता ग्यारसीलाल मीणा निवासी लसुडियाईला, जुल्फीकार ऊर्फ बड्डा पिता एहमद मथारिया निवासी मुल्तानपुरा एवं गणेश पिता भंवरलाल बावरी निवासी रूपी को कलेक्टर श्री यादव ने आदेशित किया है, कि ये तीन माह तक प्रति माह की 1 एवं 16 तारीख को संबंधित पुलिस थाना में उपस्थिति देकर यह सुनिश्चित कराये की वह किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलग्न नहीं है।

# डीजीपी मध्यप्रदेश द्वारा इन्दौर पुलिस के अधिकारियों की बैठक लेकर की, पुलिस की कार्यप्रणाली एवं अपराधों की समीक्षा

दैनिक केसरिया जिला ब्यूरो हमीद कुरैशी

मध्य प्रदेश पुलिस के मुखिया श्रीमान पुलिस महानिदेशक, महोदय श्री सुधीर सक्सेना जी द्वारा इंदौर पुलिस की कार्यप्रणाली एवं अपराधों की समीक्षा हेतु नगरीय पुलिस इंदौर के अधिकारियों की एक बैठक ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में ली गयी।

उक्त बैठक में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री राकेश गुप्ता, अति. पुलिस आयुक्त इंदौर (का./व्य.) इंदौर श्री अमित सिंह, अति. पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) इंदौर श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित नगरीय इंदौर में पदस्थ सभी पुलिस उपायुक्तगण, सभी अति. पुलिस उपायुक्तगण तथा सहायक पुलिस आयुक्तगण उपस्थित रहें।

इस दौरान डीजीपी श्री सुधीर सक्सेना जी ने इंदौर पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था,माफियाओं एवं संगठित अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही आदि सभी



विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए, बेहतर क़ानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण तथा पुलिसिंग के अन्य पहलुओं को और बेहतर करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए । साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव हेतु इंदौर पुलिस की तैयारियों का जायजा लिया गया।

छतक्क ह्यद्वह- द्वारा विशेष रूप से नारकोटिक्स संबधी अपराधों,साइबर अपराधों, गंभीर अपराधों तथा महिला अपराधों की समीक्षा की गई।

छतक्कह्यद्वह, इंदौर की साइबर सेल में भी गए तथा वहाँ साइबर सेल के कार्यों की भी समीक्षा की।

उन्होंनें इंदौर पुलिस की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी इसी प्रकार से पूर्ण रूप से कर्तव्यनिष्ठ एवं तत्पर रहते हुए जनता के हित में पुलिस की सभी प्राथमिकताओं व प्रत्येक पहलुओं पर और बेहतर कार्य करने के लिए हमेशा प्रयासरत् रहें।

## श्री हरि वृद्ध आश्रम के 62 बुजुर्गों ने उत्साह पूर्वक किया मतदान




जिला ब्यूरो नीरज दुबे

लोकतंत्र के महापर्व मतदान को मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में स्थित श्री हरि वृद्ध आश्रम के बुजुर्गजन ने बखूबी निभाया और बड़े ही उत्साह पूर्वक वह अपना मत देने मतदान केंद्रों तक गए,,,, मतदान देने वाले बुजुर्गों में 85 वर्ष की नगीना बाई और 81 वर्षीय रामदास यादव ,,,,82 वर्षीय पूना बाई शामिल है,,,, आश्रम संचालक श्रीमती इन्दिरा शर्मा एवं श्री वेद प्रकाश शर्मा सहित आश्रम स्टाफ सदस्य उन्हें मतदान केंद्रों तक ले गए और उनके साथ सभी बुजुर्ग एक परिवार की तरह बेखोफ और बेफिक्र होकर अपनी पसंद की सरकार चुनने के इस सबसे बड़े अधिकार मतदान का प्रयोग करने के लिए गए,,,आश्रम निवासी,, 72 वर्षीय मुन्नी बाई रघुवंशी का कहना है कि हमें आश्रम में घर जैसा ही सुख मिला है और यहां से हम अपने घर की तरह ही आजादी से अपना वोट डालने गए,,,आश्रम निवासी, 80 वर्षीय रामदास यादव विगत 9 वर्षों से आश्रम में ही रहकर अपना वोट डालने जाते हैं, और उन्हें यहां से वोट डालने जाने में अपने घर जैसा ही अनुभव लगता है,, और घर जैसी आजादी के साथ ही वह अपने विवेक से मत देने का अधिकार का प्रयोग करते हैं,,,,, उनका कहना है कि हम भारत के नागरिक हैं और सभी को वोट डालने के कर्तव्य का बोध होना चाहिए,, वही 80वर्षीय हरलाल रघुवंशी 77 वर्षीय आशा बडोनिकर 74 वर्षीय राम प्यारी दांगी सहित आश्रम के 62 बुजुर्ग सहित सभी ने पुराने जिला अस्पताल स्थित मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी बुजुर्ग जन ने कहा कि हमे गर्व है कि हम भारत के नागरिक हैं ,,,उन्होंने सभी को वोट डालने की अपील भी की।

## टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक की स्पेशल टीम ने पकड़ा आइपीएल सट्टाः 6 आरोपी गिरफ्तार, नकदी सहित 3 वाहन और 6 मोबाइल जब्त




दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/मनोज सिंह /जिला ब्यूरो

टीकमगढ़।पुलिस कंट्रोल रूम में मंगलवार को एसपी ने आईपीएल सट्टा के मामले का खुलासा किया। पुलिस ने आईपीएल सट्टा के आरोप में अलग-अलग स्थान से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूरी कार्रवाई से कोतवाली पुलिस को दूर रखा गया। एसपी ने बताया कि आईपीएल का सट्टा खिला रहे लोगों से कोतवाली पुलिस की संलिप्तता की जानकारी मिली थी। इस मामले में फिलहाल जांच की जा रही है। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि थाना देहात पुलिस ने आईपीएल सट्टा के आरोप में राजा पिता मुन्ना खान उम्र 35 साल निवासी तखा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने शेख सराफत का नाम उजागर किया। जिसके बाद शेख शराफत पिता शेख सलमान निवासी पुराना बस स्टैंड को पकड़ा गया। इसके बाद रियाज पिता शेख सत्तार खान निवासी जेल के सामने को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा भगतनगर कॉलोनी रोड से दीपक कुशवाहा पिता जानकी कुशवाहा (25) अस्पताल के पीछे दिगौड़ा को गिरफ्तार किया गया। साथ ही कौशलेन्द्र परमार और रवि साहू निवासी बल्देवगढ़ को भी गिरफ्तार किया गया है।

**नकदी, वाहन और मोबाइल जब्त**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 97130 रूपए नकद जब्त किए हैं। इसके अलावा एक ब्रेजा कार, एक हुंडई औरा कार, एक होंडा पैशन बाइक, आरोपियों के बैंक खातों में जमा रकम 4,02,605 रुपए और 6 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस ने नगदी सहित कुल सामान की कीमत करीब 19,55,535 रुपए बताई है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी निरीक्षक रवि गुप्ता, उप निरीक्षक मयंक नगायच, उप निरीक्षक वीणा विश्वकर्मा, अनुजा मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक रेवाराम, प्रधान आरक्षक अनिल शर्मा, रज्जन रैकवार, पुष्पेंद्र यादव, आनंद सुडेले, अभय मिश्रा, महिला प्रधान आरक्षक ज्योति यादव, आरक्षक रीतेश मिश्रा, ज्वलज सिंह परिहार, शुभंजय सिंह, दीपांश व्यास, राघवेंद्र शर्मा, मनोज नायक, अवनीश पुरी, दीपचंद्र अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सिंगरौली-प्रयागराज हाइवे निर्माण में सरकार को लूटने चितरंगी पहुंच गया मुआवजा गिरोह

**धड़ाधड़ बन रहे मकान,प्रशासन मौन**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- सिंगरौली प्रयागराज हाइवे निर्माण की भनक लगते ही मुआवजा गिरोह पहुंच गया है,धड़ाधड़ मकान बनाए जा रहे हैं,प्रशासन पूरी तरह से मौन है यदि समय रहते कोई कड़ा कदम नहीं उठाया गया तो सरकार की एक बार फिर भारी क्षति पहुंचेगी,उल्लेखनीय है कि सिंगरौली से प्रयागराज तक हाइवे का निर्माण होने वाला है इसके लिए सरकार भूमि का अधिग्रहण करेगी,इसकी भनक लगते ही गिद्ध नजर जमाए बैठा मुआवजा गिरोह टूट पड़ा,दरअसल सिंगरौली जिले में स्थापित होने वाली परियोजनाओं से पहले भूमि अधिग्रहण में मुआवजा राशि हाड़पने एक गिरोह सक्रिय है,गिरोह में कई बड़े बड़े चेहरे भी शामिल हैं,अब तक तमाम कंपनियों तथा रेलवे सहित अन्य परियोजनाओं



में यह गिरोह करोड़ों रुपए का मुआवजा प्राप्त कर चुका है,सरेआम नियम विरुद्ध तरीके से मुआवजा राशि में घोटाला होता रहता है और प्रशासन मौन धारण किए रहता है,यही हाल इन दिनों उक्त हाइवे निर्माण कार्य में हो रहा है

**धड़ाधड़ बन रहे मकान**

प्रस्तावित सिंगरौली प्रयागराज हाइवे निर्माण में मुआवजा राशि लूटने की होड मची हुई है जिले तथा जिले के बाहर के मुआवजा माफिया मकान बनाने में लगे हुए हैं चितरंगी तथा आसपास हाइवे में प्रभावित होने वाली भूमियों में लगातार मकान बनाए जा रहे हैं

**कहीं प्रशासन की मौन स्वीकृति तो नहीं**

जिस तरह से प्रस्तावित सिंगरौली प्रयागराज हाइवे में प्रभावित होने वाली भूमियों में धड़ाधड़ मुआवजा वाले मकान बनाए जा रहे हैं और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से उदाशीन बना हुआ है ऐसे में सवाल यह खड़ा होता है कि की कहीं इस खेल में प्रशासन की मौन स्वीकृति तो नहीं है

# रीवा पुलिस पुलिस व्दारा ट्रक में पकड़ा गया (500 किलो)05 क्विंटल गांजा सहित 1.50 करोड से ज्यादा का मशरूका उडीसा से लाई जा रही थी गांजे की खेप

**> ट्रक मे प्लास्टिक के डिब्बों के नीचे जूट की बोरियों मे छुपा कर किया जा रहा था गांजे का परिवहन पकडा गया गांजा लगभग 5 क्विंटल जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10000000/-**

**पंजीबद्ध अपराध:- थाना चोरहटा रीवा मे अप क्र 245/2024 धारा 8/20 (बी),25,25( ए) एन. डी. पी. एस. एक्ट**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ *रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक महोदय रीवा जोन रीवा श्री महेन्द्र सिंह सिकरवार के कुशल नेतृत्व व श्रीमान उप पुलिस महानिरीक्षक महोदय रीवा रेन्ज रीवा श्री साकेत पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विवेक सिंह के निर्देशन व श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अनिल सोनकर व श्रीमान् नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमति रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में रीवा पुलिस द्वारा अवैध गांजे की खेप को में जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई थाना चोरहटा पुलिस को मुखबिर से जानकारी प्राप्त हुई कि राजस्थान पासिंग का ट्रक जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा लोड चोरहटा वाईपास से होता हुआ चोरहटा क्षेत्रान्तर्गत प्रवेश हुआ है, टीम व्दारा तकनीकी रूप से ट्रक की पता साजी करते हुये उद्योग विहार चोरहटा में ट्रक के छुपने की जानकारी मिली थाना क्षेत्र के मुखविरों को जानकारी दी गई जिसमें से विश्वसनीय मुखबिर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि उद्योग विहार खन्ना बोरी फैक्ट्री के पास कत्थई कलर का महिन्द्रा कंम्पनी का ट्रक क्रमांक ऋ्छ 25ॿ 6694 मे अवैध मादक पदार्थ गांजा लोड है एवं बिक्री करने की फिराक मे है । यदि तत्काल कार्यवाही की जाय तो सफलता मिल सकती है वरना मादक पदार्थ गांजा खुर्द बुर्द हो सकता है ।मुखबिर की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी थाना चोरहटा हमराह बल द्वारा उद्योग विहार खन्ना वोरी फैक्ट्री के आस पास सर्चिंग की गई



जो उद्योग विहार खन्ना फैक्ट्री के दूसरी ओर वगीचे की आड में कत्थई कलर का महिन्द्रा कंम्पनी का ट्रक क्रमांक ऋ्छ 25ॿ 6694का मौके पर मिला जिसे हमराह बल के साथ घेरा वन्दी कर ट्रक को पकडा गया,जिसमे वैठे 02 व्यक्तियों से नाम पता पूंछा गया जिन्होने अपना नाम जुगराज सिंह निवासी राजस्थान एवं वीर सिंह निवासी बैकुण्ठपुर का होना बताया जिन संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर विधि अनुरूप तलाशी ली गई। ट्रक की तलाशी लेने पर नीले एवं काले रंग के प्लास्टिक के ड्रमों में ग्लोप्रिंट लिक्विड भरा होना पाया गया लेकिन टीम व्दारा ट्रक की सघन तलाशी लेने पर ड्रमों के नीचे जूट की वोरियां दिखाई दी जिन्हे खोलकर देखने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा 500 किलो ग्राम ट्रक से आरोपी गणों के कब्जे से वरामद किया गया,आरोपी गणों से उक्त गांजे की विक्री के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपी गणों को गिरफ्तार कर थाना चोरहटा रीवा मे अप क्र 245/2024 धारा 8/20 (बी),25,25(ए) एन. डी. पी. एस. एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी - 01 जुगराज सिंह पिता स्वर्ण सिंह उम्र 43 वर्ष नि. गाँधी ग्राम नैनवा रोड अमृतधाम कालोनी थाना सदर जिला बूँदी राज्य राजस्थान 02 वीर सिंह पिता दामोदर सिंह उम्र 47 वर्ष नि मझिगवा थाना बैकुंठपुर जिला रीवा के आगे थाना चोरहटा जिला रीवा म.प्र. 03लालमणि जैसवाल निवासी रायपुर कर्चुलियान 04 लाल सिंह वघेल निवासी मझिगवां 05 राजू गुप्ता जप्त मशरुका- 01 - 500 किलो (05) क्विटल गांजा कीमती लगभग 10000000/- 02 - ट्रक क्रमांक ऋ्छ25ॿ 6694कीमत 40 लाख रुपये

03 उक्त ट्रक मे लोड तस्ह्ड्ड क्कद्धह्रञ क्क्षस 150स्ह कीमती 13 लाख 45 हजार 766 रुपये

04 - 03नग मोवाइल कीमती करीवन 25000/-

मुख्य भूमिका– थाना प्रभारी चोरहटा निरी श्रृंगेश सिंह राजपूत, उप निरी मृगेन्द्र सिंह, उप निरी शैल यादव,उप निरी रामनरेश तिवारी, उनि प्रशांत शुक्ला, सउनि नीरज सिंह, प्रआर 576के पी सिंह, प्रआर 792 अरुण चौवे, आर 966 पंकज मिश्रा, आर 350 नीरज पांण्डेय,आर 1145 चन्द्रकांत अरखेल, आरक्षक 1022 अशोक वर्मा, आर 639 रामनिवास, आर 325

मनोज सहयोगी भूमिकाः- उपनिरीक्षक बालकेश सिंह थाना मैहर, उप निरीक्षक आकाश बागडे थाना अमरपाटन,आर.271 संजय तिवारी पुलिस लाइन मैहर, आर. 881 जितेंद्र पटेल थाना अमदरा,आर.897 राजेंद्र यादव थाना मैहर, आर. 438 शाहफहाद पुलिस लाइन मैहर

# भारत के त्रिकालदर्शी सन्त उमाकान्त जी महाराज की पूरे विश्व के लोगों से प्रार्थना-अभी शाकाहारी हो जाओ तो बहुत से जीवो की बच जाएगी जान




**भविष्य में वैचारिक क्रांति या शासन की शक्ति नहीं तो कुदरत जब शक्ति करेगी तो मजबूरन अंडा, मछली, मांस, शराब छोड़ेंगे***

मुरादाबाद (उ.प्र)वक़्त के पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि कोई मांस खाते हो, मत खाना। आप अगर खाना बंद कर दोगे जो जानवर आपकी (मांस की मांग की) पूर्ति करने के लिए कटेगा, उसकी जान बच जाएगी। पूरे विश्व को लोग अभी शाकाहारी हो जाएं। (नहीं तो) आगे चल करके मजबूरन होंगे। वैचारिक क्रांति (होगी जिससे) समझाने पर बदलेंगे, नहीं बदलेंगे तो शासन की सख्ती होगी तब वह बदल जाएंगे। नहीं तो कुदरत बदलेगी। आप खोजोगे तो इसी (भक्तों की आई हुई भारी भीड़)में मिल जाएंगे जो दस-दस क्विण्टल मछली खा करके बैठे हैं लेकिन समझ में आ गया छोड़ दिए जाएंगे।

**जब कोरोना बीमारी फैली बहुत लोग मांस खाना कर दिए थे बंद**

जब बीमारी फैली, कोरोना आया तब लोग मांस जल्दी नहीं खा रहे थे क्योंकि डॉक्टर लोगों ने कह दिया, मांस खाने की वजह से हुआ है। मुर्गियों की बीमारी चली तो कहो मुर्गा खाओगे? तब कहते थे तौबा-तौबा, राम-राम बोलो। मुर्गा का नाम मत लो। परिस्थितिया ऐसी आती हैं कि आदमी को बुराई छोड़ना ही पड़ जाता है। भविष्य में छोड़ना ही पड़ेगा लेकिन अभी आप छोड़ दोगे तो बहुत से जानवरों को जान बच जाएगी। दया धर्म तन बसे शरीरा। ताकर रक्षा करें रघुवीरा। बिस्मिल्ला रहमान ए रहीम, कहा गया वह रहमान दयावान है दयाबंधु है उसी के बनाए सारे जीव हैं।

**जीव आपने काटा या आपकी वजह से काटा गया उसका बदला देना पड़ेगा**

जीव मनुष्य शरीर पाने की कीमत नहीं समझ पाता है, खाने पीने, मौज-मस्ती में समय को निकाल देता है तब सजा जब मिल जाती है। तब इन्ही योनियों में, मुर्गा भैंसा बकरा आदि के योनि में डाल दिया जाता है। जो गल काटे और का अपना रहा कराय, साहब के दरबार में बदला कहीं न जाय। आपने काटा या आपकी वजह से काटा उसका बदला देना पड़ेगा।

164

# पिता को श्रद्धांजलि देने पुत्रों ने किया श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

केसरिया हिन्दुस्तान अखबार गोटेगांव संवाददाता भानु प्रताप राय




**परिवार के दो बेटे बने श्रवण कुमार।**

**अपने पूज्य पिता जी की स्मृति में करा रहे भागवत कथा का आयोजन।**

**दिनांक 8 मई से 15 मई तक होगी भागवत रस वर्षा।**

**आज से होगा श्री मद भागवत कथा प्रसंग आरंभ।**

गोटेगांव==नगर में कल्चुरी समाज द्वारा नित नए आयोजन देर सबेर किए जाते रहे हैं।इसी श्रृंखला के अंतर्गत कल्चुरी कलार समाज के दो बेटे आधुनिक युग के श्रवण कुमार बनने जा रहे हैं जो अपने पूज्य माता पिता की सदैव सेवा करते रहे हैं।बैलहाई निवासी नीतेश राय, नीलेश राय एवम ये दोनों बेटे अपने पूज्य पिता श्री स्व. भरत राय की स्मृति में दिनांक 8 मई से 15 मई तक भागवत कथा का रसपान भक्तों को कराएंगे।श्री मद भागवत कथा का भक्तों को रसपान आचार्य पंडित धर्मेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा कराया जाएगा।राय समाज के एक बिरले ही परिवार में जन्मे नीतेश राय और नीलेश राय जो कि स्व. भरत राय के बेटे हैं इन्होंने अपने पूज्य पिता के लिए भागवत कथा करने का निश्चय और संकल्प किया अब प्रभु कृपा और पिता के आशीर्वाद से यह भागवत कल 8 मई से आरंभ होने जा रही है।

**पितृ ऋण से हो रहे ऊऋण।** कलयुग में ऐसी संतान होना बहुत बड़ी बात है।पूज्य पिताश्री के आशीर्वाद से आज वो दिन भी आ गया जब वह भागवत के रसपान से भक्तों को उद्धरित करेंगें।

## जावरा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की मीटिंग संपन्न

-देनिक केसरिया हिंदुस्तान रतलाम जिला ब्युरो सुनिल जोशी÷सोनु÷-

जावरा भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुई जिसमें भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शैरानी, जावरा विधानसभा प्रभारी अजय सिंह चौहान,संयोजक महेश सोनी, मंडल प्रभारी अभय कोठारी, शाकीर गडवी, मुबारक शेरानी मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, नंदकिशोर सैनी ,अकरम कबाडी , अजीजुर्रहमान मंदसौर, हारून कुरैशी सरपंच ग्राम पंचायत कचनारा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री इमरान मेव इरफान कुरैशी नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद शरीफ कुरैशी, नगर उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जावरा साबिर कुरेशी, रईस कुरैशी, नूर हुसैन रफीक मंसूरी,आदि की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के मंदसौर जावरा संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया । आभार रमिश अख्तर माना।

## दो गांवो के बिच फारेस्ट विभाग के जंगल मे आग-आग बुजाने गयी फायर ब्रिगेड 20 मिनट रेलवे फाटक पर अटकी, ग्रामीणों की मदद से आज पर काबू पाया

रिपोर्टर - दिनेश शुक्ला

आलोट। फारेस्ट मैं आज एक बार फिर आग लगी है, ये आग आलोट के गांव निपानिया ताल व शिपावरा के बिच लगी है। पहले भी यहाँ स्थित फॉरेस्ट विभाग के जंगल में आग लग चुकी है।



भयावा आग। दोनों गांव के बीच में आज आग भयावा लगी है बताया जा रहा है कि समय पर अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो यह आग निपानिया गांव में प्रवेश कर जाती। आज किस कारण से लगी है यह जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

**20 मिनट तक फायर ब्रिगेड रेलवे फाटक पर उलझी रही।**

निपानिया ताल में आग की सूचना पर आग बुझाने गई आलोट नगर परिषद की फायर ब्रिगेड विक्रमगढ़ रेल्वे फाटक बंद होने के कारण करीब 20 मिनट तक रेल्वे फाटक पर उलझी रही। गांव के सरपंच बापू सिंह ने बताया की आग बहुत तेज थी ग्रामीणों ने मशक्कत कर फिलहाल आग पर काबू पा लिया है, मौके पर कोई भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंच सकी।

# रामनगर पुलिस द्वारा हत्या करने वाले विधि विवादित किशोर को 6 घंटे के भीतर अभिरक्षा मे लिया गया

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

*श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मैहर श्री सुधीर अग्रवाल भा.पु.से.के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मुकेश वैश्य एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय अमरपाटन श्री शिवकुमार सिंह के मार्गदर्शन में रामनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता ।*

*घटना विवरण-* गौरतलब है कि दिनांक 06.05.24 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कर्रा मे हबीबुद्दीन सिद्दीकी के खेत मे शंभू प्रसाद पटेल पिता स्व. राममिलन पटेल उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम कर्रा थाना रामनगर जिला मैहर की किसी ने हत्या कर दी है जिसका शव खेत मे रखी खटिया मे खून से लथपथ रखा है एवं एक महिला अनारकली पटेल एवं उसकी पुत्री व पुत्र गंभीर रुप से घायल है जिस सूचना पर तत्काल मौके से थाना प्रभारी निरी. टीकाराम कुर्मी के नेतृत्व मे पुलिस बल मौके पर कार्यवाही प्रारंभ की गयी एवं घायलों को रामनगर अस्पताल से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल सतना रेफर किये जाने पर एक पुलिस टीम को जिला असपताल सतना भेजा गया जहां पर आहत बालिका द्वारा रिपोर्ट की गयी कि पुरानी बुराई के चलते उसी के गांव के विधि विवादित किशोर द्वारा दिनांक 05.05.24 एवं 06.05.24 की दरम्यानी रात करीब 02 बजे सोते समय जाने से मारने के इरादे से मृतक शंभू पटेल के




उपर सब्बल से हमला किया गया एवं फरियादिया, उसकी मां अनारकली व उसके भाई के उपर भी सब्बल एवं चाकू से जानलेवा हमला किया गया जिससे शंभू पटेल की मौके पर ही मृत्यु हो गयी एवं फरियादिया, उसकी मां अनारकली व भाई गंभीर रुप से घायल है उक्त रिपोर्ट पर विधि विवादित किशोर के विरुद्ध अपराध क्र. 185/24 धारा 302,307, 324 भादवि. का एवं मर्ग क्र.43/24 धारा 174 जाफौ का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया जो मौके पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मैहर, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय मैहर, श्रीमान एसडीओपी महोदय अमरपाटन, निरी. टीकाराम कुर्मी थाना प्रभारी रामनगर, निरी. के.पी. त्रिपाठी थाना प्रभारी अमरपाटन , निरी. के.एन. बंजारे थाना प्रभारी ताला मय अपने हमराह स्टाफ के मौके पर पहुंचकर विधि सम्मत कार्यवाही करते हुए विधि विवादित किशोर की तलाश शुरू की गयी जो दस्तयाब होने पर पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया है ।

*सराहनीय भूमिका -* निरीक्षक टीकाराम कुर्मी थाना प्रभारी रामनगर, निरी. के.पी. त्रिपाठी थाना प्रभारी अमरपाटन , निरी. के.एन. बंजारे थाना प्रभारी ताला, उप निरी. बी.एल. रावत, सउनि. बलवीर सिंह, सउनि कौशिल्या देवी, सउनि धीरज भारती, सउनि लीलामणि सिंह बघेल थाना ताला, प्र.आर. विजय शर्मा, प्र.आर. नितीश यादव, प्र.आर. राम सिंह, आर. संजय यादव, आर. राजेश यादव, आर. नीरज पाण्डेय ।

# चिलचिलाती धुप पारा हुवा के 40 पार,लोगो को अब होने लगी परेशानी, तुलावटी तोल काटे के नीचे बैठ कर अपने आप को गर्मी से बचा रहे



आलोट।पिछले एक सप्ताह से गर्मी ने लोगों के होश उड़ा दिये हैं। तापमान के बढ़ने से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। दिन निकलते ही तेज चिलचिलाती धूप से लोगों को भारी परेशानी हो रही है।जिस कारण दोपहर के समय सड़के सूनी हो जाती है। दोपहर के समय लोग घरों में दुबक जाते हैं, लेकिन जो लोग घरों से निकलते हैं वे धूप से बचने के लिए पूरा एहतियात कर लेते हैं। आलोट मे मंगलवार का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा। लोग मुंह ढक कर धूप से बचने का प्रयास करते हुए घर से निकले।

**अप्रेल माह मे दिखा गर्मी का असर।**

लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण लोग बेहाल हैं। ऐसा लगता है कि मानो आसमान से अंगारे बरस रहे हैं और गर्म हवा के थपेड़ों से लोगों का सड़क पर निकलना दूभर हो गया है। दिन में चिलचिलाती धूप और गर्म हवा के झोंके, तो रात में उमस भरी गर्मी लोगों को रूला रही है। अप्रैल के महीने में गर्मी का इतना एहसास नहीं हुआ और मई में गर्मी अपना रूद्र रूप दिखा रही है।

**गर्मी के कारण तुलावती को हो रही परेशानी।**

तुलावटी को गर्मी के समय में काम करने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वह तेज धूप के चलते इलेक्ट्रिक कांटे के नीचे बैठकर गर्मी के प्रकोप से बचते हुए नजर आ रहे हैं।कई लोग पेड़ों की छांव के नीचे बैठकर अपने आप को गर्मी से बचा रहे हैं।लू व गर्मी से बचने के लिए लोग मुँह पर कबड़ा बांध कर बाईक चला रहे है।

# चाईल्ड पोर्नोग्राफी आईटी एक्ट के तहत अपराध




**आईपीसी की धारा 354 सी तथा पोक्सो की धारा 11/12 के तहत दण्डनीय***

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*
मो.7509091263

राज्य सायबर पुलिस भोपाल द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें कहा गया कि वर्तमान डिजीटल परिवेश में जब हम व्हाट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रिय रहते हैं एवं कई ग्रुपों में भी हमें परिचितों व अंजान व्यक्तियों द्वारा जोड़ लिया जाता है, इन ग्रुपों में ऐसी वीडियो या चलचित्र सामग्री, जिनमें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को लैंगिक प्रदर्शन करते हुए या इस तरह की एक्टिविटी में संलिप्त दिखाया जाता है, जो अपराध की श्रेणी में आता है। यदि आप चाईल्ड पोर्नोग्राफी तैयार, संग्रहित, प्राप्त, डाउनलोड, आदान-प्रदान वितरित अथवा ब्राउज/सर्च करेंगे या बढ़ावा देंगे तो आईटी एक्ट की धारा-67बी, आईपीसी की धारा 354 सी तथा पोस्को की धारा 11/12 के तहत अपराधी बन जाएंगे।

**यह बरतें एहतियात**

सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म फेसबुक, व्हाट्सएप, टेलीग्राम आदि के ऐसे ग्रुपों में न जुड़ें जिनमें चाईल्ड पोर्नोग्राफी का आदान प्रदान होता है। अपने व्हाट्सएप टेलीग्राम की सेटिंग को मजबूत रखें ताकि आपकी अनुमति के बगैर कोई व्यक्ति ग्रुप में न जोड़ सके। साथ ही सेटिंग में जाकर ऑटो डाउनलोड को बंद करें। ऐसे ग्रुपों से हट जाएं और ग्रुप के मेंबर्स को भी इसकी जानकारी दें, जिनमें इस तरह की सामग्री पोस्ट की जाती है। ऐसी वेबसाइट को विजिट न करें न ही किसी एप्लीकेशन को इंस्टाल करें जहां चाईल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित सामग्री हो। यदि आप किसी भी सायबर अपराध, धोखाधड़ी या ठगी का शिकार होते हैं तो तत्काल नजदीकि थाने, www.cybercrime.gov.in या सायबर क्राइम हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर संपर्क कर जानकारी दें।

# केन्द्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*

मो.7509091263

कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में मंगलवार को केन्द्रीय विद्यालय छतरपुर के मीटिंग हॉल में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। विद्यार्थियों ने पूरे हर्ष और उल्लास के साथ स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर काजोल सिंह, केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य मनीष रूसिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जी.आर. ने प्राचार्य को निर्देश दिये कि इस तरह की बैठक निरंतरता के साथ हो। जिससे कि केन्द्रीय विद्यालय का विकास और भी बेहतर तरीके से हो सके। पिछली मीटिंग 13 अक्टूबर 2023 के बिन्दुओं पर चर्चा कर उनकी स्थिति का आकंलन पूर्ण रूप से संपन्न किया गया।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने बजट का उत्कृष्ट उपयोग करने के निर्देश दिये और यह भी कहा कि राशि लैप्स नहीं होनी चाहिए। जितनी भी स्कूल के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ की आवश्यकताओं को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिये। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा फील्ड विजिट पर लेकर जाये



और कार्यालयों का भ्रमण करवाएं जिससे वो उनकी कार्यप्रणाली को समझ सके। नगरपालिका के साथ मिलकर वर्मीकम्पोस्टिंग में बच्चों के साथ भागीदारी करें। स्कूल के समीप क्लीनअप ड्राइव का आयोजन करें। जिससे कि स्वच्छता का पाठ उन्हे प्रत्यक्ष रूप से मिल सके। स्कूल परिसर में खेलों के लिए मूलभूत संरचना की पूर्ति करें। इन बैठकों में बच्चों की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। स्कूल प्रांगण में सोलर पैनल के जरिए सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय संसाधन के बारे में बच्चों को अवगत कराएं। कार्बन केडिट कमाने के लिए प्रिसिंपल महोदय को विशेष आग्रह किया गया। स्कूल परिसर में रेडियो क्लब की स्थापना भी करवाएं, जिससे बच्चों की कुशलताओं में बढ़ोत्तरी हो सके। स्कूल में बच्चों को समक्ष हर एक व्यवसाय के रूप में अतिथि के रूप में बुलाकर ज्ञान का संचार करें। कलेक्टर श्री जी.आर. ने स्कूल परिसर का निरीक्षण किया और कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से चर्चा की और उनके भविष्य के योजनाओं के बारे में जानकारी ली। स्कूल परिसर में खेल मैदान और स्पोर्ट रूम का निरीक्षण करते हुए सुझाव के निर्देश दिये। कक्षा 10वीं के छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने, बिना मानसिक तनाव के पढ़ने और सकारात्मक रूप से अपने विद्यार्थी जीवन का निर्वहन कर आनंद लें।

# किसानों के गेहूं उपार्जन का करें भुगतान, समझे दर्द- कमिश्नर

### डीओ पत्र का जवाब न मिलने, संबंधित अधिकारी को करें निलंबित- बीएस जामोद

### कमिश्नर ने विभागवार की कार्यों की समीक्षा




फोटोः 01

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने मंगलवार को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली तथा विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कमिश्नर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों में किसानों के गेहूं उपार्जन का भुगतान 9 मई तक सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भुगतान किसी भी स्थिति में लंबित न रहे, किसानों का दर्द समझे। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग के उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करें तथा बैठक में कोई भी जानकारी छुपाए नही। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो जानकारी दें। कमिश्नर ने बारदाने, परिवहन आदि की जानकारी ली तथा कहा कि उपार्जन केंद्रो में समुचित बारदाने उपलब्ध रहें।

अधिकारी को निलंबित करने के दिए निर्देश

कमिश्नर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डीओ पत्र का जवाब न मिलने व डीओ पत्र न होने पर संबंधित अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड व अन्य कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पीएमजीएसवाई के अधिकारी बैठक में अनुपस्थिति होने पर नोटिस देने एवं एनएच के अधिकारी को डीओ लेटर जारी करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि शहडोल संभाग में दगना कुप्रथा रोकने हेतु संयुक्त रूप से प्रभावी कार्यवाही करें और उसका परिणाम भी दिखें। उन्होंने कहा कि ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं से संवाद करें और दगना कुप्रथा रोकने के संबंध में जागरूक करें। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जमोद ने पशुपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि समय में पशुओं का टीका लगवाए। कमिश्नर ने एक जिला एक उत्पाद के तहत हल्दी के उत्पाद का भी क्रय किया।

### कमिश्नर ने दिए निर्देश

बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी अधिकारी बिना सूचना के बैठक में अनुपस्थित न रहे यदि आवश्यकता होने पर सूचना दें। उन्होंने कहा कि कमिश्नर कार्यालय में आयोजित होने वाले बैठकों में जानकारी के साथ उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ कार्यों को प्राथमिकता के साथ करें। कमिश्नर ने एमपीआरडीसी, एमपीईबी, सामाजिक न्याय, स्कूल शिक्षा विभाग आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, संयुक्त संचालक महिला बाल विकास श्रीमती मंजूलता सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. लाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।



# सड़कों की स्थिति बरसात के पूर्व सुधारे-कलेक्टर

### ब्लैक स्पॉटों को चिन्हित कर सुधारे स्थिति, बैठक संपन्न

शहडोल। कलेक्टर तरुण भटनागर की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए की आधे अधूरे निर्माण कार्यों को बरसात के पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ब्यौहारी से टेटका सड़क मार्ग की स्थिति को सुधार करवाए तथा सड़कों में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करें जिससे बरसात के समय शिकायत न मिलें। उन्होंने कहा कि सड़क मार्ग में लगने वाली मटेरियल गुणवत्ता युक्त हो यह भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में ब्लैक स्पॉटों को चिन्हित करे और उनकी स्थिति सुधारें जिससे सड़क दुर्घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉटों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार चौडीकरण, स्पीड ब्रेकर, साइन बोर्ड, गति सीमा बोर्ड आदि लगवाना सुनिश्चित करें तथा ब्लैक स्पॉटों का निरीक्षण भी करें। कलेक्टर ने ब्यौहारी अंतर्गत सोन नदी (विजयसोता) में निमार्णाधीन ब्रिज की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोन नदी पर निमार्णाधीन ब्रिज के कार्य में प्रगति लाए और समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में प्रगति न लाने वाले ठेकेदारों व संबंधितों को नोटिस देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कनवाही ब्रिज, खैरा-पिपरिया ब्रिज, नदो-चचाई भमरहा-गोरखपुर आदि ब्रिजों के निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में चर्चा की और समय पर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में जिले के अन्य सड़क मार्गों की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, ब्रिज कारपोरेशन के बीएस मरकाम, एमपीआरडीसी, आरडीसी, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी उपस्थित थें।

# दागना कुप्रथा रोकने हेतु आयोजित किए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम




शहडोल। दागना कुप्रथा रोकने हेतु कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर, ब्यौहारी, बुढ़ार एवं गोहपारू के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जिले के जनपद पंचायत बुढार अंतर्गत ग्राम पंचायत माजरा टोला, कोठीवाल, टिकुरी, झिरिया में जनपद पंचायत ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत आखेटपुर, जमुनी पपौध, सुखाड में जनपद पंचायत गोहपारू एंव जयसिंहनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवदहा, धनगंवा, छूंदा, देवरा एवं अन्य ग्राम पंचायतो में महिलाओं को दागना कुप्रथा रोकने हेतु दीवार लेखन, डोर-टू-डोर, नाराकंन, पोस्टर आदि के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं को समझाइए दी जा रही है कि बच्चों को दागना कानूनन अपराध है, बच्चों को दागने पर संबंधितों के विरूद्व 1 लाख रूपये का जुर्माना और 3 साल की सजा हो सकती है, यादि कोई बच्चा बीमार होता है तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र और डॉक्टर की सलाह से उपचार कराएं। मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि छोटे बच्चों को निमोनिया होने पर दागे नही न ही किसी के बहकावे में आकर दागे, दागने से बच्चों के स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ता है। दागना कुप्रथा रोकने हेतु चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को बच्चों को न दागने हेतु शपथ भी दिलाई गई। जन जागरूकता अभियान में ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ सहित अन्य मैदानी अधिकारी शामिल थें। गौरतलब है कि जिले को दागना मुक्त बनाने हेतु 10 मई 2024 तक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना का कार्य सम्पन्न कराएं- उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### मतगणना हेतु मास्टर ट्रेनर्सो को दिया गया प्रशिक्षण




शहडोल। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग की उपस्थित में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में मतगणना प्रक्रिया हेतु मास्टर ट्रेनर्सो को प्रशिक्षण दिया गया। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने मास्ट्रर ट्रेनर्सो से कहा कि मतगणना के कार्य में हमें किसी भी प्रकार की कोई जल्दबाजी नहीं करनी है। हमें शान्ति पूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना का कार्य सम्पन्न कराना है। उन्होंने मास्टर टेनर्सो को निर्देश दिए कि आप सभी मतगणना के प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें एवं अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त कर मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक, एवं माइक्रा आर्ब्जबर को प्रशिक्षण देना सुनिचित करें। प्रशिक्षण में मतगणना स्थल में प्रवेश करने, मतगणना टेबल पर कर्मचारियों के कर्तव्य, मतगणना अभिकर्ता की नियुक्त की प्रक्रिया, कंट्रोल यूनिट की संम्पूर्ण प्रक्रिया, 17सी से डाटा के मिलान की प्रक्रिया, एड्रेस टैग सत्यापित कर ड्रॉप बॉक्स की सील खोलना, परिणाम ज्ञात लगाना जैसी अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नोडल अधिकारी निर्वाचन प्रशिक्षण आर.एस. गौतम, मास्टर ट्रेनर्स अनिल श्रीवास्तव, पीके सालवार सहित अन्य मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीय पर्व पर बाल विवाह रोकने उड़नदस्ता दल गठित

शहडोल। कलेक्टर तरूण भटनागर ने आदेश जारी किया है कि विभिन्न त्यौहारों एवं पर्वो पर बड़ी संख्या में विवाह आयोजित किये जाते है। जिनमें बाल विवाह भी होते है, 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया पर्व है. जिसमें बाल विवाह होने की संभावना होती है। ऐसी स्थिति में बाल विवाह की रोकथाम हेतु कलेक्टर तरूण भटनागर ने उडनदस्ता दल का गठन किया है। जो बाल विवाह की सूचना होने पर संबंधित क्षेत्र के बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के समन्वय व सहयोग से तत्काल बाल विवाह को रोकने के लिये आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेगें। जारी आदेश के अनुसार ग्राम स्तर पर ग्राम की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता व पंचायत सचिव इसी प्रकार विकास खंड स्तर पर समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक समस्त सेक्टर बाल कल्याण, समस्त पुलिस अधिकारी थाना एवं जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग उप पुलिस अधीक्षक, विशेष किशोर पुलिस इकाई चाइल्डलाइन यूनिट को दल में शामिल किया गया है।

# पुलिस अधीक्षक की विशेष टीम द्वारा एनडीपीएस एवं ड्रग कंट्रोल एक्ट तहत बड़ी कार्यवाही

### कुल 79 नग नशीले इंजेक्शन जप्त, 01 आरोपी गिरफ्तार

शहडोल। सोमवार को पुलिस अधीक्षक शहडोल को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत पटेल नगर में बड़ी भीट के पास एक व्यक्ति मोटर सायकिल की डिग्गी में नशीले इन्जेक्शन रखकर बेचने की फिराक में घूम रहा हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक द्वारा तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये गए। पुलिस अधीक्षक की विशेष टीम एवं कोतवाली पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर देखा गया तो एक मोटर सायकिल क्रमांक एम0पी0 18 एम0ए0 4240 बड़ी भीट के पास खड़ी दिखी जिसके पास पहूँचकर वाहन के पास खड़े व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मोहम्मद सैफ उर्फ दुर्रानी पिता मोहम्मद सलीम निवासी दुर्गा मन्दिर के पास पुरानी बस्ती शहडोल का होना बताया। उसकी एवं मोटर सायकिल की तलाशी लेने पर मोटर सायकिल की डिग्गी में 79 नग नशीले इंजेक्शन होना पाया गया। जिससे वाहन एवं नशीले इंजक्शन के बारे में दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज न होना बताया जिससे आरोपी के विरूद्ध एमडीपीएस एक्ट एवं म0प्र0 ड्रग कन्ट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

### पुलिस ने की आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत सोमवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना मिली कि धनपुरी में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर धनपुरी पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी सागर विश्वकर्मा पिता छोटे लाल विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी धनपुरी को पकड़कर तलाशी लेने पर उनके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# पढ़ाई एक बेहतरीन कार्य -कलेक्टर

### उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित




शहडोल। जिला स्तर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं सहित स्कूल प्राचार्यों को कलेक्टर तरूण भगनागर ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानति किया। इस अवसर पर कलेक्टर तरूण भटनागर ने कहा कि पढ़ाई एक बेहतरीन कार्य है, विद्यार्थी जीवन में पूरी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें बेहतर जीवन एवं अच्छी नौकरी देने के साथ-साथ एक अच्छा इसांन भी बनाती है। शिक्षा की मदद से हम अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए बेहतर से बेहतर निर्णय लेकर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में पालकों एवं शिक्षकों का विशेष योगदान होता है इनका सम्मान करना चाहिए। कलेक्टर ने जिला स्तर पर अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने पर छात्र-छात्राओं, पालको एवं स्कूल प्राचार्यो को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मारपाची सहित, छात्र-छात्राएं एवं संबंधित स्कूल के प्राचार्य भी उपस्थित रहे।

# अवैध रेत उत्खनन, भंडारण पर की गई कार्यवाही, प्रकरण दर्ज



शहडोल। कलेक्टर तरुण भटनागर की मार्गदर्शन एवं निर्देशन में राजस्व, खनिज और पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन, भंडारण पर संयुक्त रूप से कार्यवाही की। मंगलवार को ग्राम सथनी, तहसील ब्योहारी के ख. क्र. 205, रकवा 1.347 हेक्टेयर क्षेत्र के अंश भाग पर 60 घन मी. (लगभग), अवैधभंडारणकर्ता- उमंग सिंह पिता उमेश सिंह एवं नीरज सिंह पिता अनिल सिंह दोनों निवासी सथनी एव ग्राम बरहाई, तहसील ब्योहारी के ख. क्र.83/1/1, रकवा 0.1810 हेक्टेयर क्षेत्र के अंश भाग पर 90 घन मी. (लगभग) भूमि स्वामी- अजीत एव रामाधार पिता रामधनी, नि. जनकपुर तथा ग्राम बरहाई, तहसील ब्यौहारी के ख. क्र. 81/1, रकवा 0.676हेक्टेयर क्षेत्र के अंश भाग पर 120 घन मी. (लगभग) भूमि स्वामी- अशोक, संतोष, अमर सभी के पिता सुरेंद्र सिंह तथा अन्य। समस्त रेत को जप्त कर भूमिस्वामी, अवैध भंडारणकर्ता के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# 50 फीट गहरे कुएं में गिरी गाय: विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दिखाई सजगता, क्रेन बुलाकर गाय को सुरक्षित निकाला बाहर

### दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ मनोज सिंह /जिला ब्यूरो



टीकमगढ़।शहर के वार्ड नंबर 14 में बतख चौराहे के पास एक कुएं में गाय गिर गई। मोहल्ले वालों की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कोतवाली थाना पुलिस सहित नगर पालिका अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद क्रेन की मदद से गाय को बाहर निकाला गया।

विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक सेन बताया कि आज बतख चौराहे के पास करीब 50 फीट गहरे कुएं में गाय के गिरने की सूचना मिली। मौके पर जाकर देखा तो गाय कचरे से भरे कुएं में पड़ी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार देर रात गाय कुएं में गिर गई थी। सुबह लोगों ने देखा तो वार्ड पार्षद सहित अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन सुबह 10 बजे तक कोई मौके पर नहीं पहुंचा। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने कोतवाली थाना प्रभारी और नगर पालिका सीएमओ को फोन लगाकर गाय को कुएं से बाहर निकाले जाने की बात कही।

इस दौरान वार्ड नंबर 14 के पार्षद पति पंकज प्रजापति और वार्ड 23 के कांग्रेस पार्षद रामकुमार यादव भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने क्रेन मौके पर बुलाई और स्थानीय लोगों की मदद से गाय को कुएं से बाहर निकाला गया। अशोक सेन ने बताया कि करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गाय को बाहर निकाला जा सका।

### *कई स्थानों पर खुले पड़े कुएं*

शहर के कई मोहल्लों में पुराने कुएं खुले पड़े हैं।

ज्यादातर कुओं में लोग कचरा डालने लगे हैं। कुछ कुएं काफी गहरे हैं, लेकिन उनके चारों ओर सुरक्षा घेरा नहीं बनाया गया है। विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से खुले पड़े कुओं के चारों ओर सुरक्षा घेरा तैयार करने की मांग की है। ताकि आगे इस तरह के हादसे ना हो सके।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश
दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# बेहटा व रामपुर मथुरा में चल रहा मनरेगा फर्जीवाड़े का खेल

### *विकास खंड बेहटा फर्जी हाजिरी के साथ साथ कराये जा रहे अग्रिम भुगतान*

### ग्राम पंचायत मिदनिया रामरूढा व खैरेपट्टी में फर्जी हाजिरी दर्ज कर किया जा रहा घोटाला




सीतापुर(बेहटा) विकास खंड बेहटा मनरेगा घोटाला में नए आयाम कायम कर रहा है, वैसे तो जनपद में डी सी मनरेगा के संरक्षण के चलते मनरेगा कार्यो में भृष्टाचार फल फूल रहा है, लेकिन बेहटा में बिना कार्यो के श्रमिक हाजिरी व बिना कार्य कराये ही अग्रिम भुगतान होना आम बात है, विकास खंड बेहटा में अधिकतर ग्राम पंचायतो में फर्जी हाजिरी दर्ज कर घोटाला तो किया ही जा रहा है, वही कुछ विशेष ग्राम पंचायतो में बिना कार्य के भुगतान भी किये जा रहे है।

इसी क्रम में जब मीडिया की टीम ने जांच पड़ताल की तो विकास खंड के कई ग्राम पंचायतों में घोटाले पाए गए।

विकास खंड की ग्राम पंचायत मदनिया में भी मनरेगा कार्यो में शासनादेश व नियमो को ताख पर रख फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत दो कार्य कार्ये जा रहे है, मनोज कुमार पाल के खेत से पक्की रोड तक चकमार्ग निर्माण कार्य पर 6 मास्टर रोल पर 56 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की गई लेकिन कार्यस्थल श्रमिक विहीन पाया गया वही खेत पर काम कर रहे एक किसान ने बताया कि सुबह कुछ लोग आते है फ़ोटो ले ली जाती है लेकिन वो लोग काम नही करते है, जब इस पूरे मामले की गहनता से जांच की गई तो पता चला कि काम तो बिल्कुल नही हुआ है बल्कि बिना कार्य कराए ही भुगतान भी करा दिया गया है, मजे की बात यह भी रही कि इस पूरे कार्य पर बिना कार्य के ही अभी तक 990 श्रमिको की उपस्थिति दर्ज की जा चुकी है।

वही चल रहे दूसरे कार्य आशाराम के खेत से सरवन के खेत तक भूमि विकास कार्य पर 6 मास्टर रोल पर लगभग 54 श्रमिको की उपस्थित दर्ज की गई लेकिन मौके पर इस कार्य पर भी श्रमिक नही पाए गए।

ग्राम पंचायत रामरुहा में मनरेगा के अंतर्गत दो कार्यो का संचालन किया जा रहा था, दोनो ही कार्यो पर जिम्मेदारो ने फर्जी हाजिरी दर्ज की गई थीं। पहले कार्य संकटा के खेत से बैजनाथ के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य व 7 मास्टर रोल पर 61 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की गई है, वही दूसरे कार्य छोटेलाल के खेत से खगेस्वर के खेत तक नदी किनारे बंधा निर्माण कार्य पर लगभग 64 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की गई, लेकिन दोनो की कार्यो श्रमिक कार्य करते हुए नही पाए गए।

वंहा पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने बताया कि काम एक माह से बंद चल रहा है।

ग्राम पंचायत खैरेपट्टी में भी मनरेगा के चल रहे कार्य मे घोटाला किया जा रहा है, पहले कार्य मुनिजर के खेत से चकमार्ग तक भूमि विकास कार्य पर 6 मास्टर रोल पर 49 श्रमिक व दूसरे कार्य सुंदरलाल के खेत से रामगुलाम के खेत तक भूमि विकास कार्य पर 6 मास्टर रोल पर 55 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की गई, ऑनलाइन दर्ज की गई हाजिरी में कई माह पुरानी फ़ोटो अपलोड की जा रही है, व वही फोयो बार बार कई दिन से अपलोड की जा रही है फिर भी जिम्मेदार धृतराष्ट्र बने हुए है। जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बात की जानी चाही तो उनके द्वारा बार बार फ़ोन काट दिया गया।

वही विकास खंड रामपुर मथुरा में फर्जी अग्रिम भुगतान के चलते ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक व विकास खंड के अधिकारी आमने सामने आ गए ताजे मामले में

ग्राम रोजगार सेवक ने तकनीकी सहायक द्वारा मास्टर रोल पर साइन न करने से मजदूरों का भुगतान न होने की शिकायत बीडीओ से किया।

ग्राम पंचायत रन्नी में मनरेगा योजना अंतर्गत अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कराया जा रहा है।जिसमे मजदूरों की हाजरी का कार्य ग्राम रोजगार सेवक के द्वारा किया जाता हैं जिसमें मजदूरों की उपस्थिति की पुष्टि ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, तकनीकी सहायक के द्वारा किया जाता हैं तत्पश्चात एपीओ के द्वारा फाइल फीड कराकर मजदूरों का भुगतान किया जाता हैं। ग्राम रोजगार सेवक संतोष कुमार ने बीडीओ को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि तकनीकी सहायक अंग्रेज के द्वारा मास्टर रोल पर साइन न करने के कारण मजदूरों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जबकि मास्टर रोल पर ग्राम प्रधान बंदना सिंह, ग्राम पंचायत सचिव संजीव कुमार गुप्ता तथा रोजगार सेवक संतोष कुमार के हस्ताक्षर बनाए गए हैं।

[ प्रधान पति राकेश सिंह ने बताया कि टी ए अंग्रेज सिंह के द्वारा 50 पर्सेंट कमीशन मांगा जा रहा है ना देने के कारण मास्टर रोल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं।

6तकनीकी सहायक अंग्रेज ने बताया कि ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक के द्वारा अमृत सरोवर में कार्य मनरेगा मजदूरों से न कराकर ट्रेक्टर से जोतवा दिया गया है प्रधान पति राकेश कुमार व रोजगार सेवक संतोष कुमार के द्वारा मास्टर रोल पर हस्ताक्षर बनवाने का दबाव बनाया जा रहा है।

वहीं ग्राम पंचायत सचिव संजीव कुमार गुप्ता से बात की गई तो बताया बात करके बताएंगे।

शिकायत मिली थी जिसकी जांच किया है मौके पर कोई भी कार्य नहीं कराया गया है फर्जी भुगतान कराया जा रहा है भुगतान निरस्त कर दिया गया है।

**संदीप कुमार**
**खण्ड विकास अधिकारी रामपुर मथुरा**

चुनाव चलते व्यस्तता ज्यादा है और कर्मचारी भी कम पड़ गए है, जिसके चलते किसी को भेज पाना भी मुश्किल है, फिर भी में इसको प्राथमिकता से दिखवा कर कारवाही करते है।

**जितेन्द्र कुमार मिश्र**
**डीसी मनरेगा सीतापुर**

# जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया



सीतापुर ।मा0 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुपालन में मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर मनोज कुमार तृतीय द्वितीय, के निर्देशानुसार आज दिनांक 07.05.2024 को समय-01:30 बजे के उपरान्त नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर तथा भागीरथ वर्मा, अपर जिला जज, स्पेशल पाक्सो कोर्ट संख्या-14 सीतापुर द्वारा जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जिला कारागार सीतापुर में महिला बैरक का निरीक्षण किया गया, सभी महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि सभी के पास उनके अपने निजी अधिवक्ता उपलब्ध है। दोष सिद्ध महिला बन्दियों से पूछने पर बताया कि जिला कारागार द्वारा जेल अपील तथा निजी अपील कराई जा चुकी है। सभी महिला बन्दियों को निःशुल्क लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के बारे में बताया गया। समस्त महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि उन्हें समय से खाना दिया जाता है। इसके पश्चात किशोर बैरक का भी निरीक्षण किया गया। जिला कारागार सीतापुर में स्थित पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया पाकशाला में साफ-सफाई सही पाई गयी। निरीक्षण के दौरान पाकशाला में सायंकाल का भोजन नियमानुसार बनते पाया गया।

इसी क्रम में जिला कारागार सीतापुर में स्थित लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एक जेल पी0एल0वी0 द्वारा विधिक सहायता हेतु तैयार किये गये सभी रजिस्ट्रों व लीगल एड डिफेन्स काउंसिल अधिवक्ताओं के रजिस्टर की भी जांच की गयी। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, जेलर अरविन्द कुमार श्रीवास्तव तथा डिप्टी जेलर विजय लक्ष्मी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा। जेल लीगल एड क्लीनिक के समस्त रजिस्टरों को अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा देखा गया, तथा जेल पी0एल0वी0 को निर्देशित किया गया कि वह सभी बन्दियों को प्रतिदिन निःशुल्क विधिक जानकारी प्रदान करते रहें।

जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार सीतापुर में कौशल विकास योजना के अन्तर्गत बन्दियो द्वारा गाय के गोबर से धूपबत्ती व दरी बुनाई का कार्य तथा मिट्टी से अनेको प्रकार बर्तन इत्यादि तैयार किये जा रहे है। इसी अनुक्रम में बन्दियों को फूल द्वारा धूपबत्ती सम्बन्धी प्रशिक्षण एवं अन्य भावी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी।







## मिश्रिख व सेवता में योगी की हुई जनसभाएं

### जब जब राम द्रोही राम अस्तित्व को नकारते है

### तब तब नैमिष प्रत्यक्ष प्रमाण के साथ खड़ा होता है

मिश्रिख, सीतापुर। अठ्ठासी हजार ऋषि मुनियों की पावन धरती पर उतरे योगी आदित्यनाथ ने समर्थको को किया संबोधित आपको बता दें कि मिश्रिख लोकसभा के प्रत्याशी सांसद अशोक कुमार रावत के पक्ष मे आज योगी आदित्यनाथ मिश्रिख के मेला मैदान पहुंचे जहां उनके समर्थको ने जय श्री राम के नारों से उनका स्वागत किया । योगी ने अपने संबोधन में कहा जनपद सीतापुर के नैमिष मिश्रिख की पावन धरा है जब भी कोई राम द्रोही राम के अस्तित्व को नकारने का काम करता नैमिष प्रत्यक्ष प्रमाण के साथ सामने आ खड़ा होता है। सत्ता विरोधी फिर से राम के अस्तित्व को चौनोती देने लगे हैं भा जा पा की डबल इंजन सरकार ने जो कार्य प्रारंभ किया है जिससे आज अयोध्या एक नई नजर आ रही है उसी तरह नैमिष का विकास सबको दिखाई देने लग गया है उन्होने कहा सीतापुर के नैमिष पर पूरे विश्व की नजर है नैमिष में जल्द ही वायु सेवा, हेलीकाप्टर सेवा, इलेक्ट्रिक बस सेवा, व मां ललिता देवी मंदिर का सुंदरी करण कराया जायेगा ।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में की गई मुख्यमंत्री द्वारा विशाल जनसभा

रेउसा सीतापुर। भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई विशाल जनसभा को संबोधित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा को जिताने की अपील की इसमें शेवता के विधायक ज्ञान तिवारी ने भी डेढ़ लाख पार का नारा दिया और जनता का सम्मान किया इसमें जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं बहुत से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं नेता और उपस्थित रहे मुख्यमंत्री ने अबकी बार 400 पर का नारा दिया अपार जनसमूह का आभार व्यक्त किया

## पूर्व राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी छात्रसभा रंजीत रस्तोगी सैकड़ों समर्थको के साथ भाजपा में हुए शामिल

खैराबाद सीतापुर। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर आज रंजीत रस्तोगी अपने सैकड़ों समर्थको के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय पद से मुक्त होकर भारतीय जनता पार्टी में सामिल हुए। पार्टी में सामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि मैं अपने सभी साथियों का विशेष रूप से आभार व्यक्त करता हु जिन लोगो ने मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर सैकड़ों के हुजूम में मेरे साथ चलकर भाजपा में सामिल हुए। भाजपा में सामिल होने के उपरांत प्रधानमंत्री मोदी जी के 400 पार नारे को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प भी लिया।

## ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में महिला घायल

बिसवां सीतापुर - थाना सदरपुर अंतर्गत जहांगीराबाद स्थित पोस्ट ऑफिस के निकट बाइक व ई-रिक्शा में टक्कर होने से एक महिला घायल हो गयी। घायल को इलाज के लिये बिसवां सीएचसी भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार थाना रेउसा के रघुनाथपुर गांव निवासी कैसरजहां बाइक पर सवार होकर बिसवां की ओर से अपने घर रघुनाथपुर जा रही थीं। जब वह जहांगीराबाद कस्बे में पोस्ट आफिस के पास पहुंचीं तभी सामने से आ रहे ई- रिक्शा ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार महिला कैसरजहां (50 वर्ष) पत्नी असरफ अली बाइक से नीचे गिर कर घायल हो गयीं। उनके बायें हांथ में फ्रैक्चर हो गया। रिक्शा लगभग चौदह वर्षीय आशीष पुत्र वीरेन्द्र निवासी ग्राम कुण्डी भैंसहा थाना रेउसा चला रहा था। घटना की जानकारी 112 डायल को दी गई। पुलिस ने मौके पर पंहुच कर घायल को सीएचसी बिसवां भेजवाया तथा रिक्शा चालक आशीष पुत्र वीरेन्द्र को रिक्शा सहित देबियापुर पुलिस चौकी लेकर गई।

# जन सुविधा केन्द्र, कलेक्ट्रेट सीतापुर को ई0वी0एम0 कंट्रोल रूम स्थापित किया गया

सीतापुर । अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र दिनांक 29 मार्च 2024 द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संदर्भ में जनपद स्तर पर ई0वी0 एम0 एवं वी0वी0 पैट मशीनों के मूवमेंट की ट्रैकिंग हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर ई0वी0एम0 कन्ट्रोल रूम स्थापित कर प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी नामित करने तथा जनपद स्तर पर ई0वी0 एम0 एवं वी0वी0 पैट का परिवहन करने वाले वाहनों में जी0पी0एफ0/मोबाइल बेस्ड ट्रैकिंग का प्राविधान कराते हुए उक्त की मॉनीटरिंग से संबंधित लिंक/वेबपेज सभी सुसंगत केडेनशियल आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश प्राप्त हुए है। उक्त प्राप्त निर्देशों के क्रम में जन सुविधा केन्द्र, कलेक्ट्रेट सीतापुर को ई0वी0एम0 कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नं0-05862-298597 है जोकि चतुर्थ चरण के चुनाव हेतु दिनॉक 12.05.2024 से 14.05.2024 तक एवं पंचम चरण के चुनाव हेतु दिनॉक 19.05.2024 से 21.05.2024 तक लगातार 24 घण्टे कार्य करेगा। ई0वी0एम0 कन्ट्रोल रूम में अधिकारियों/कर्मचारियों को ई0वी0एम0 कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी शिफ्टवार नामित करने के साथ-साथ उनके सहयोग हेतु जन सुविधा केन्द्र, कलेक्ट्रेट, सीतापुर के कम्प्यूटर ऑपरेटर लगाये जाने के आदेश एद्द्वारा पारित किये हैं, जिसमें प्रभारी अधिकारी त्रिपुरारी प्रसाद पाण्डेय, चकबन्दी अधिकारी हैं, जिनका मो0नं0-8005324311 है।

सहायक प्रभारी अधिकारी में पवन सिंह, सहायक अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल सीतापुर हैं, जिनका मो0नं0-9453007426 है, जिनकी ड्यूटी प्रातः 06.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक हैं। इनके सहयोग हेतु जन सुविधा केन्द्र, कलेक्ट्रेट सीतापुर के कम्प्यूटर आपरेटर शुभम शर्मा, जिनका मो0नं0-8935043263 है। अजय प्रकाश वर्मा, सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय, रघुनाथपुर, वि0ख0 मछरेहटा हैं, जिनका मो0नं0-8957686209 है, जिनकी ड्यूटी अपरान्ह 02.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक है। इनके सहयोग हेतु जन सुविधा केन्द्र, कलेक्ट्रेट सीतापुर के कम्प्यूटर आपरेटर आलोक यादव, जिनका मो0नं0-6307724599 है। अंकुर शुक्ला, सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय, लखुवा बेहड़, वि0ख0 सकरन हैं, जिनका मो0नं0-9807884255 है, जिनकी ड्यूटी रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक है। इनके सहयोग हेतु जन सुविधा केन्द्र, कलेक्ट्रेट सीतापुर के कम्प्यूटर आपरेटर नवीन शर्मा, जिनका मो0नं0-6393139259 है।

### मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया।

सीतापुर । जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ श्रम अनुभाग-3 के पत्र दिनांक 27.03.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 27.03.2024 द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश 14 निगोशिएबुल इन्स्टूमेंट एक्ट 1881 (1881 का एक्ट संख्या 26) के अन्तर्गत आता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसे अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश/बन्दी दिवस घोषित करने का प्राविधान है।


जनपद सीतापुर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में दिनांक 13.05.2024 (सोमवार) को मतदान की तिथि घोषित है, जो सामान्य बन्दी दिवस नही है। अतः जनपद सीतापुर में स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठानों, प्रतिष्ठानों एवं कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मताधिकार का उपयोग किये जाने के उद्देश्य से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135ख में निहित प्राविधानुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान किया जायेगा तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, व्यवसायों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश/बन्दी दिवस रहेगा तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन कामगारों से काम नही लिया जाएगा।

### पानी की समस्या नगरवासियों के लिए जंजाल बनी।

बिसवां सीतापुर। भीषण गर्मी मे पानी की समस्या नगरवासियों के लिए जंजाल बनी हुई है लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार मौन हैं। कस्बा बिसवां के मोहल्ला कैथी टोला के एक दर्जन से अधिक परिवार बीते 20 दिनों से पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। पीड़ितों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा सप्लाई किये जाने वाले पानी पर ही वह लोग निर्भर हैं। बीते 20 दिन पूर्व पानी की सप्लाई लाइन खराब हो गयी थी। नगर पालिका द्वारा सप्लाई लाइन ठीक भी करा दी गयी परंतु उनके घरों मे पानी नही पहुंचा। जिस कारण भीषण गर्मी मे एक दर्जन से अधिक परिवार पानी की किल्लत से जूझने को मजबूर हैं तथा मजबूरन खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं। पीड़ितों ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर पानी की सप्लाई सुचारु रूप से चालू कराये जाने की मांग की है। पीड़ितों मे अभिषेक, हरिश्चंद्र मिश्र, अंजली अवस्थी, बिलाल खान, विनय कुमार त्रिपाठी, राकेश मिश्र, मो इस्माइल कादरी, सुनील कुमार गोविंद सारस्वत, मतीन अहमद, अशोक अवस्थी, सरिता, बबलू, शिव सागर शर्मा, सगीर खां, कल्लू खां, प्रभात बाजपेई, अफसर हुसैन कादरी आदि शामिल हैं।

# जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते जल निगम द्वारा बनवाई गई पानी टंकी से हो रही खेतों की सिंचाई ,लोगों को समस्या

### ग्रामीणों को पानी टंकी से पीने के लिए नही मिल रहा पानी





महमूदाबाद , सीतापुर ।

जनपद सीतापुर के विकास खंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत सोहरिया गांव में जल निगम द्वारा बनवाई गई पानी टंकी से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पीने का पानी और पानी टंकी से खेतों की कराई जा रही सिंचाई जिससे वहां के ग्रामीणों को समस्या हो रही है। और वहीं पर मौजूद कई ग्रामीणों समेत अन्य ने बताया कि सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यहां अभी तक ग्रामीणों को पीने को पानी नहीं मिला है । और खेतों की लगातार सिंचाई कराई जा रही है। यदि सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी इस पानी की टंकी पर थोड़ा सा भी ध्यान दें , तो यहां के भी ग्रामीणों को पीने के लिए पानी मिलने लगे। और वहीं पर पानी टंकी में कार्य कर रहे लोगों ने उदित कुमार यादव का नंबर देते हुए बताया कि इस मामले में इनसे बात कर लो। हम लोग इस मामले में कुछ नही जानते है। हम लोग लेवर है पानी टंकी में अधूरे पड़े कार्य को कर रहे हैं। जब उदित कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैं अभी बाहर हूं। और अभी कुछ देर बाद मौके पर पहुंच कर देख रहा हूं। तो वहीं उक्त पूरे मामले को लेकर जब जल निगम सौरभ सिंह जेई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है । और इस मामले की पूरी जानकारी कर के जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जायेगी।

# प्रशासन की उपेक्षा पूर्ण रवैए के चलते मेरा नामांकन पत्र का पर्चा दाखिल नहीं हो पाया: सतीश धुरिया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो



अम्बेडकरनगर।लोक सभा क्षेत्र 55 से निर्दल प्रत्याशी के रूप में सतीश धुरिया पुत्र मिठाई लाल धुरिया निवासी ग्राम-सेमरी कला तहसील लम्भुआ परगना चाँदा जनपदसुल्तानपुर का स्थायी मूल निवासी है।निर्दल प्रत्याशी सतीश धुरिया द्वारा निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए बताया गया कि जनपद अम्बेडकर नगर के लोकसभा 55 अम्बेडकर नगर क्षेत्र से निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने हेतु नामांकन पर्चा 02.05.2024 को लिया तत्समय ही जाति, निवास, जाति प्रमाण पत्र एवं हमारे समाज की पूर्वज, गोंड धुरिया समाज की आन, बान, शान गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती जी को लेकर अवहेलना किया गया तथा जाँच के नाम पर बार-बार डराया धमकाया जाता रहा। उपरोक्त घटना क्रमानुसार 02.05.2024 से आज दिनांक 06.05.2024 समय 2.00 बजे तक मेरे साथ होता रहा और मैं निर्वाचन कार्यालय का चक्कर लगातार लगाता रहा और मैं निर्वाचन कार्यालय से अपने प्रस्तावकों के वेरीफिकेशन के लिए दौडता रहा, लेकिन निर्वाचन कार्यालय में मौजूद अधिकारीगणों के द्वारा मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई। जबकि नामांकन पत्र का सारा प्रपत्र तैयार होने के बावजूद 10 प्रस्तावकों का चुनाव आयोग की तरफ से निर्धारित चालान (शुल्क) पर मुहर नहीं लगाया गया।जिसकी वजह से हमारा नामांकन प्रशासन की उपेक्षा पूर्ण रवैए के चलते मेरा नामांकन पत्र का पर्चा दाखिल नहीं हो पाया। और सिर्फ मुझे ही नहीं बल्कि आधा दर्जन निर्दल प्रत्याशियों को नामांकन से वापस कर दिया गया। मौके पर संजय गोंड, भोला गोंड सुनील कुमार गोंड, रणविजय गोंड कुलदीप नारायण गोंड, विजय गोंड, रामअचल गोंड, उमाशंकर गोंड ,पंचम गोंड, रामू गोंड, इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अवैध वसूली रोकने में हो रही कोताही

***प्राइवेट स्कूलों में री एडमिशन के नाम पर फीस वसूली पर कब प्रशासन लगाएगा रोक***

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।

जिले में नई शिक्षा नीति का घोर उलंघन होता हुआ नजर आया जन हित में स्कूल को शिक्षा का मंदिर कहा जाता है । लेकिन देश में प्राइवेट स्कूल संचालकों ने शिक्षा के मंदिर को शुद्ध व्यापार का रुप दे दिया है। जहां पर स्कूल संचालकों ने शिक्षा को बेचने के साथ साथ कापी ङ्क किताबें, यूनिफार्म, जूता, मोजे आदि बेचने की दुकान खोल ली है। इसको सही भाषा में कहा जाये तो लूट का अड्डा बन गए हैं प्राइवेट स्कूल।

ऐसा ही एक मामला अम्बेडकर नगर जनपद के डॉ अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज से सामने आया है। जहां पर स्कूल प्रबंधन द्वारा री एडमिशन के नाम पर फीस वसूला जा रहा है, जब बच्चों की पढ़ाई लगातार उसी स्कूल में हो रही है तो फिर परीक्षा के बाद अगली कक्षा में प्रवेश लेने पर री एडमिशन के नाम पर अभिवावकों से मोटी रकम वसूली का क्या औचित्य है। कुछ अभिवावकों के द्वारा विरोध करने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें बच्चें को हटाने की धमकी दी जाती है। यही नहीं बच्चों को विद्यालय से ही किताबें भी मुहैया करवाई जाती है,जबकि कापी किताबों पर तीस से चालीस प्रतिशत डिस्काउंट मिलना चाहिए। लेकिन यहां तो उल्टी गंगा बह रही है। अभिवावकों नें सोशल मीडिया के माध्यम से डॉ0 अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज के संचालक पर मनमानी करने का आरोप लगाया है।इसके अलावा स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रकाशकों की किताबों की जगह पर कमीशन खोरी के चक्कर में प्राइवेट प्रकाशकों की किताबें दी हैं।जबकि शिक्षा विभाग के नियम के अनुसार सभी स्कूलों में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रकाशकों की ही किताबें होनी चाहिए। इसको लेकर अभिवावकों नें हमें बताया कि हमें मजबूर किया जाता है कापी किताबें खरीदने के लिए। साथ ही कहा कि स्कूल प्रबंधन मनमाफिक दाम वसूल रहे हैं हम लोगों से। आपको यहां बता दें कि पहले एडमिशन के नाम पर भारी भरकम रकम वसूलते और दाखिले के बाद कापी किताबों के नाम पर लोगों को चूना लगा रहे हैं।प्राइवेट स्कूल संचालकों का आज के दौर में एक ही उद्देश्य बन गया है कि लूट लो जितना लूटना है। उन्हें पता है कि उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। क्योंकि हमारे जिले का सिस्टम बेचारा गुलाबी रंग को देखकर रहम दिल हो जाता है। जानकर भी कोई कार्रवाई नहीं करता। शिक्षा विभाग के नियमों की प्राइवेट स्कूल संचालक धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। कानून को ठेंगा दिखा कर अपनी दुकानें सजाकर बच्चों के अभिभावकों की जेबों में डाका डाल रहे हैं। चंद पन्नों की कापी किताबों को सैकड़ों रुपयों में बच्चों को दी जा रही हैं। अब आगे देखने वाली बात होगी कि अम्बेडकरनगर जिले का शिक्षा विभाग इस तरह के गोरखधंधा करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है।

# विपक्षी दलों के पास प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं:धर्मेंद्र प्रताप सिंह



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर ।लगातार जनपद में भाजपा नेताओं और प्रदेश शासन के मंत्रियों के दौरों से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग का संचार हो गया है।भाजपा कार्यकर्ता सांसद प्रत्याशी रितेश पाण्डेय के पक्ष में लोक सभा क्षेत्र में मेहनत से जनता के बीच में जाकर सम्पर्क कर वोट मांग रहे हैं।

भाजपा लोक सभा प्रभारी ने मंगलवार को अकबरपुर नगर मण्डल की बूथ संख्या 41 एवम 42 में पूर्व जिलाध्यक्ष रमा शंकर सिंह बजरंगी पाठक, शिव पूजन राजभर,अमित सिंह बूथ अध्यक्ष सूरज वर्मा,अनूप प्रजापति आदि कार्यकर्ताओं के साथ कोटवा महमूदपुर में घर घर भ्रमण कर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और अंबेडकर नगर लोक सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय को वोट देने का निवेदन किया।

भाजपा लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने जनसंपर्क करते हुए कहा कि विपक्षी दलों के पास प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार नहीं है और ना ही कोई देश के विकास की कोई नीति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने देश से गरीबी हटाने में बड़े बड़े जनहित के कार्यक्रम लागू किया है।आज हर गरीब परिवार के पास अपना पक्का मकान है।कोई भी गरीब परिवार भूखे पेट नहीं सो रहा है।उसे रहने को पक्का मकान,खाने को अनाज और पीने को शुद्ध जल सरकार उपलब्ध करा रही है।

भाजपा जिला/लोक सभा मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने उपरोक्त जानकारी दी है।

# सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर नहीं सुधार पा रहे

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। स्कूलों में शिक्षा का स्तर व अन्य चीजों की बेहतर देखरेख के लिए अकैडमिक रिसोर्स पर्सन की प्रकिया को लाया गया है। इस पद पर जनपद में 45 नियुक्तियां भी हो चुकी है परंतु केवल कागजों में ही इनका कार्य दिखाई दे रहा होगा जमीनी स्तर पर विद्यालयों की स्थिति जस की टेस्ट ही बनी हुई है, नए सत्र प्रारंभ होने के पश्चात प्राइमरी और जूनियर हाई स्कूल के विद्यालयों को अपनी नौकरी बनाए रखने के लिए छात्रों की संख्या के लिए गांव में भ्रमण कर छात्रों का प्रवेश दिलाया जाता है, जबकि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही गंभीर है परंतु शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ए आर पी की नियुक्ति में खास बात यह है कि इनका चयन मात्र एकेडमिक कार्य के लिए किया गया है। इनसे खंड शिक्षा अधिकारी कोई कार्य नहीं ले सकेंगे। यह अपनी रिपोर्टिंग बीएसए व डायट प्राचार्य को करेंगे। इस व्यवस्था में शिक्षकों को विद्यालयों को सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के लिए प्रति विकासखंड पर छह एकेडमिक रिसोर्स पर्सन होंगे। इनमें से पांच का चयन जनपद स्तर पर सीडीओ के नेतृत्व में गठित चयन समिति द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता के अंतर्गत सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को लिखित परीक्षा, मॉडल टीचिग, प्रदर्शन एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा इनका कार्यकाल एक वर्ष के लिए होगा। इनके कार्य के परिणामों को देखते हुए कार्यकाल बढ़ाया जाएगा। अधिकतम कार्यकाल तीन वर्ष का रखा गया है। इसके साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता का सारा दारोमदार इन्हीं के कंधों पर होगा। एआरपी के सदस्यों का मुख्य कार्य गुणवत्ता पोर्टल पर निर्धारित चेक लिस्ट के आधार पर प्रतिमाह 30 विद्यालयों का सपोर्टिव सुपरविजन करना होता है। इसके अलावा बच्चों में लर्निंग आउटकम के सापेक्ष संपर्क विकसित करने के लिए विकसित फाउंडेशन लर्निंग, ध्यानाकर्षण एवं शिक्षण संग्रह के आधार पर तैयार की गई रणनीति को विद्यालय में लागू कराना है।मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रत्येक ब्लाक में पांच-पांच शिक्षकों को एआरपी बनाया गया है। इन एआरपी का कार्य हर महीने अपने ब्लाक के 20 स्कूलों का दौरा कर शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में मदद करना है। हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान विषय पढ़ाने में आ रही दिक्कतों का समाधान करना भी इन्हीं के जिम्मे है । शिक्षकों की मदद के लिए भेजे गए ये एआरपी अब उन्हें प्रताड़ित करने लगे हैं।लोगों में विश्वास जगाया जाए कि स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का हरसंभव प्रयास होगा। स्कूली शिक्षा में सुधार की चर्चा पर अक्सर प्रतिक्रिया कुछ यूं होती है कि यह तो लगातार कहा जाता है, मगर स्थिति तो बद से बदतर होती जा रही है। इसे बदलने के लिए स्कूली शिक्षा को पहले सुधारना होगा तभी उच्च शिक्षा में बड़े स्तर पर गुणवत्ता सुधार संभव है। मीडिया द्वारा पूछे जाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र ने बताया कि जनपद में 45 ए आर पी है।

# हत्या कर हाईवे पर फेंके गए युवक की हुई पहचान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।

हत्या कर एक दिन पहले नेशनल हाईवे के किनारे फेंके गए युवक के शव की पहचान हो गई है। संतकबीरनगर जनपद के खलीलाबाद से युवक चार मई को लापता हुआ था। उसकी बाइक अगले दिन संतकबीरनगर बस्ती हाईवे पर मिली थी।नेशनल हाईवे पर भटपुरवा गांव के निकट रविवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला था। पुलिस की जांच में पिटाई के बाद हत्या की बात सामने आई थी। पहचान छिपाने के लिए ही शव यहां लाकर फेंक दिया गया। पुलिस को अनुमान था कि शव आजमगढ़ निवासी किसी व्यक्ति का होगा। लेकिन अब उसकी पहचान संतकबीरनगर जनपद के खलीलाबाद थाना अंतर्गत बसलोहिया निवासी संतोष प्रजापति (28) के रूप में हुई।बताया जाता है कि संतोष चार मई की दोपहर करीब बाइक से घर से निकला था, इसके बाद वह लापता हो गया था। पांच मई को खलीलाबाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। कुछ देर बाद ही लावारिस दशा में उसकी बाइक बस्ती हाईवे पर खड़ी मिली। इसी दिन बसखारी में उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने पहचान होने के बाद अब जांच की दिशा तेज कर दी है। युवक के भाई राकेश प्रजापति ने सोमवार को यहां पहुंचकर शव की शिनाख्त की। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# धन्नीपुर मस्जिद के नाम पर भी चंदे का धंधा शुरू, ट्रस्ट ने मुकदमा कराया दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या।धन्नीपुर गांव में आवंटित जमीन पर प्रस्तावित मस्जिद के नाम पर भी चंदे का खेल शुरू हो गया है। अयोध्या की कुछ बैंक शाखाओं में प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद के नाम पर फर्जी खाते खोल लिए गए हैं। मस्जिद ट्रस्ट ने इसको लेकर केस दर्ज करा दिया है। फर्जी खाता खोलकर सोशल मीडिया पर वायरल कर जिस मोबाइल नंबर से चंदा मांगा जा रहा है, वह सिम अल्खैर फाइनेंस के नाम से जारी हुआ बताया जा रहा है। पुलिस की साइबर सेल मामले की जांच में जुट गई है।

इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी जुफर फारूकी की ओर से तहरीर दी गई है। ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन और ट्रस्ट से जुड़े अरशद अफजाल खान ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक चित्र प्रसारित हो रहा है, जिसमें ट्रस्ट की प्रस्तावित मस्जिद मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र तथा अयोध्या श्रृंगारहाट स्थित एक बैंक और खाता का विवरण दिया गया है।

# दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।नाबालिक किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को मालीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। संबंधित



मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है जहां आरोपी युवक नाबालिक को बहला फुसला कर अपने साथ लेकर चला गया था। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तत्समय अकबरपुर कोतवाली अंतर्गत शहजादपुर पंडा टोला निवासी अंशु पुत्र जियालाल के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। मंगलवार को आरोपी युवक को मालीपुर पुलिस ने मालीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है। मालीपुर थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने बताया की आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

# आज बड़ा से बड़ा देश भारत की ओर आशा भरी नजर से देख रहा है :अनिल मिश्र

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई प्रमुख पदों पर रहकर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य के रूप में हिंदुत्व की अलग जगा रहे डॉ अनिल मिश्र ने कहा कि आज भारत के बढ़ते सामर्थ्य से आतंकी डर रहे हैं। रामलला के टाट पर बम फेंकने का साहस अब किसी में नहीं है। भगवान राम देश की आत्मा में बसते हैं इसलिए किसी रावण के हाथ भारत की सत्ता नहीं जाने देंगे।

श्री मिश्र रफीगंज बाजार में वरिष्ठ व्यापारी नेता संतोष गुप्ता के संयोजन में मंगलवार को आयोजित व्यवसाईयों की श्रेणी सह बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में व्यापारियों के समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में अब अच्छा वातावरण बन गया है। तमिलनाडु, आंध्र,सिक्किम से लेकर केरल तक समाज भले बिखरा है लेकिन भगवान राम ने सब की सोच बदल दी है। वहां के लोग भी मोर एंड मोर पीपुल्स लाइक मोदी की बात कर रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि परिस्थितियां अच्छी होने पर भी चद्दर तानकर नहीं सोना चाहिए। बीते 10 साल में देश काफी बदला है। पहले महिला, किसान और व्यापारी असुरक्षित थे। बाहर के व्यापारी यूपी आने से डरते थे लेकिन अब सूखा क्षेत्र झांसी में बाहरी व्यापारी निवेश कर रहे हैं।



पहले बिजली आने की खबर अखबारों में छपती थी और अब चले जाने की छपती है। यूपी में तकनीकी शिक्षा का घनघोर अभाव था अब उसे बदलने का काम सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि पहले मरीज को लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही सांस टूट जाती थी लेकिन अब अस्पताल, डॉक्टर,बेड और दवाओं के साथ जहां यातायात के साधन बेहतर हुए हैं वहीं गरीबों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। कहा कि जब किसी योजना के साथ समाज का अंतिम व्यक्ति जुड़ जाता है तब सारा देश जुड़ जाता है। आज बड़ा से बड़ा देश भारत की ओर आशा भरी नजर से देख रहा है। इसका श्रेय नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार को ही जाता है। जो मित्तल बंधु भारत छोड़कर कभी अमेरिका बस गए थे, अब वे भारत में उद्योग लग रहे हैं। सरकार की ही देन है कि घरों में गैस जल रही है और पेड़ बढ़ रहे हैं। कभी आतंक की फैक्ट्री रहा कश्मीर आज भारत मां की जय बोल रहा है। 10 साल पहले भारत के लिए सैटेलाइट सपना था और आज भारत पुत्र सूर्य की परिक्रमा कर रहा है। श्री मिश्र ने कहा कि आज राम मंदिर बनकर तैयार है जिसमें विरोधी भी दर्शन कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने मजबूत राष्ट्र में मजबूत सरकार के लिए सभी को शत प्रतिशत मतदान करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय यह भी है कि बिना किसी राजनीतिक दल के बैनर के संतोष कुमार गुप्ता इस कार्यक्रम में आसपास के व्यवसाईयों को लामबंद कर भारी भीड़ जुटाने में पूरी तरह सफल रहे। इसके सियासी निहितार्थ भी निकल जा रहे हैं।

गोष्ठी में लोकसभा प्रचारक राज किशोर, जिला प्रचारक शैलेंद्र, लोकसभा समन्वयक हर्षवर्धन, विधानसभा समन्वयक हृदयमणि मिश्र,उमापति, ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह के अलावा भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडेय सहित तमाम लोगों ने अपने विचार रखे। मौके पर कृपा शंकर गुप्ता, आलोक गुप्ता, बसंत लाल गुप्ता, अरविंद गुप्ता, आकाश गुप्ता, अनिल मोदनवाल, आजाद गुप्ता कल गुप्ता सौरभ गुप्ता वीरेंद्र गुप्ता, इंद्रेश गुप्ता, सकुन्दलाल गुप्ता, मुकुंद लाल गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, गोपीचंद गुप्ता, डॉ अशोक गुप्ता, राम प्रकाश यादव, सूर्यनारायण शुक्ला उर्फ कंपोटर शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में भिड़े छात्रों के दो गुट

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। राजकीय मेडिकल कॉलेज सदरपुर में छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। शनिवार रात के बाद रविवार आधी रात करीब फिर से जमकर हंगामा हुआ। मेडिकल कॉलेज प्रशासन पहले दिन हुए हंगामे के बाद भी कार्रवाई को लेकर मौन साधे रहा। अब मामला कॉलेज परिसर से बाहर पहुंच गया। अलीगंज थाने में दोनों गुटों ने एक दूसरे के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज करा दिया है। दोनों पक्ष की तरफ से हुई मारपीट में करीब आधा दर्जन छात्र घायल भी हो गए।राजकीय मेडिकल कॉलेज सदरपुर एक फिर से हंगामे की चपेट में है। यहां अलग-अलग जाति वर्ग के गुटों के बीच शनिवार रात कहासुनी व मारपीट हो गई। मेडिकल छात्रों के बीच हुई इस घटना में दोनों पक्षों की तरफ से मेडिकल कॉलेज प्रशासन से शिकायत की गई। आरोप है कि इस पर सुनवाई नहीं हुई तो रविवार रात एक बजे करीब एक गुट के छात्रों ने एकजुट होकर मारपीट व हंगामा शुरू कर दिया।सूचना मिलते ही अलीगंज पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंच गई। वहां प्राचार्य व अन्य शिक्षकों की मौजूदगी में तय हुआ कि सुबह दस बजे दोनों पक्षों को बुलाकर जरूरी निर्णय लिया जाएगा। हालांकि इससे पहले ही रविवार रात हंगामा करने वाले गुट से जुड़े छात्र अलीगंज थाने पहुंच गए। उन्होंने प्राचार्य द्वारा बुलाई गई मीटिंग का बहिष्कार कर दिया। एसओ अलीगंज मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो वहां दूसरे गुट के छात्र प्राचार्य कक्ष में मौजूद थे।इस बीच खबर मिली कि कुछ छात्र थाने पहुंच गए हैं तो थाना प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मी वापस थाने लौट आए। वहां थोड़ी देर बाद दूसरे पक्ष के लोग भी पहुंच गए। इसके बाद घंटों थाने में ही जोर आजमाइश का दौर दोनों पक्षों की तरफ से चलाया जाता रहा। भीम आर्मी पार्टी के लोग भी थाने पहुंचे और पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाया। हालांकि पुलिस टीम ने दोनों पक्ष की तरफ से तहरीर लेकर केस दर्ज कर लिया। इसमें करीब एक दर्जन छात्रों को नामजद किया गया है।मेडिकल कॉलेज में छात्रों के बीच शनिवार रात से शुरू हुए हंगामे को शांत कराने के बजाय कई शिक्षक मामले को तूल देते दिखे। ऐसे कई शिक्षक जाति के आधार पर छात्रों का समर्थन करते रहे। हद तो यह हुई कि ऐसे छात्रों की तरफ से केस दर्ज करने के लिए भी थानों में फोन किए जाते रहे। कई वरिष्ठ शिक्षकों ने संबंधित गुटों का समर्थन करने के लिए कई छात्रों को थाने भी भेजा। खबर है कि थाने से ऐसे शिक्षकों को करारा जवाब दिया गया। पुलिसकर्मियों ने कहा कि यदि इस तरह की हरकत शिक्षक भी करेंगे तो उनके खिलाफ भी केस दर्ज होगा। इसके बाद शिक्षकों द्वारा दबाव बनाया जाना कम हुआ।मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मेडिकोज के बीच हुए हंगामे व मारपीट को लेकर जांच कमेटी का गठन कर दिया है। दोनों पक्षों के कई छात्रों को तीन से छह माह के लिए प्रतिबंधित करने की तैयारी है। माना जा रहा है कि जल्द ही जांच टीम अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। इसके बाद प्रशासन की तरफ से समुचित निर्णय लिया जाएगा।

# नरेन्द्र मोदी जी द्वारा धार में आयोजित एक विशाल विजय संकल्प रैली को संबोधित किया लाखो लोग मोदी जी को सुनाने पहुंचे

जिला ब्यूरो धार/मो. 9424075866

धार। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज मंगलवार को धार में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस की राष्ट्रविरोधी एवं समाज को बांटने वाली मानसिकता पर जोरदार हमला बोला। इन आमसभा को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संबोधित किया।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि मेरे प्यारे भाइयों बहनों राम-राम से संबोधन शुरू। वारलू छे। नर्मदा मईया की जय... तीन बार नारा लगवाया। वालीपुर के सभी संतों को प्रणाम....

आप सभी अपना समय निकालकर मुझे आशीर्वाद देने आए है। मेरे लिए बहुत बड़े सौभाग्य की बात है और मै आपका बहुत बहुत आभारी हूं। आप सभी मेरा प्रणाम स्वीकार करिए। साथियों आज सुबह मैं मेरा कर्तव्य निभाने गया था। वोट डालकर आए है। वोट करने के बाद आपके पास आया हूं। मेरा हमेषा मत रहा है कि लोकतंत्र का यह उत्सव है। उत्सव के रूप में इसे मनाना चाहिए। हालांकि मैं धार में देख रहा हूं मेरी माता, बहने, बेटियां परंपरागत वेषभूषा में आई है। जैसे अपने परिवार में कोई अवसर हो ऐसे। यह लोकतंत्र का मिजाज है। बढ़िया वस्त्र की बात कही। लोकतंत्र का उत्सव मना दिया आप सभी ने।

लोकंतत्र और चुनाव लोकतंत्र का महापर्व होता है। और जब चुनाव में उत्सव का माहौल जब मन जाता है न तो मतदान तो बढ़ता ही बढ़ता है। लेकिन जो 18 साल से कम उम्र के बच्चे हैं घर में उन्हें लोकतंत्र और चुनाव के महत्व के बारे में जानकारी मिलती है। एक प्रकार से चुनाव एक संस्कार की प्रक्रिया भी है। लोकतंत्र के प्रति समर्पण को और अधिक प्रभावी बनाने का यह उत्सव है। धार के मेरे भाई बहनों ने यह माहौल जो बना दिया है उत्सव का, मैं धार के लोगों को बहुत बधाई देता हूं।

मेरा हमेशा मत रहा है कि लोकतंत्र का यह उत्सव है। उत्सव के रूप में इसे मनाना चाहिए। हालांकि मैं धार में देख रहा हूं मेरी माता, बहने, बेटियां परंपरागत वेषभूषा में आई है। जैसे अपने परिवार में कोई अवसर हो ऐसे। यह लोकतंत्र का मिजाज है। बढ़िया वस्त्र की बात कही। लोकतंत्र का उत्सव मना दिया आप सभी ने।

**बीच में मोदी-मोदी के नारे भी लगे।**

**18 साल से कम उम्र के लिए चुनाव एक संस्कार है**

लोकंतत्र और चुनाव लोकतंत्र का महापर्व होता है। और जब चुनाव में उत्सव का माहौल जब मन जाता है ना तो मतदना तो बढ़ता ही बढ़ता है। लेकिन जो 18 साल से कम उम्र के बच्चे हैं। घर में उन्हें लोकतंत्र और चुनाव के महत्व के बारे में जानकारी मिलती है। एक प्रकार से चुनाव एक संस्कार की प्रक्रिया भी है। लोकतंत्र के प्रति समर्पण को और अधिक प्रभावी बनाने का यह




उत्सव है। धार के मेरे भाई बहनों ने यह माहौल जो बना दिया है उत्सव का, मैं धार के लोगों को बहुत बधाई देता हूं।

इस दौरान मंच पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा श्रीमती निर्मला भूरिया, पार्टी की प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, पार्टी की प्रदेश मंत्री श्रीमती संगीता सोनी,जयदीप पटेल ,सांसद छतरसिंह दरबार, जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, विधायक श्रीमती नीना वर्मा, सुश्री ऊषा ठाकुर, कालूसिंह ठाकुर,धार प्रत्याशी श्रीमती सावित्री ठाकुर और रतलाम प्रत्याशी श्रीमती अनिता चौहान सहित पार्टी के अन्य गणमान्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

श्री मोदी ने कहा आज तीसरे चरण का मतदान चल रहा है। पहले चरण में विपक्ष पस्त पड़ गया था, दूसरे चरण में विपक्ष ध्वस्त हो गया था और आज तीसरे चरण में जो कुछ बाकी रह गया है, वो भी अस्त हो जाएगा। क्योंकि पूरे देश ने फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का मन बना लिया है। बाबा साहब का संविधान न होता तो मोदी इस जगह पर नहीं होता। यह बाबा साहब का संविधान हैं जिसके कारण जनता ने मुझे यहां तक पहुंचाया है नहीं तो आज भी एक ही परिवार का राज चल रहा होता। बाबा साहब के संविधान की ताकत है नामदार को हटाकर देश ने कामदार को बैठा दिया और यही वजह है कि कांग्रेस बाबा साहब से नफरत करती है। इसी नफरत में अब कांग्रेस ने एक और चाल चली है। कांग्रेस चाहती है कि संविधान बनाने का श्रेय बाबा साहेब को न मिले। कांग्रेस ने कहना शुरू कर दिया है कि संविधान बनाने में बाबा साहेब का योगदान कम और नेहरु जी की भूमिका ज्यादा थी। हिंदुस्तान का बच्चा बच्चा जानता है की संविधान में सबसे बड़ा योगदान बाबा साहब अंबेडकर का था। इन परिवारवादियों ने पहले देश का इतिहास तोड़ा-मरोड़ा और आजादी के महान सपूतों को भुला दिया। इन परिवारवादियों ने अपना महिमामंडन करने के लिए झूठा इतिहास लिखा और अब ये संविधान को लेकर भी झूठ गढ़ने लगे हैं । सत्य तो यह है की कांग्रेस का परिवार बाबा साहब अंबेडकर से घोर नफरत करता है। कांग्रेस ने अंबेडकर जी की राजनीति को खत्म करने के लिए हर साजिश रची थी। भाजपा सरकार ने कुछ वर्ष पहले बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न दिया था। मैंने बाबा साहब से जुड़े स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया है।

यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने कहा कि देश का आदिवासी समाज, हमारी आजादी और संस्कृति का सबसे बड़ा रक्षक रहा है। आदिवासी समाज ने ही एक राजकुमार को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम बनाया है। भारत में टंट्या भील और भीमा नायक की राष्ट्रभक्ति की परम्परा रही है लेकिन इस समृद्ध आदिवासी योगदान को कांग्रेस ने 60 वर्षों तक आगे आने नहीं दिया। जनता ने मोदी को प्रधानमंत्री चुना और भाजपा ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया तथा भाजपा देश के आदिवासी सेनानियों से जुड़े म्यूजियम बना रही है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उपस्थित जनसैलाब से स्थानीय लोकसभा उम्मीदवारों को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी बनाकर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने की अपील की।

***धार-झाबुआ सौभाग्यशाली यहां से मिला दो बहनों को मौका - डॉ. मोहन यादव***

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का राजा भोज की नगरी धार और मध्यप्रदेश की धरती पर आना सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने लोकसभा और विधानसभा में भविष्य में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है। धार-झाबुआ तो और सौभाग्यशाली हैं, यहां से हमारी दोनों प्रत्याशी बहनों को मौका दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब पहली बार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी आए थे, तो जननायक टंट्या मामा विश्वविद्यालय की सौगात दी थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को दुनिया भर में सुशासन वाले प्रधानमंत्री के तौर पर जाना जाता है। आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है और भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। आने वाले पांच सालों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाएंगे और 2047 तक भारत विश्व गुरू बनेगा। आने वाली 13 मई को धार से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री ठाकुर और रतलाम-झाबुआ से भाजपा प्रत्याशी श्रीमति अनिता चौहान को प्रचंड मतों से जिताकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथ को मजबूत करना है, ताकि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश का विकास निरंतर तेज गति से होता रहे और देश का मान-सम्मान बढ़ता रहे।

**धार यह रहे उपस्थित***

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि आयोजित जनसभा के दौरान मंच पर पूर्व मंत्री रंजना बघेल और राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, सरदार सिंह महेडा, इंदौर ग्रामीण जिला अध्यक्ष जयंत वर्मा, झाबुआ जिला अध्यक्ष भानू भूरिया, श्रीमती रंजना बघेल, नंदकिशोर पाटीदार, प्रभु राठौर, श्याम बंसल, जयपाल सिंह चावड़ा, बेलसिंह भूरिया, , श्रीमती संगीता पटेल एवं श्रीमती मालती मोहन पटेल उपस्थित रहीं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

138

## स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज भानपुरा की अगुवाई में पांच दिवसीय आदि शंकराचार्य जयंती महोत्सव 8 से 12 तक

सत्यनारायण बैरागी पत्रकार भानपुरा 9074859572



भानपुरा नि.प्र. आगामी बुधवार 8 से 12 मई तक आध्य शंकराचार्य जयंती महोत्सव पूरे उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। श्री मठ् भानपुरा से जारी जानकारी के अनुसार जगतगुरु सेवा समिति एवं समस्त भक्तगण इस आयोजन को मनाने हेतु कटिबंध है। 8 मई बुधवार प्रातः 8ः00 बजे पूजन पाठ एवं अभिषेक का आयोजन किया गया है एवं 9 से 11 मई तक प्रतिदिन विविध संगीतमय मय सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुतियां एवं नाम संकीर्तन कार्यक्रम जयपुर, भरतपुर व वृंदावन के कलाकारों द्वारा शाम 4ः00 से 6ः00 बजे से 9ः30 बजे तक किया जाएगा साथ ही 9 से 11 मई तक स्वामी श्री 11 ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज एवं युवाचार्य स्वामी श्री वरुणेंद्र जी तीर्थ महाराज के प्रवचन का लाभ भी उपस्थित श्रद्धालु जन प्राप्त कर पाएंगे। इस अवसर पर 12 मई को नगर भानपुरा के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## बैंक में ग्राहक ने बैंक मैनेजर को दी धमकी

### कर्मचारियों ने कराया बीच बचाव, बैंक मैनेजर की शिकायत पर ग्राहक के खिलाफ केस दर्ज

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मनोज सिंह /जिला ब्यूरो

टीकमगढ़।जिले के नगर परिषद बड़ागांव धसान के मध्य भारत ग्रामीण बैंक में ग्राहक और बैंक मैनेजर के बीच विवाद का मामला सामने आया है। जमीन को बैंक बंधक से हटवाने पहुंचे जालम सिंह परमार ने मैनेजर के साथ अभद्रता कर दी। बैंक में मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराया। यह पूरी घटना बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मैनेजर ने सोमवार को मामले की शिकायत की। इस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मध्यांचल ग्रामीण बैंक बड़ागांव के शाखा प्रबंधक विजय कुमार सोनी ने बताया कि शनिवार को भेंसवारी गांव निवासी जालम सिंह परमार बैंक आए। उन्होंने अपनी जमीन से बैंक की ओर से लगाया गया बंधक हटाए जाने की बात कही। भीड़ अधिक होने के कारण उनसे बैठकर इंतजार करने को कहा गया। इस बात से नाराज होकर उन्होंने गाली गलौज शुरू कर दी। मुझे मारने के लिए आए, लेकिन बैंक में मौजूद अन्य कर्मचारियों और ग्राहकों ने उन्हें पकड़ लिया। काफी देर तक वे बैंक में गाली गलौज करते रहे। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। यह पूरा मामला बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इसके बाद बैंक मैनेजर ने सोमवार को बड़ागांव थाने पहुंचकर जालम सिंह परमार के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी।

पुलिस ने दर्ज किया मामला : बैंक मैनेजर विजय सोनी की शिकायत पर बड़ागांव थाना पुलिस ने जालम सिंह परमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बड़ागांव थाना प्रभारी ने बताया कि जालम सिंह के खिलाफ धारा 294, 506 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## नगर निगम क्षेत्र के बीच सड़कों पर खड़े आवारा पशुओं से मिलेगी निजात - आयुक्त

### अपने पशुओं को बांधकर रखें, खुले में न छोड़े, कार्यवाही से बचे

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- नगर पालिक निगम सिंगरौली आयुक्त डीके शर्मा के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र शहर में साफ - सफाई, अवैध जगहो पर अतिक्रमण जैसे इत्यादि समस्याओं का निराकरण लगातार किया जा रहा है और वही बीच सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा आये दिन देखने को



मिलता था और पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाये होती रहती थी। वही मिली जानकारी के अनुसार विगत दिवस नगर निगम उपायुक्त राजस्व आरपी बैस के द्वारा शहर में निरीक्षण किया गया था जो आज सुबह शहर में जगह-जगह आवारा पशुओं को नगर निगम अमला द्वारा मोरवा के कुशमई मे नगर निगम द्वारा निर्मित गौशाला में पशु वाहन से पहुंचाया गया और वही बताया जा रहा है कि प्रतिदिन नियमित रूप से इस तरह की कार्यवाही जारी रहेगी। वही पशु मालिकों से अपील है कि अपने - अपने पशुओं को बांधकर रखें और खुले में न छोड़े, होने वाले परेशानियों से बचे।

## लूट की घटना का खुलासा कर आरोपिगणो को किया गिरफ्तार

कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो मंदसौर.

ज़ श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान अनुराग सुजानिया , श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय गौतम सोलंकी , श्रीमान एसडीओपी महोदय कीर्ति बघेल के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी भावगढ की टीम द्वारा थाना क्षेत्र में विगत दिनो अज्ञात व्यक्तियो द्वारा कि गई लुट कि घटना का खुलासा कर आरोपिगणो को गिरफ्तार कर घटना में लुटा गया मशरूका किया बरामद ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 22.04.2024 को फरियादी अरशद पिता आमीन खाँ निवासी मादरपुरा का अपने दोस्त आदील के साथ ग्राम नान्दवेल में सामान देकर वापस मन्दसौर जा रहा था जिसे नान्दवेल से आगे भावगढ रोड़ पर सिफ्ट गाड़ी क्र. स्क्क14 ष्ठ 3354 में आये चार लोगो द्वारा फरियादी को रोका गया व उसके पास से लुट कर 19500 रू. , एक टेम्पो की स्टेपनी (टायर) , 03 छोटे प्लास्टिक के ड्रम , टेम्पो की बैटरी ले गये जो फरियादी की रिपोर्ट पर थाना भावगढ पर अपराध क्र. 87/2024 धारा 392,341,34 भादवि. का कायम कर अज्ञात आरोपियो की तलाश की जाकर विवेचना में आये साक्ष्यो के आधार पर आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया व लुटा गया मशरूका जप्त किया गया प्रकरण में आरोपिगणो







का पीआर लिया जाकर विवेचना जारी है ।

गिरफ्तार सुदा आरोपियानः- 1. अंकित पिता भगवान सिहं राठौर उम्र 29 वर्ष निवासी अग्रसेन नगर थाना कोतवाली मन्दसौर

2. विरेन्द्र सिहं पिता भंवरसिंह राजपुत उम्र 34 वर्ष निवासी काचरियादेव

3.महेन्द्र सिंह पिता होकम सिहं उम्र 31 वर्ष निवासी 500 क्वार्टर मन्दसौर

4. मंगल सिहं पिता बलवन्त सिहं उम्र 28 वर्ष निवासी लिम्बावास

जप्तशुदा मश्रुका - 01. एक मारूती सुजुकी सिफ्ट कार क्र. स्क्क14 ष्ठ 3354 , एक टेम्पो की स्टेपनी (टायर) , 03 छोटे प्लास्टिक के ड्रम , टेम्पो की बैटरी , नगदी रू. जप्त किये गये ।

सराहनिय कार्यः- थाना प्रभारी निरीक्षक रानी बेग , उपनिरीक्षक बलवीर यादव ,सउनि हीरालाल अटोरिया , प्र.आर.374 सुनिल तोमर , आर. 853 नागेश्वर पाटीदार , आर. 695 देवेन्द्र लबाना ,आर. 314 यशवंत , आर.508 अनिल पाटीदार , आर. 919 हेमन्त चौहान का विशेष योगदान रहा और पुलिस के द्वारा कुख्यात बदमाश आरोपियों के खिलाफ आगे की ठोस कार्रवाई चल रही है।

### नगर निगम आयुक्त ने की टीएल पत्रो की समीक्षा

## अनुपयोगी नल कनेक्शनो को चिन्हत कर करे बंद करने की कार्यवाही - शर्मा



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डीके शर्मा के द्वारा सप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित कर नगरीय क्षेत्र में चल रहे कार्यो की समीक्षा की गई। निगमायुक्त श्री शर्मा के द्वारा नगरीय क्षेत्र में पेयजल उपलंब्धता की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डो में समुचित पेयजल उपलंब्ध कराया जाये। इसके साथ ही निगमायुक्त ने निर्देश दिये कि एक दल गठित कर अनुपयोगी नल कनेक्शनो को चिन्हित कर उन्हे बंद कराने की कार्यवाही करे। उन्होने विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि वार्डो सर्वजनिक स्थलो तथा पार्को में प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराये जहा पर स्ट्रीट लाईट खराब पड़ी तत्काल उनका सुधार कार्य कराये जाने की कार्यवाही करे। निगमायुक्त के घर घर कचरा संग्रहण की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये गये कि वार्डो कचरा संग्रहण करने वाली गाड़िया समय पर पहुचे इसी निगरानी की जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये घरो से निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग रहे इसके लिए वार्डो वासियो को जागरूक किया जाये। उन्होने कहा कि नगरीय क्षेत्र में संचालित मेडिकल स्टोरो से निकलने वाला मेडिकल वेस्ट तथा सामान्य कचारा अलग अलग रखा जाये तथा मेडिकल वेस्ट के विनिष्टीकरण की जिम्मेदारी संबंधित मेडिकल स्टोर संचालक की रहे।साथ ही निर्देश दिये गये कि शहरी क्षेत्र में कम से कम 500 दुकानो में डस्टबीन रखने का नवाचार किये जाने के साथ ही ऐसे दुकानदार जिनके द्वारा अपने डस्टबीन का उपयोग नही किया जा रहा उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाये। नगर निगम आयुक्त निर्देश दिये कि आकास्मिक दुर्घटनाओ को दृष्टिगत रखते हुये हर समय कम से कम दो फयर ब्रिगेड हमेशा तैयार रहे। नगर निगम आयुक्त श्री शर्मा के द्वारा आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुये सभी जोनो के सहायक यंत्रियो को निर्देश दिये कि अपने अपने क्षेत्र के जल भराव वाले स्थलो को चिन्हित कर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करे तथा अपने क्षेत्र के नाले नालियो साफ सफाई कराया जाना सुनिश्चित करे ताकि वर्षा के दौरान सुगमता से वर्षा जल की निकाशी हो सके।नगरीय क्षेत्र के ऐसे प्रतिष्ठान दुकान जो बिना फायर एनओसी के संचालित है उन्हे चिन्हित कर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाये। नगर निगम आयुक्त ने निर्देश दिये कि आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाली लोक अदालत के नगर निगम से संबंधित अधिक से अधिक प्रकरणो का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान नगर निगम कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, उपायुक्त वित्त सत्यम मिश्रा सहित सहायक यंत्री उपयंत्री आदि उपस्थित रहे।



## पूर्व कैबिनेट मंत्री दत्तीगांव बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवो में करेंगे जनसंपर्क,

ज़िला ब्यूरो धार

मो. 9424075866

बदनावर। मध्य प्रदेश के पूर्व उद्योग मंत्री व पूर्व विधायक राजवर्धन सिंह दत्तीगांव बुधवार को बदनावर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में जनसंपर्क करेंगे।

जानकारी के अनुसार दत्तीगांव सुबह 9ः00 बजे छायन, 10 बजे लिलीखेडी, 11 बजे सेमलखेड़ा, 12 बजे दोत्रिया झिकली, 1 बजे ढोलीकुंआ, 2 बजे भैंसोला, 3 बजे मुंगेला, 3.30 बजे खईडिया, 4 बजे गुंदीखेड़ी, 5 बजे डेलची, 6 बजे हुनमत्या, 7 बजे सांगवी, 7.30 बजे मांगलिया, 8 बजे निंदवानीय व 9 बजे बखतगढ, पहुंचेंगे। वहां नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। दत्तीगांव के साथ भाजपा के नेता, मंडल अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ता रहेंगे।

# सब्जी मंडी में शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग, रेलमार्ग हुआ दो घंटे बाधित

### पांच दमकलों ने बमुश्किल आग पर पाया काबू पाया, लाखो रुपयों का नुकसान

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। कस्वा राया के रामलीला मैदान स्थित सब्जी मंडी काठ बाजार में सोमवार की रात्रि शार्ट सर्किट से आग लग गयी। इस दौरान रामलीला मैदान रेलवे लाइन के सहारे रखे 40 से अधिक काठ के खोखे जलकर खाक हो गये जिसमे दुकानदारों का लाखो रुपयों का नुकसान हो गया। मोके पर पांच दमकल की गाड़ी और स्थानीय लोगो ने आग पर पानी डालकर बमुश्किल काबू पाया । सूचना पर मांट महावन तहसील के एसडीएम सीओ पुलिस प्रशासन मोके पर पहुच गए।बीतीरात रात्रि के करीब दो बजे सब्जी मंडी में लगे विद्युत पोल में शॉर्ट शर्किट से आग लग गयी। इस दौरान केबिल से प्लास्टिक आग के साथ दुकानों के ऊपर टपकने लगी दुकानों के ऊपर पड़े छप्परों ने अचानक आग पकड़ ली देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। राहगीरों द्वारा शोर करने पर आग लगने की जानकारी होते ही घरों में सोते लोग रेलवे रोड की तरफ दौड़ने लगे। सूचना पर थाना प्रभारी अशोक कुमार मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुच गए और उन्होंने फायर विग्रेड को घटना की सूचना दी। घटना के एक घण्टे बाद पहुची दमकलों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया तब तक सभी दुकाने जलकर खाक हो गयी। इन काठ के खोखो में दुकानदार पवन अग्रवाल रामू भट्ट कालीचरन अग्रवाल भूरा शर्मा टिल्ला अग्रवाल रंजीत , अवधलाल अमरचंद अशोक शीलेन्द्र किशन पटुआ वीरपाल आजाद भोला चन्दा आदि लोग हलवाई चाय सब्जी की दुकानें चलाकर अपना गुजारा करते है। घटना की जानकारी होते ही एसडीएम क्षेत्राधिकारी मांट महावन नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा रामलीला कमेटी अध्यक्ष भूपेश अग्रवाल सहित व्यापारी वर्ग के लोग व अन्य कई थानों का फोर्स घटनास्थल पर पहुच गया।

### दो घण्टा बन्द रहा रेल संचालन

कस्वा राया में रेलवे लाइन के सहारे काठ के खोको में आग लगने की वजह से रेल संचालन करीब दो घण्टे बन्द रहा। अंदर जगह न होने के कारण





फायर बिग्रेड की गाड़ियां हाथरस मथुरा मार्ग पर खड़ी होकर रेलवे लाइन के ऊपर से पानी के पाइप से आग बुझा रही थी। इस दौरान कासगंज की तरफ से आने वाली गाड़ियों को कोयल फाटक तो मथुरा की तरफ से आने बाली गाड़ियों को रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया । इस दौरान यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

### दमकल की गाड़ियां राया में खड़ी करवाने की मांग

राया के रेलवे रोड पर काठ बाजार में आग लगने के दौरान घटना के एक घंटे विलंब से पहुची दमकल की गाड़ियां अगर समय से घटनास्थल पर पहुच जाती तो इतनी बड़ी हानि नही होती। मांट में फायर स्टेशन होने की वजह से दमकल गाड़िया एक घण्टे की देरी से पहुची । राया में दिवाली वाले दिन गोपालबाग मैदान में लगे आतिशबाजी बाजार की घटना से लोग उबर नही पाए कि यह दूसरी घटना घटित हो गयी जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगो ने दो गाड़ियां फायर बिग्रेड की थाना राया में खड़ी करवाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

लोगो ने की एसएसपी की सराहना

कस्वे के रेलवे रोड काठ बाजार में लगी आग की घटना को देखकर लोगो ने अधिकारियों को फोन करने शुरू कर दिए। स्थानीय लोगो ने डीएम मथुरा एसडीएम मांट महावन सहित अधिकारियों को फोन मिलाये लेकिन किसी अधिकारी ने लोगो के फोन नही उठाये। अंत मे लोगो ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे को फोन मिलाया तत्काल उन्होंने फोन रिसीव किया और घटना की जानकारी लेकर कंट्रोल रूम को सूचित किया। इसके बाद आला अधिकारी राया की तरफ दौड़ते दिखायी दिए जिसकी सराहना क्षेत्रीय लोग करते देखे गए।

### दमकल गाड़ियां एक घण्टा देरी से पहुचने पर आक्रोशित लोगों ने मुर्दाबाद के लगाए नारे

रेलवे रोड के सहारे काठ के खोखो में लगी आग के दौरान फायर स्टेशन पर फोन करने के बाबजूद फायर विग्रेड की गाड़ियां एक घण्टा देरी से पहुचने पर पुलिस को आक्रोशित लोगों के कोप का भाजन बनना पड़ा। गुस्साए लोगों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। घटना के एक घण्टे बाद दमकलें राया पहुची और आग पर बमुश्किल काबू पाया तब तक सभी दुकाने धू धू कर जलकर राख हो चुकी थी।

# जिला गंगा, पर्यावरण, वृक्षारोपण समिति संग डीएम ने की बैठक




मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने डीएफओ को निर्देश दिए कि जनपद में मथुरा में ब्रज के विरासत वृक्ष लगाने की कार्य योजना तैयार की जाए और उक्त योजना पर कार्य करना सुनिश्चित करें। मथुरा के विरासत वृक्षों की टेस्टिंग की जाए और ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए।

बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीआईओएस, डीपीआरओ, डीपीओ को निर्देश दिए कि स्कूल, डिग्री कॉलेज, गंगा गांव तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए। जिलाधिकारी ने यमुना के किनारे स्थित समस्त गांव एवं घाटों की साफ सफाई के निर्देश दिये तथा वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करे। जिन विभागों को पूर्व में लक्ष्य प्राप्त हुआ था वे सभी विभाग अपने अपने क्षेत्रों में गड्ढा खुदवा लें, जिससे वृक्ष लगाने में कोई समस्या न आए।

इसी क्रम में नगर विकास विभाग डूडा के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी को उप जिलाधिकारी आदेश कुमार ने विभाग द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आगामी किस्त शीघ्र जारी की जाएगी। सभी ईओ अपने अपने क्षेत्रों में फॉगिंग तथा नालों की साफ सफाई करें, जिससे आगामी दिनों में आने वाली वर्षा से कोई समस्या न हो। अपनी अपनी कार्य योजना तैयार करें, साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, स्ट्रीट लाइट प्रोपर कार्य करे, प्रकाश लाइट की व्यवस्था की जाए, अपने अपने नगर क्षेत्रों को सुंदर बनाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू राही, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, डीएफओ रजनी कांत मित्तल, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा विजय कुमार पांडेय, डीपीआरओ किरन चौधरी, बीएसए सुनील दत्त, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूदेव सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इन्डिया गठबन्धन के कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर फीता काटकर मौजूद जनता के बीच व्यक्त किये

**इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया दैनिक**

**केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायण गुप्ता**

बाराबंकी 7 मई - दस सालो की मोदी सरकार ने देश की आवाम की उम्मीदो पर हसीन सपने दिखाकर पानी फेरा है संसदीय क्षेत्र की जनता भाजपा को हटाकर इन्डिया गठबन्धन के प्रत्याशाी को जिताकर इतिहास बनााने जा रही है आप सभी कर्मयोगी विकास पुरूष स्व0 बेनी बाबू की फौज के वह सिपाही है जिन्होने विपरित परिस्थितयो में जीत का परचम फहराया है आज की परिस्थितयां आपके अनुकूल है विकास, खुशहाली, तरक्की के लिये इन्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को अपना आर्शीवाद देकर रिकार्ड मतो से विजयी बनावे यही निवेदन करने में समाजवादियो और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो की धरती हरख पर करने आया हूँ। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनियाने आज विधानसभा क्षेत्र जैदपुर के विकास खण्ड हरख के ग्राम हरख में पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह के साथ इन्डिया गठबन्धन के कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर फीता काटकर मौजूद जनता के बीच व्यक्त किये।

जनसम्पर्क अभियान के इसी क्रम में इन्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने विकास खण्ड त्रिवेदीगंज में व्यापक जनसम्पर्क अभियान चलाकर मतदाता से इन्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसम्पर्क अभियान के दौरान तनुज पुनिया ने स्थानीय आवाम से कहा कि इन्डिया गठबन्धन की सरकार बनते ही देश के अन्नदाता का कर्जा माफ किया जायेगा, गरीब परिवार की एक महिला को 8500 रूपये महिना दिया जायेगा, बेरोजगार डिग्री धारक, नौजवानो को 1 लाख रूपये सालाना दिया जायेगा, किसान की फसल का स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार समर्थन मूल्य दिया जायेगा, मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 400 रूपये होगी इस बात की गारन्टी कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में दिया है और



वही गारन्टी कार्ड जो आपको दिये गये है इसमें कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय और 25 गारन्टीयो का जिक्र किया गया है। आप अपने परिवार की खुशहाली के लिये इन्डिया गठबन्धन को वोट देकर प्रत्याशी को भारी मतो से विजयी बनाये। जनसम्पर्क अभियान के दौरान प्रत्याशी तनुज पुनिया ने विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम भिलवल, खानपुर, छन्दरौली, मकनपुर, शिवनाम, बहादुरपुर, करमेमऊ, कनवा, देवगढपुर, मिश्रनपुर, बडवलनगर, रायपुर, खजुरी, टिकरा, रानीखेर, सहावर, कोलहदा, हसनपुर आदि गांवो मे व्यापक जनसम्पर्क कर कांग्रेस पार्टी का गारन्टी कार्ड आवाम को देकर इन्डिया गठबन्धन के पक्ष मे पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। जनसम्पर्क अभियान के दौरान विकासखण्ड त्रिवेदीगंज के अध्यक्ष सुशील वर्मा, मास्टर सईद, रामरूप यादव, परशुराम यादव, सहित दर्जनो की संख्या में इन्डिया गठबन्धन के कार्यकर्ता मौजूद थे। विकास खण्ड हरख में इन्डिया गठबन्धन के कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया के साथ प्रमुख रूप से पूर्व प्रमुख हरख सुरेन्द्र सिंह वर्मा, विधानसभा समाजवादी पार्टी अध्यक्ष शानू, ब्लाक अध्यक्ष समाजवादी पार्टी केशवराम वर्मा, कांग्रेस ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष सन्त शरण वर्मा, अजीत वर्मा, धीरेन्द्र वर्मा, अमीर सिंह, रूप नरायण वर्मा, फूलचन्द्र वर्मा, मो0 इजहार, फतेह मोहम्मद, गयासुद्दीन प्रधान, शिवराम यादव प्रधान, शिव सिंह पूर्व प्रधान, राम प्रकाश यादव, डा0 रमेश चन्द्र, जसवंत वर्मा, पुत्तू लाल वर्मा सहित सैकडो की संख्या में मौजूद थे।

# मतदाताओं ने सड़क नहीं तो वोट नहीं का दिया नारा ,चुनाव के बहिष्कार की दी चेतावनी

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह की रिपोर्ट**



झांसी के गुरसराय के ग्रामीणों ने अभी से चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है।मंगलवार 7 मई को टहरौली तहसील परिसर में ग्राम सैरिया के ग्रामवासियों ने पहुँचकर सड़क निर्माण की मांग को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।ग्रामीण अपने क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण न होने की दशा में चुनाव बहिष्कार का मन बना चुके है।ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम सैरिया तिराहा से अतरसुवां तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण किया जा रहा है उक्त संपर्क मार्ग में ग्राम अतरसुवां में तालाब से स्कूल के मध्य लगभग तीन सौ मीटर सड़क का निर्माण नहीं है जिस कारण ग्राम सैरिया,अचौसा,खिरिया,खलार,सेमरी जौरी,बरमपुरा,खिदरपुरा,करगुवाँ,अतरसुवां सहित अन्य ग्रामवासियों को बरसात के समय में तहसील मुख्यालय टहरौली जाने के लिए परेशानी होती है एवं बरसात के समय में गर्भवती महिलाओं के इलाज एवं वृद्धजनों के आकस्मिक इलाज हेतु अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है हालात ऐसे बदतर हो जाते हैं कि एंबुलेंस,फायर ब्रिगेड एवं स्कूली बच्चों के वाहन दलदल में फंस जाते हैं कई बार इसकी शिकायत शासन एवं प्रशासन से की जा चुकी है इसके बावजूद भी अभी तक समस्या का कोई भी समाधान नहीं किया गया है मंगलवार 7 मई को ग्राम पंचायत सैरिया के मतदाताओं ने लोकसभा निर्वाचन 2024 का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग को लेकर अड़े हैं।ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क से करीब दस से अधिक गांव जुड़ें हुए हैं।प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण इस जर्जर सड़क पर होकर गुजरते हैं।बारिश के दिनों में तो सड़क की हालत बेहद खराब हो जाती है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सड़क का निर्माण नहीं कराया जाता है।तो लोकसभा निर्वाचन 2024 का बहिष्कार किया जाएगा।ज्ञापन में सुमन देवी ग्राम प्रधान सैरिया,मीरा देवी ग्राम प्रधान अतरसुवां,छक्की लाल पूर्व प्रधान,चंद्रपाल सिंह,भारत सिंह,मोहनलाल,अरविंद पटेल,ओमप्रकाश पटेल,पुष्पेंद्र पाल, हरसहांय पटेल,ओम प्रकाश पटेल, धर्मेश पटेल,राजेंद्र सिंह,जानकी प्रसाद,अखिलेश कुमार,महेंद्र सिंह, जगदीश सिंह,नंदकिशोर,जगराज, उमाशंकर,पारीक्षित पाल,राघवेंद्र, मोहन,हरिओम मिश्रा,हरिओम पटेल, अशोक कुमार,रामनारायण,प्रमोद सिंह,कुंवर लाल,राजेंद्र पटेल,हरिराम पटेल,गुमान बरार,शत्रुघ्न सिंह पटेल, राकेश कुमार पटेल,प्रमोद कुमार, मुन्नालाल,राधाचरण नायक,राजेंद्र अहिरवार,घनश्याम अहिरवार, अभिलाष सिंह निरंजन,हरिशंकर, पुरुषोत्तम,केशव,अमन पटेल,राधा चरण नायक,रामचरण पटेल, रामपाल, तेज सिंह,जानकी बरेठा,पूरनलाल अहिरवार,लक्ष्मी,सविता के हस्ताक्षर थे। इस संबंध में जब उप जिलाधिकारी टहरौली अबुल कलाम से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में कार्रवाई के लिए आदेश कर दिया गया है।

# करही में हो रहा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन



### खनिज विभाग बना मूकदर्शक

हसौद/जैजैपुर–

जैजैपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत करही में महानदी से रोजाना सैकड़ों ट्रिप ट्रैक्टर रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है।महानदी का सीना चिर कर इन दिनों रेत माफियाओ द्वारा रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन खुलेआम किया जा रहा है। अवैध उत्खनन से जहां प्रशासन को लाखों,करोड़ों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है।इसके साथ ही नदियों के अस्तित्व पर संकट भी गहराता जा रहा है। कई जगह नदियों में बेतरतीब खनन से गड्ढे इतने बढ़ गए हैं कि वहां जनजीवन पर भी इसका असर दिखने लगा है।लेकिन खनिज विभाग अवैध रेत खनन पर लगाम लगाने में असफल साबित हो रहे हैं।

### पर्यावरण विभाग के मंत्री ओपी चौधरी के निर्देशों को ठेंगा दिखा रहे खनिज विभाग

छत्तीसगढ़ में विधानसभा सत्र के दौरान अवैध रेत उत्खनन का मामला उठा था जिसमें वित्त एवं पर्यावरण मंत्री एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी ओपी चौधरी ने स्पष्ट रूप से कहा था कि जहां भी अवैध रूप से रेत उत्खनन हो रहा है वहां तत्काल कार्रवाई की जाएगी। लेकिन सक्ति जिले के खनिज अधिकारी पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के बयानों को हल्के में ले रहे हैं और सरकार से इन्हें कोई डर नही है।

### सक्ति जिला खनिज संपदा से भरपूर

सक्ति जिला अंतर्गत जैजैपुर ब्लाक में ग्राम पंचायत छितापड़रिया,खम्हरिया, झालरौंदा एवं अकलसरा में डोलोमाइट पत्थर खदान संचालित है। जहाँ खदान संचालकों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर खनिज विभाग, पर्यावरण विभाग एवं बीजेपी की सरकार को ठेंगा दिखाने में कोई कसर नही छोड़ रहे हैं।बावजूद इसके खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एवं सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठकर कुछ नही कर रहे हैं। जिले के खनिज अधिकारी को सरकार से भी कोई डर नही है और सरकार की छबि धूमिल करने में कोई कसर नही छोड़ रहे हैं।

### खनिज विभाग कई मामलों में सवालों के घेरे में

अभी हाल ही में लगातार अवैध ईंट भट्ठों की खबर चली खनिज अधिकारी मौन रहे, अवैध डोलोमाइट पत्थर उत्खनन एवं परिवहन की खबर चली खनिज विभाग के अधिकारी मौन रहे एवं अब अवैध रेत उत्खनन का मामला है तब भी खनिज विभाग के अधिकारी तमाशबीन बने बैठे हैं ऐसे में खनिज विभाग की कार्यशैली कई सवालों को जन्म दे रही है।अगर अवैध कार्यों में अंकुश लगाने में खनिज विभाग नाकाम है तो फिर इस विभाग का क्या काम है? खाली जनता के टेक्स के पैसों से वेतन लेने का काम है तो फिर इसका जिम्मेदार कांग्रेस एवं मौजूदा सरकार दोनों हैं जो कहती है हम भ्रष्टाचार बर्दास्त नही करेंगे और दोनों के सरकार में भ्रष्टाचार हुआ है। रमन सरकार में चाहे वो नान घोटाला का मामला हो या कांग्रेस में पीएसी एवं शराब घोटाला हो ।वर्तमान में बीजेपी सरकार के अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी खुलेआम अवैध कार्यों को बढ़ावा देने में कोई कसर नही छोड़ रहे हैं।एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नही करूँगा बोलते हैं लेकिन छत्तीसगढ़ में उनकी बात झूठ साबित करने में मौजूदा सरकार एवं खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कोई कसर नही छोड़ रहे हैं।

### *वर्जन–*

मैं अभी बिजी हूँ आपको शाम को फोन करता हूँ।

सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र चौहान करही